2 फरीदाबाद
लापरवाही या भ्रष्टाचार : ग्रेटर फरीदाबाद को मिला बड़ा नाम पर दर्शन छोटे

6 अभिमत
किसानों को सीधे भुगतान जरूरी

9 देश/विदेश
राष्ट्रीय शिक्षा नीति अत्याधुनिक और वैश्विक मानकों के अनुरूप : मोदी

11 स्पोर्ट्स
दिल्ली के खिलाफ राजस्थान की नजरें कप्तान सैमसन पर

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 69
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 15 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



महाकवि कालिदास की आराध्य देवी है उज्जैन में विराजमान

पेज - 12

तृतीय माता चंद्रघंटा



मणिपुर चक्र में इनका ध्यान किया जाता है। कष्टों से मुक्ति और मोक्ष प्राप्ति के लिए इन्हें भेजा जाता है।

मंत्र- 'ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं चंद्रघंटायै नमः।'

● विस्तृत सामग्री पेज-12

कुंभ मेले की समाप्ति को लेकर चली चर्चा बंद

## 48 घंटे में मिले 1000 कोरोना पॉजिटिव, 30 तक चलेगा मेला

एजेंसी। हरिद्वार

**हरिद्वार** कुंभ की अधिकारिक अवधि 30 अप्रैल तक ही रहेगी। कोविड संक्रमण के खतरों को देखते हुए सरकार ने मेला जल्द समेटने की अटकलों को खारिज कर दिया है। दूसरी तरफ भीड़ कम होने के कारण एक-दो दिन में फोर्स की वापसी भी शुरू हो जाएगी। बता दें कि इससे पहले सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा था कि बुधवार को ही कुंभ मेला खत्म हो सकता है।

बुधवार को हरिद्वार कुंभ का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव बैसाखी पर्व संपन्न हो गया है। इसी के साथ चर्चाएं चल निकली थीं कि सरकार कुंभ मेला समय से पहले समाप्त कर सकती है। हालांकि नोडल विभाग और शहरी विभाग में अभी ऐसी कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है। सचिव शहरी विकास शैलेश बगौली ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल मेला अवधि 30 अप्रैल तक ही है। इसे घटाने पर विभाग के स्तर से कोई प्रस्ताव नहीं है। सूत्रों के मुताबिक सरकार आने वाले दिनों में कोविड संक्रमण की रफ्तार को देखते हुए इस पर अंतिम निर्णय लेगी। इधर, गत चार दिन से हरिद्वार में डेरा डाले डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि कुंभ का मुख्य स्नान बुधवार को समाप्त हो गया है। इस कारण फोर्स की वापसी एक दो दिन में शुरू हो जाएगी। अब 30 अप्रैल तक केंद्रीय बलों सहित आधा फोर्स ही हरिद्वार में रहेगा, शेष बल अपने अपने पड़ाव पर वापस लौट जाएंगे। डीजीपी ने बताया कि बुधवार को बीते 12 अप्रैल के स्नान के मुकाबले कम भीड़ रही। इससे आने वाले दिनों में भी भीड़ सामान्य रहने के आसार है।



### नहीं हो रहा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन

उत्तराखंड पुलिस के प्रमुख अशोक कुमार ने कहा कि दोपहर तक लगभग 10 लाख लोगों ने नदी में स्नान किया। कुंभ में कोई सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं हो रहा है और न ही कोई साधु या उनके अनुयायी घाट पर मास्क लगाए हुए नजर आ रहे हैं। वे ऐसे ही घाट पर घूमते और नदी में डुबकी लगाते हुए नजर आते हैं। बता दें कि उत्तराखंड में मंगलवार को 1,925 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। यह एक दिन में सामने आए संक्रमितों की सबसे ज्यादा संख्या है। इसके अलावा हरिद्वार में दो दिन में 1,000 मामले सामने आए हैं।

### एनजीटी ने वायु प्रदूषण रोकने के लिए राष्ट्रीय बल का गठन

**नई दिल्ली।** हर साल वायु प्रदूषण से देश में करीब 15 लाख लोगों की मौत का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने वायु गुणवत्ता की स्थिति में सुधार को लेकर प्रभावी कदमों की निगरानी के लिए आठ सदस्यीय राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) का गठन किया है।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति एके गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि समय की मांग है कि सरकार में सभी स्तर पर समग्र और समन्वित प्रयास किए जाएं। अधिकरण ने कहा कि वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में प्रतिकूल प्रविष्टियों और गैर-अनुपालन के लिए मुआवजा वसूली को लेकर जवाबदेही तय किए जाने की जरूरत है।

INDER TECHNOLOGY INSTITUTE (I.T.I)
दिल्ली प्रशासन द्वारा पंजीकृत
An ISO 9001-2000 Certified
मोबाईल लेपटॉप
रिपेयर करना सीखें
(मैनुअल तथा कंप्यूटर द्वारा)
LG-10, Vishnu Palace
Basement, Ajronda Chowk,
Near Neelam Flyover Faridabad.
Tel.: 0129-2221469, 9891547947

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 29.01°C
न्यूनतम 23.02°C

**आज का मैच** IPL
राजस्थान रॉयल्स vs दिल्ली कैपिटल्स

## क्विक न्यूज

### देशमुख से डीआरडीओ गेस्ट हाउस में हुई पूछताछ

**मुंबई।** मुंबई के पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह के आरोपों पर बुधवार को महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख से सीबीआई ने पूछताछ की है। यह पूछताछ मुंबई के डीआरडीओ गेस्ट हाउस में हुई है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने वकील जयश्री पाटिल की याचिका पर सीबीआई को आरोपों की जांच करके 15 दिन में रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। परमबीर सिंह का आरोप है कि देशमुख ने एंटीलिया केस में आरोपी सचिन वझे को 100 करोड़ रुपये की वसूली का टारगेट दिया था।

### ब्लूटूथ के इस्तेमाल पर दस लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक अदालत में नौकरी के लिए हुई परीक्षा में कथित रूप से ब्लूटूथ का इस्तेमाल कर नकल करने के मामले में शामिल एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस संबंध में दो सरकारी कर्मचारियों समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक तीस हजारी अदालत में नौकरी के लिए हुई परीक्षा में कुछ परीक्षार्थी ब्लूटूथ का इस्तेमाल करते देखे गए हैं। आरोपियों की पहचान राहुल जतैन, कुणाल शर्मा और राजेश कुमार के रूप में हुई है।

### अनुसूचित जाति के लिए शिकायत निवारण पोर्टल शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को अनुसूचित जातियों के लोगों के लिए एक पोर्टल शुरू किया, जिस पर वे अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) ने यह प्रणाली विकसित की है। केंद्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बाबासाहब डॉ बीआर आंबेडकर की जयंती पर इसकी शुरुआत की। उन्होंने इस मौके पर कहा, डॉ आंबेडकर ने हमें सिखाया कि हमें संवैधानिक तरीकों से भारत की प्रगति सुनिश्चित करनी होगी।

### किसानों ने हिसार-चंडीगढ़ राजमार्ग को किया अवरुद्ध

**जींद( हरियाणा )।** जिले में दनौदा गांव की अनाज मंडी में बारदाने की कमी से परेशान किसानों ने बुधवार को हिसार-चंडीगढ़ राजमार्ग को अवरूद्ध कर दिया और सरकार एवं मंडी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी के अधिकारी उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। पुलिस ने बताया कि किसानों के राजमार्ग के अवरुद्ध करने से इसके दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई।

कोरोना इफेक्ट : सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2021

## 12वीं की स्थगित और 10वीं की परीक्षा रद्द

एजेंसी। नई दिल्ली

**देशभर** में बढ़ते कोरोना संक्रमण के मामलों को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षामंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के बीच हुई उच्च स्तरीय बैठक में 10वीं की परीक्षा रद्द करने और 12वीं की परीक्षा स्थगित करने का निर्णय किया गया है। इस उच्च स्तरीय बैठक में केंद्रीय शिक्षा सचिव भी मौजूद रहे। बता दें कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा को रद्द करने की मांग तेजी से जोर पकड़ रही थी। देशभर में कोरोना संक्रमण की हालत को देखते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और राहुल गांधी समेत कई बड़ी राजनीतिक, सामाजिक और फिल्मी हस्तियों ने बोर्ड परीक्षाओं को स्थगित करने की मांग की थी।

उच्च स्तरीय बैठक में सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं को स्थगित करने का निर्णय लिया है। निर्णय के अनुसार कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षाओं को रद्द और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। एक जून को कोरोना संक्रमण की स्थिति की समीक्षा के बाद बोर्ड द्वारा 12वीं की परीक्षा के लिए नया शेड्यूल तैयार किया जा सकता है। फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय शिक्षामंत्री निशंक ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार, 14 अप्रैल, 2021 को कोरोना स्थिति को देखते हुए मई में प्रस्तावित बोर्ड परीक्षाओं की समीक्षा के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बकौल शिक्षामंत्री, बैठक में प्रधानमंत्री ने दोहराया कि छात्रों की भलाई सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार छात्रों के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाए, साथ ही उनके शैक्षणिक हितों को नुकसान भी न पहुंचे। महामारी और स्कूल बंद होने की वर्तमान स्थिति को देखते हुए और छात्रों की सुरक्षा और कल्याण को ध्यान में रखते हुए निम्न निर्णय किए हैं। चार मई से 14 जून, 2021 तक आयोजित होने वाली कक्षा 12वीं के लिए बोर्ड परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। इन परीक्षाओं को बाद में आयोजित किया जाएगा। बोर्ड द्वारा एक जून 2021 को स्थिति की समीक्षा की जाएगी और विवरण साझा किया जाएगा। परीक्षाओं की शुरुआत की सूचना कम से कम 15 दिन पहले दे दी जाएगी।



तेजी से जोर पकड़ रही थी परीक्षा रद्द करने की मांग

एक जून को कोरोना की स्थिति की बैठक के बाद नया शेड्यूल हो सकता है तैयार

### राजस्थान में 10-12वीं की परीक्षा स्थगित

राजस्थान सरकार ने बड़ा फैसला करते हुए 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यह फैसला किया है। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने कक्षा 8वीं बोर्ड, 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों को सीधे अगली कक्षा में प्रमोट करने की घोषणा की है। राजस्थान के शिक्षामंत्री गोविंद डोटासरा ने एक साक्षात्कार में बताया कि राज्य में 15 दिन बाद कोरोना संक्रमण की स्थिति की समीक्षा के बाद परीक्षाओं को लेकर अंतिम निर्णय किया जाएगा।

### हरियाणा: बोर्ड परीक्षाओं पर आज होगा फैसला

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार द्वारा सीबीएसई की परीक्षाओं को टालने के बाद अब हरियाणा में बोर्ड परीक्षाओं के कार्यक्रम में बदलाव किया जा सकता है। बदले हालातों के बाद हरियाणा के शिक्षामंत्री ने गुरुवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक बुला ली है, जिसके बाद मुख्यमंत्री के साथ संयुक्त बैठक में परीक्षाओं के संबंध में फैसला लिया जाएगा।

### जयपुर के सरकारी अस्पताल से कोवैक्सिन के 320 डोज चोरी

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना वैक्सीन की किल्लत के बीच सरकारी अस्पताल से वैक्सीन चोरी होने का मामला सामने आया है। शहर के शास्त्री में स्थित कावंटिया अस्पताल से कोवैक्सिन टीके की 32 शीशियां चोरी हो गई हैं। एक शीशी (वायल) में 10 डोज रहते हैं। इस लिहाज से कुल 320 डोज चोरी गए हैं। अस्पताल की तरफ से शास्त्री नगर थाने में वैक्सीन चोरी होने का केस दर्ज कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, वैक्सीन 12 अप्रैल को गुम हुई थी। दो दिन बाद सुबह इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सीएमएचओ ऑफिस से मिली भारत बायोटेक की बनाई कोवैक्सिन की 32 शीशी गुम हो गई हैं। वैक्सीनेशन सेंटर के नोडल अधिकारी ने बताया कि सेंटर पर आने वाली वैक्सीन का पूरा रिकॉर्ड रहता है। इसलिए स्टोर से ही टीके गायब होने की आशंका है।

### 3500 रुपये से ज्यादा नहीं होगी रेमडेसिविर की कीमत

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में रेमेडेसिविर इंजेक्शन की किल्लत सामने आ रही है। कई हिस्सों से इंजेक्शन की मनमानी कीमत वसूले जाने की शिकायत भी मिली। ऐसे में रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बुधवार को राहत भरा ऐलान किया है। मंत्रालय ने बताया कि रेमडेसिविर इंजेक्शन बनाने वाली कंपनियों ने तय किया है कि अब इसकी कीमत 3500 रुपये से ज्यादा नहीं होगी। नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी देशभर में इसकी उपलब्धता की निगरानी करेगी। देश में इस वक्त रेमडेसिविर के कुल 7 मैन्यूफेक्चरर्स हैं। ये एक महीने में 38.80 लाख इंजेक्शन बना सकते हैं। 6 और कंपनियों को इसके उत्पादन की त्वरित मंजूरी दी गई है। इससे 10 लाख इंजेक्शन हर महीने और बनाए जा सकेंगे। इसके अलावा, हर महीने 30 लाख डोज और बनाए जाने की तैयारियां अंतिम दौर में हैं।

## सरकार के पास कोरोना से लड़ने को साधनों की कमी नहीं : विज

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



मरीजों के लिए निजी अस्पताल होंगे एक्वायर

कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराने के निर्देश

**हरियाणा** में बढ़ रहे कोरोना की दूसरी लहर से लड़ने के लिए सरकार और विभाग पूरी तरह से तैयार है। स्वास्थ्य एवं गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि हमारे पास कोरोना से लड़ने के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री विज ने बुधवार को चंडीगढ़ में जारी एक बयान में कहा कि हमने कोरोना की दूसरी लहर को देखते हुए सभी अस्पतालों में पीपीई किट, मास्क, बेड, दवाइयों और स्टाफ की उचित व्यवस्था बारे अधिकारियों को निर्देश दे दिए थे।

एपिडेमिक एक्ट के तहत कोरोना मरीजों के लिए प्राइवेट अस्पतालों को एक्वायर करने के लिए प्रशासन अदेश दे दिया गया है, वहीं अधिकारियों को कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से पालन करवाने का आदेश दे दिया है। बुधवार को विज ने कहा कि किसी भी हाल में लॉकडाउन नहीं लगने देंगे। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जिंदगी भी चलती रहे और जिंदगी बची भी रहे। विज ने कहा कि जिंदगी बचाने के लिए हम बहुत सख्ती करने वाले हैं। पॉलिटिकल रैली को लेकर विज ने स्पष्ट किया कि हमने रैली पर पूरी तरह से रोक नहीं लगाई है। विज ने कहा, भीड़ को लेकर सरकार पहले ही एडवाइजरी जारी कर चुकी है। आउटडोर कार्यक्रम जिनमें राजनीतिक, सोशल, पारिवारिक कार्यक्रम में 500 लोगों के इक्ट्ठा होने का नोटिस जारी कर चुकी है। इनडोर में 200 लोगों और अंतिम संस्कार में 50 से ज्यादा इक्ट्ठा होने की अनुमति नहीं है और सरकार इसके उल्लंघन करने पर सख्ती से निपटेगी।

### आइसोलेट मरीजों की घर में जाकर जांच करेंगे डॉक्टर

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 77 फीसद कोरोना संक्रमित रोगी अपने घरों में ही आइसोलेट हैं। केवल गंभीर मरीजों का इलाज सरकारी और निजी अस्पतालों में चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने डॉक्टरों की टीमें गठित कर हर दूसरे दिन होम आइसोलेट मरीजों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में आईसीयू बेड से लेकर क्वारेंटाइन और आइसोलेट बेडों की संख्या पर्याप्त है। संक्रमितों के इलाज के लिए पर्याप्त मात्रा में पीपीई किट और वैक्सीनेशन सहित अन्य इंतजाम पुख्ता किए जा रहे हैं। जरूरत पड़ी तो कोरोना अस्पतालों के रूप से निजी अस्पतालों की सेवाएं भी ली जाएंगी। कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन को पकड़ने के लिए रोजाना 35 हजार आरटीपीसीआर टेस्ट कराए जा रहे हैं। आरटीपीसीआर टेस्ट के दो प्रतिशत का जिनोम टेस्ट भी कराया जा रहा है। फिलहाल यह जांच दिल्ली में हो रही है।

### इसरो जासूसी मामले में आज सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** इसरो के तत्कालीन वैज्ञानिक नबी नारायणन से जुड़े 1994 जासूसी मामले में गलती करने वाले पुलिस अधिकारियों की भूमिका पर उच्च-स्तरीय समिति द्वारा दाखिल रिपोर्ट पर विचार करने संबंधी केंद्र की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा। गौरतलब है कि 1994 जासूसी मामले से वैज्ञानिक नबी नारायणन न सिर्फ बरी हो चुके हैं, बल्कि शीर्ष अदालत ने केरल सरकार को मुआवजे के रूप में उन्हें 50 लाख रुपये देने को भी कहा है। न्यायमूर्ति एएम खानविल्कर की अध्यक्षता वाली पीठ केंद्र की अर्जी और शीर्ष अदालत के न्यायाधीश (अवकाश प्राप्त) डीके जैन की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय पैनल की रिपोर्ट पर विचार करेगी।

## 'अगर शिअद सत्ता में आया तो उपमुख्यमंत्री दलित होगा'

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**शिरोमणि** अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने बुधवार को कहा कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में अगर उनकी पार्टी की सरकार बनती है, तो पंजाब के उपमुख्यमंत्री का पद एक दलित को दिया जाएगा। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने सुखबीर के बयान को एक चुनावी जुमला करार देकर उन पर निशाना साधा। कहा, 10 साल के शासन के दौरान इस समुदाय के कल्याण को सुनिश्चित करने में वे विफल रहे।


सुखबीर ने आगे कहा कि राज्य के दोआबा क्षेत्र में बीआर आंबेडकर के नाम पर एक विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा, जिस क्षेत्र के अंतर्गत जालंधर, होशियारपुर और कपूरथला में एक बड़ी दलित आबादी रहती है। पंजाब की कुल आबादी में दलितों की संख्या 33 फीसदी है। आंबेडकर की 130वीं जयंती पर जालंधर में आयोजित एक कार्यक्रम में सुखबीर ने कहा, 'पंजाब में जब शिअद की सरकार बनेगी, तो उपमुख्यमंत्री दलित समुदाय से होंगे। हम बाबा साहब के नाम पर दोआबा में एक विवि भी स्थापित करेंगे।

## 'ममता के विदा होने की घंटी पहले ही बज चुकी'

एजेंसी। जमालपुर (पश्चिम बंगाल)

**भाजपा** अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भाजपा के शीर्ष नेताओं के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने तथा बंगाल की संस्कृति का अनादर करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही नड्डा ने कहा कि ममता के जाने की घंटी पहले ही बज चुकी है।

नड्डा ने कहा कि भाजपा बंगाल की संस्कृति की वास्तविक रक्षक है और पार्टी ने राज्य के महान दार्शनिकों और विचारकों के संदेशों को फैलाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, रवींद्रनाथ टैगोर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संदेशों को पूरे देश में फैला रही है। नड्डा ने कहा, क्या मोदीजी (प्रधानमंत्री), अमित शाह के लिए उनके द्वारा (ममता) चुनाव प्रचार के दौरान इस्तेमाल किए गए शब्द... बंगाल की संस्कृति हैं।



पश्चिम बंगाल की संस्कृति की वास्तविक रक्षक है भाजपा

बंगाल चुनाव में पहली बार राहुल की एंट्री

## 'थाली बजाकर कोरोना भगा रहे, ममता कह रहीं खेला होबे'

एजेंसी। दिनाजपुर

**पश्चिम** बंगाल विधानसभा चुनाव में चार चरण की 135 सीटों पर वोटिंग के बाद राहुल गांधी की एंट्री हो चुकी है। राहुल बुधवार को उत्तर दिनाजपुर जिले के गोलपोखर में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। राहुल के निशाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ममता बनर्जी रहीं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री थाली बजाकर कोरोना भगा रहे हैं। मोदी कहते हैं कोरोना आता है तो थाली बजाओ, घंटी बजाओ, मोबाइल की लाइट जलाओ कोरोना भाग जाएगा, भाग गया कोरोना? ममता बनर्जी कहती हैं खेला होबे। ये क्या ड्रामा चल रहा है।



राहुल ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास घृणा और हिंसा के अलावा देने के लिए और कुछ नहीं है। भाजपा पश्चिम बंगाल का विभाजन और इसको बर्बाद कर देना चाहती हैं, जैसा वे असम और तमिलनाडु में कर रहे हैं। वह नफरत फैला रहे हैं। अमित शाह और नरेंद्र मोदी को कुछ नहीं होने वाला है। आग लगेगी तो बंगाल जलेगा। बंगाल की माताएं और बहनें रोएंगी। मैं चुनाव में भाषण देने नहीं आया हूं। मैं आप लोगों को यह बताने आया हूं कि बंगाल बंट गया, तो सबसे ज्यादा नुकसान बंगाल की जनता और भविष्य को होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में आग लगाई। उसके बदौलत चुनाव जीते। उसके बाद क्या हुआ? आज वहां क्या हो रहा है? राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला करते हुए कहा कि यह पहला प्रदेश है, जहां रोजगार के लिए कट मनी देनी होती है। आपको नौकरी चाहिए, कोई काम चाहिए तो पहले ममता जी के लोगों को पैसे दो तो आपका काम होगा। ममता जी चुनाव के समय कहती हैं कि खेला होबे।

### पांचवे चरण में आए हैं नजर

बता दें कि बंगाल में इस बार के विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी का यह पहला दौरा है। वे पांचवें चरण के प्रचार में आए हैं। इससे पहले उन्होंने असम, केरल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनावों में पार्टी के लिए प्रचार किया, लेकिन बंगाल नहीं गए। बंगाल में अभी कांग्रेस की पकड़ उत्तर दिनाजपुर, मालदा, मुर्शिदाबाद जैसे कुछ ही जिलों में है और इन इलाकों में आखिरी तीन चरणों में वोटिंग होनी है।

**बंगाल में 3 फेज और बाकी :** पश्चिम बंगाल की 294 सीटों पर इस बार 8 फेज में वोटिंग हो रही है। पहले फेज में 27 मार्च को 30 सीट, 1 अप्रैल को दूसरे फेज में 30 सीट और तीसरे फेज में 6 अप्रैल को 31 सीट और 10 अप्रैल को 44 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। इसके बाद 17 अप्रैल को पांचवे चरण के तहत 45 सीट, 22 अप्रैल को छठवें चरण में 43 सीट, सातवें चरण में 26 अप्रैल को 36 सीट और 29 अप्रैल को आठवें चरण में 35 सीटों पर वोटिंग होनी है। काउंटिंग 2 मई को होगी।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 15 अप्रैल, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

## अच्छी इम्युनिटी के भ्रम में दूसरों को न बनाएं कोरोना का शिकार : प्रियंका

*कोरोना वायरस सैकेंड स्ट्रेन तेजी के साथ फैल रहा है। पॉजिटिव मरीजों की संख्या भी हर रोज बढ़ती जा रही है। जिसके कारण सरकार ने नाइट कर्फ्यू तो लगा दिया है, लेकिन अब हम लॉकडाउन होने की स्थिति में नहीं हैं। क्योंकि लॉकडाउन की वजह से देश को पहले ही काफी नुकसान हो चुका है। देश, समाज और परिवार की सुरक्षा ध्यान में रखते हुए सभी को सरकार की गाइडलाइंस का पालन करना होगा। यह कहना है उज्जवल ज्योति महिला संस्था की अध्यक्ष प्रियंका गुप्ता का। प्रियंका महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का काम कर रही हैं। **पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और प्रियंका गुप्ता की बातचीत के अंश :-***

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरुआत कैसे की।**

**जवाब :** स्नातक करने के साथ ही मेरा विवाह हो गया था। उस समय पति विनोद गुप्ता जॉब करते थे। उन्होंने मेहनत कर कुछ समय बाद अपना बिजनेस शुरू करने का फैसला लिया। उन्होंने सीमेंट का हॉलसेल का कारोबार शुरू कर दिया। जिसमें मैंने भी पति के साथ बिजनेस सम्भालना शुरू कर दिया। आज काफी बड़े स्तर पर बिजनेस चल रहा है।

**सवाल : शिक्षा के दौरान क्या आप अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेती थीं।**

**जवाब :** स्कूल टाइम में मेरी खेलों में काफी रुचि थी। मैं स्कूल स्तर तक कबड्डी और खो-खो खेलों में हिस्सा लेती थी।

**सवाल : समाजसेवा की तरफ आपकी रुचि कैसे बढ़ी।**

**जवाब :** मेरे मन में महिलाओं के लिए शुरू से ही संवेदनाएं रही हैं। महिलाओं को परेशान देखकर मुझे काफी दुख होता था। ऐसे में महिलाओं के उत्थान के लिए कुछ करने का फैसला किया था। मैं महिलाओं को हाईजीन के प्रति जागरूक करने के लिए उन्हें नियमित रूप से सेनेट्री नेपकिन वितरित किए। इस दौरान बुजुर्ग महिला को समझाना थोड़ा मुश्किल होता था।

**सवाल : आपने संस्था का गठन कब और क्यों किया।**

**जवाब :** मुझे लगा कि अकेले सबकुछ करना सम्भव नहीं है। जिसके लिए मैंन उज्जवल ज्योति महिला संस्था का गठन वर्ष 2014 में किया। संस्था में करीब 200 महिलाएं शामिल हैं। इनमें से करीब 20 महिलाएं सक्रिय रूप से काम कर रही हैं।

**सवाल : यह संस्था किस तरह के कार्य करती है।**

**जवाब :** हम महिलाओं को निजी हाईजीन के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें सेनेट्री नेपकिन वितरित करते हैं। अब तक हजारों की संख्या में नेपकिन बांटे जा चुके हैं। वहीं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाते हैं। कपड़े एकत्रित करके जरूरतमंदों तक पहुंचाते हैं। स्कूली बच्चों को किताबें और स्टेशनरी वितरित की जाती है।

**सवाल : महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आप क्या कर रही हैं।**

**जवाब :** महिलाओं के उत्थान के लिए केंद्र और राज्य सरकार ढेरों योजनाएं चला रही हैं। महिलाओं को इन योजना की विस्तार से जानकारी देते हैं। उन्हें समझाया जाता है कि वे इन योजनाओं का लाभ कैसे उठा सकती हैं।

**सवाल : लॉकडाउन में आपने जरूरतमंदों की कैसे मदद की।**

**जवाब :** मजदूरों को पलायन करते देख 27 मार्च से हमने किचन शुरू कर दी थी। जहां अन्य लोगों के सहयोग से भोजन तैयार कर जरूरतमंदों को बांटा गया। इस दौरान हमने महिलाओं को नेपकिन, हजारों की संख्या में मास्क और सेनिटाइजर वितरित किए थे।

**सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**

**जवाब :** हमें मास्क का सही तरीके से उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता नियमों का दृढ़ता के साथ पालन करते हुए अपने सभी जरूरी काम करने होंगे।

**सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**

**जवाब :** सरकार ने सोच समझ कर लॉकडाउन किया था। लॉकडाउन में सरकार ने बीमारी से लड़ने की तैयारियां पूरी कर लीं। साथ ही लोगों को जागरूक भी कर दिया।



### जीवन परिचय

**नाम :** प्रियंका गुप्ता
**जन्मदिन :** 17 दिसंबर 1978
**पिता :** गोपीनाथ बंसल
**माता :** कमला देवी
**पति :** विनोद गुप्ता
**परिवार :** बेटे नमन व हर्षित
**स्कूल :** अग्रसेन गर्ल्स स्कूल, जींद
**उच्चशिक्षा :** बीए - कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय
**रुचि :** समाजसेवा

### शहर का तापमान

- अधिकतम 38.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 23.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- बीके सिविल अस्पताल में कोरोना जांच व ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे
- जिले में विभिन्न स्थानों पर वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन: सुबह 10 बजे
- सेक्टर-12 में पीटीआई और किसानों का धरना प्रदर्शन: सुबह 10 बजे

### निवेश गुरु

**कोरोना** महामारी का प्रकोप एक बार फिर बढ़ने लगा है। ऐसे में कई विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले 2 से 3 महीने में सोना 48 हजार, वहीं इस साल के आखिर तक एक बार फिर 50 हजार तक जा सकता है। हालांकि मार्च की बात करें तो इस महीने सोना 44 से 45 हजार के बीच ही रहा है। बाजार में जब भी अनिश्चितता का माहौल बनता है या अच्छा मानसून होता है तो सोना महंगा होने लगता है। डॉलर की कीमत और बाजार में अस्थिरता या अनिश्चितता से भी सोने की कीमत पर असर पड़ता है। अभी भी कोरोना के कारण दुनियाभर में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है।

### यूटीलिटी न्यूज

#### रात 10 से सुबह 5 बजे तक नाईट कर्फ्यू

**फरीदाबाद।** कोरोना महामारी से बचाव के मद्देनजर स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से हरियाणा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से फरीदाबाद जिला में मंगलवार से आगामी आदेशों तक प्रतिदिन रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक नाईट कर्फ्यू लगाया गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिलाधीश यशपाल ने बताया कि नाईट कर्फ्यू के दौरान बिना अनुमति के कोई भी व्यक्ति किसी भी रूप से घर से बाहर न निकले। तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधीश यशपाल ने कहा कि सरकार की ओर से कोरोना के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है जिसकी अनुपालना फरीदाबाद जिला में प्रभावी तरीके से सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नाईट कर्फ्यू के दौरान जिला में लोगों की गैर-आवश्यक गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। वे किसी सार्वजनिक स्थान पर अनावश्यक रूप से न घूम सकेंगे।

### क्विक न्यूज

#### बाबा साहेब 36 बिरादरी के नेता थे: गुलशन बग्गा



**फरीदाबाद।** बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर दलितों के ही नहीं 36 बिरादरी के नेता थे उन्होंने अपना पूरा जीवन दलितों पिछड़ों और गरीब महिलाओं के हकों लिए समर्पित कर दिया। यह बात एनसीडब्ल्यूसी के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन कुमार बग्गा व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुमित गौड़ ने गुलशन बग्गा के पांच नंबर स्थित कार्यालय पर आयोजित बाबा साहब की जयंती कार्यक्रम में कही। सरदार सुरेंद्र सिंह, संजय सोलंकी, सुरेंद्र जयसवाल, पूनम राजपूत, भरत कपूर, जगदीश, अशोक रावल, पवन सबरवाल, सुभाष, पवन आदि मौजूद थे।

## लापरवाही या भ्रष्टाचार : ग्रेटर फरीदाबाद को मिला बड़ा नाम पर दर्शन छोटे

### सरकार ने नहरपार को ग्रेटर फरीदाबाद बना दिया लेकिन स्थिति वही बदतर

**राजेश दास।** फरीदाबाद




**पूरे** शहर के समुचित विकास के लिए सरकार ने जीएमडीए के बाद एफएमडीए (फरीदाबाद महानगर डवलेपमेंट ऑथोरिटी) का गठन किया है। इसके अलावा सरकार ने नहरपार इलाके के नाम से जाने वाले क्षेत्र का मॉडर्न नाम ग्रेटर फरीदाबाद रख दिया है, लेकिन ग्रेटर फरीदाबाद की स्थिति में सुधार लाने के लिए सरकार अथवा एफएमडी की तरफ से कोई ठोस कदम उठाने की जरूरत महसूस नहीं की। क्योंकि स्मार्ट सिटी की तरह एफएमडीए के पास भी अपना स्टाफ नहीं है। जिसके कारण ग्रेटर फरीदाबाद की हालत बद से बदतर हो चुकी है। नहर किनारे गुजर रही पूरी सड़क सीवर के गंदे पानी से भरी हुई। सड़क किनारे बनी नर्सरियों में भी सीवर का गंदा पानी भर चुका है। सीवर लाइनों का पानी यहां हर समय लीक होकर बहता रहता है।

गांव बादशाहपुर स्थित एसटीपी (सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट) लंबे समय से बंद पड़ा है। जिसके कारण ग्रेटर फरीदाबाद की सोसायटियां टैंकर पर निर्भर टैंकर चालक सोसायटियों से रोज सैकड़ों टैंकर सीवर का गंदा पानी भर कर नहर और खुले मैदानों में फेंक रहे हैं। जिससे पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है।

### एसटीपी बंद होने से नरकीय हालत

**ग्रेटर** फरीदाबाद में सीवर की समस्या का मूल कारण है बदशाहपुर स्थित एसटीपी प्लांट। यह लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। वैसे भी लाइन एसटीपी प्लांट से कनेक्ट नहीं है। जिसका पूरा फायदा ग्रेटर फरीदाबाद में सक्रिय सेफ्टी टैंकर माफिया को मिल रहा है। सोसायटियों से हर रोज दर्जनों की संख्या में सीवर के पानी से भरे टैंकर निकलते हैं। इसके बदले में सोसायटी वासियों को हर महीने करीब डेढ़ करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान करना पड़ रहा है, लेकिन यह टैंकर माफिया इसे किसी एसटीपी प्लांट में नहीं पहुंचाते। यह लोग लंबे समय से ग्रेटर फरीदाबाद में बने करीब दर्जनभर बड़े-बड़े गड्ढों को सीवर के पानी का तालाब बना चुके हैं। वहीं काफी संख्या में टैंकर चालक सीवर के गंदे पानी को आगरा और गुरुग्राम नहर में सरेआम बहा रहे हैं। जिससे पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंच रहा है। वहीं सोसायटी वासियों द्वारा समस्याओं को लेकर राजनेताओं से लगातार शिकायत की जा रही है, लेकिन वे आश्वासन के अलावा कुछ नहीं देते। हालांकि एफएमडीए के गठन के बाद ग्रेफ के लिए बड़े दावे किए हैं, लेकिन वह कब पूरे होंगे यह देखने वाली बात है।

### नाम नहीं काम दिखाना होगा



**ग्रेटर** फरीदाबाद निवासी रेनू खट्टर का कहना है कि नाम बदल दिया पर स्थिति वही है। कई सालों से सीवर का पानी जमीन और नहर में डाल रहे हैं। लेकिन नगर निगम को इससे कोई लेना देना नहीं है। सीवर का पानी जमीन में जाकर पर्यावरण के लिए भी खतरा बन रहा है।

### एनजीटी के आदेशों की उड़ रहीं धज्जियां

**मास्टर** रोड के निर्माण से पहले यहां खनन माफियाओं का कब्जा था। इन माफियाओं द्वारा यहां से बड़े पैमाने पर मिट्टी चोरी कर अन्य स्थानों पर ले जायी गई थी। मास्टर रोड के निर्माण के दौरान ठेकेदार ने भरत ठीक तरीके से नहीं करवाई थी। जिससे सड़क धंसने की समस्या खड़ी हुई है। एनजीटी के नियमों के मुताबिक इस तरह से खुले में सीवर का पानी बहाने पर पूरी तरह पाबंदी है। सीवर का गंदा पानी भरा होने से यहां जहां एक तरफ ग्रीनबेल्ट विकसित नहीं हो पाई है। इस तरह से सीवर का गंदा पानी बहाने पर भारी जुर्माना लगाने का प्रावधान है, लेकिन यहां सरेआम सीवर का पानी बहने से एनजीटी के आदेशों की धज्जियां उड़ रही हैं। कई सालों से सीवर का पानी बहने से यह गंदा पानी लगातार भूजल को भी जहरीला बना रहा है। इस गंदे पानी की झील के आसपास कई सोसायटियां भी हैं। जिनमे हजारों की संख्या में लोग रहते है। इस गंदे पानी से उठने वाली दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप से लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

### एफएमडीए से उम्मीद पर संदेह

**एफएमडीए** का गठन होने के बाद ग्रेटर फरीदाबाद के लोगों में कुछ उम्मीद तो जागी है, लेकिन कई तरह के संदेह भी हैं। क्योंकि बिल्डर, नगर निगम और एचएसवीपी की मनमानी की वजह से लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी ग्रेटर फरीदाबाद की विभिन्न सोसायटियों में रहने वाले लाखों लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। परिवार के साथ सुकून से रहने के लिए इन लोगों ने ग्रेटर फरीदाबाद की विभिन्न सोसायटियों में फ्लैट खरीदे थे। लेकिन इन लोगों का यहां हर दिन परेशानी भरा गुजर रहा है। सोसायटियों के निवासियों ने मकान खरीदते समय बिल्डरों को अतिरिक्त विकास शुल्क (ईडीसी) के रूप में करीब छह हजार करोड़ रुपये दिए थे। इस पैसे से बिल्डरों को सोसायटियों में एसटीपी प्लांट लगाने थे। इन प्लांटों में पानी ट्रिट होने के बाद नगर निगम के एसटीपी प्लांट में जाना था। कुछ बिल्डरों ने एचएसवीपी के पास करोड़ों रुपये जमा करवाए थे। एचएसवीपी ने इस पैसे का कहां इस्तेमाल किया, किसी को नहीं पता। वहीं कुछ बिल्डरों ने पैसे तो ले लिए। लोगों को संदेह है कि स्मार्ट सिटी की तरह एफएमडीए के पास भी अपना स्टाफ नहीं हैं। गुरूग्राम में बैठे अधिकारी कामकाज देखेंगे। ऐसे में वह कितनी सुविधाएं दे पाएंगे, यह भविष्य बताएगा।



## मंदिरों में दूसरे दिन हुई मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कोरोना** काल में शहर भर के मंदिरों में नवरात्रों के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की गई। पुजारियों ने बताया कि नवदुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली देवी की संज्ञा दी जाती है। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। मां दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में यह कमंडल धारण किए हैं।



### आज करें मां चंद्रघंटा की पूजा, दूर होंगे पांचों विकार : मुनिराज

**राधा** सर्वेश्वर मंदिर के महंत मुनिराज जी ने बताया कि चंद्रघंटा मां की पूजा करने से भक्तों के पांचों विकार दूर होते हैं। नवरात्रों में तीसरे दिन मां के अर्गचंद्र को धारण किए हुआ है। मस्तक पर चंद्रमा और हाथ में घंटा लिए हुए मां चंद्रघंटा के स्वरूप की पूजा की जाती है। शुंभ व निशुंभ नाम के दो राक्षस थे। उन्होंने देवताओं पर आक्रमण कर दिया। देवताओं ने मां दुर्गा की स्तुती की। उसी दौरान चंड और मुंड ने मां भगवती को युद्ध के लिए ललकारा। मां भगवती ने उन्हें कहा कि अरे मूर्खों तब तक गर्जना कर लो, जब तक कि मैं मधु का पान कर रही हूं। ऐसा कहकर उन्होंने चंद्र मुंड का वध कर दिया। तब सब देवताओं ने घंटनाद कर हर्षोल्लास के साथ विजय उत्सव मनाया। तब मां का चामुंडा व चंद्रघंटा नाम पड़ा। चंद्रघंटा मां की पूजा करने से पांचों विकारों पर विजय प्राप्त करने का साहस मिलता है। जो मनुष्य के विजय शत्रु है, जिसमें काम, क्रोध, मोह, लोभ व अहंकार इन सबके ऊपर विजय प्राप्त होती है एवं स्वयं यश की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि मां को पूजा के बाद भोग के रूप में गन्ने की गंडेरी एवं मक्खन का इस्तेमाल करना चाहिए। मां का मूलमंत्र है या देवी सर्वभुतेसु, शक्ति रूपेण संसिथा, नमत्सयै नमत्सयै नमत्सयै नमो नम:। इस दिन सफेद वस्तु का दान करने से धनलक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

### वैष्णो देवी मंदिर

**नवरात्रों** के दूसरे दिन सिद्धपीठ मां वैष्णोदेवी मंदिर तिकोना पार्क में मां ब्रहमचारिणी की भव्य पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर में प्रातकालीन आरती के दौरान मां ब्रहमचारिणी की पूजा और हवन यज्ञ किया। श्रद्धालुओं ने मां ब्रहमचारिणी से मन की मुराद मांगी। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा के लिए पधारे पूर्व विधायक चंदर भाटिया ने मां से आर्शीवाद मांगा। उनके साथ मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया, रिटायर एसीपी दर्शन लाल मलिक,ओल्ड फरीदाबाद मार्केट के प्रधान नीरज मिगलानी, फकीरचंद कथूरिया, रोहित भाटिया, संजय, वेद भाटिया तथा ललित भी मौजूद थे।

### काली मंदिर

**तिकोना** पार्क में स्थित सिद्धपीठ काली मंदिर में दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के पुजारियों ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा के फल को बताया। उन्होंने मां के हर रूप की पूजा विधि और कथा का महत्व बताया।

### ट्रस्ट ने धूमधाम से मनाया आंबेडकर जन्मोत्सव

**फरीदबाद।** बाल्मीकि धर्माथ सुधार ट्रस्ट के सभी कार्यकताओं, सदस्यों व गांधी कॉलोनीवासियों ने मिलकर भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर का 130वां जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया और रंगा रंग कार्यक्रम एवं लंगर भंडारे का आयोजन किया।

इस अवसर पर बाल्मीकि धर्मार्थ सुधार ट्रस्ट के अध्यक्ष किशोरी लाल ने बाबा साहेब की मूर्ति पर फूल माला अर्पण करते हुए सभी भाई बहनों को संदेश दिया कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और सर्घष करो मतलब शिक्षा ही हर व्यक्ति का सबसे बड़ा हथियार है। जो व्यक्ति शिक्षा ग्रहण करता है उसे अच्छाई बुराई का ज्ञान होता है। वह हमेशा सच्चाई का साथ देता है। कभी किसी के बहकावे लोभ लालच में नहीं आता है। हमेशा सोच समझकर आगे बढ़ता है। संगठित रहो मतलब एकजुट रहना और सबके साथ मिलकर चलना, घर परिवार, समाज व देश की कोई भी परेशानी हो उसे सबकी सलाह व राय लेकर संगठन है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेसी बोस में डॉ. अम्बेडकर को दी पुष्पांजलि



**फरीदाबाद।** भारतीय संविधान के जनक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 130वीं जयंती को जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में मनाया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के साथ-साथ कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और अन्य अधिकारियों ने भारत के महान समाज सुधारक डॉ. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद मंच द्वारा निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर प्रो. दिनेश कुमार ने राष्ट्र के प्रति डॉ. अंबेडकर के जीवन, प्रतिबद्धता और योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर संविधान-निर्माता के साथ-साथ प्रबुद्ध चिंतक एवं सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत थे। उन्होंने समाज में विद्यमान रूढ़िवादी मान्यताओं, विषमताओं के विरुद्ध और सामाजिक न्याय एवं कमजोरों को अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर की जयंती को देशभर में कोविड-19 टीकाकरण के लिए टीका उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कोरोना के खिलाफ चलाये जा रहे टीकाकरण अभियान को सफल बनाने का आह्वान भी किया।

### रविन्द्र फागना ने जीता 15 रन से मैच




**फरीदाबाद।** करेगबज अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (पाली) ने दाहिया क्रिकेट अकादमी टीम को 15 रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेन्द्र फागना ने बताया कि दाहिया क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (पाली) टीम ने 25 ओवर में छह विकेट पर 173 रन बनाए। पार्थ भड़ाना ने 50 रन, यश कौशिक ने 48 रन और रिजवान खान ने 23 रन बनाए। गेंदबाज मोहित दिक्का ने दो विकेट, आकाश सिंह, प्रिन्स मिश्रा और वेदंश ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए दाहिया क्रिकेट अकादमी की टीम 25 ओवर में 8 विकेट पर 158 रन ही बना सकी। भविया गोयल ने 74 रन, जाइद खान ने 20 रन और शिवम सिंह ने 12 रन बनाए। रविंद्र फागना के गेंदबाज अनुज भारद्वाज और म. सानिब ने दो-दो विकेट, यश कौशिक और ऋषभ ने एक-एक विकेट लिए। मैन आफ दा मैच यश कौशिक, रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (पाली), बेस्ट बोलर ऑफ दा मैच अनुज भारद्वाज (रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (पाली) को दिया गया।

### कोरोना योद्धा के रूप में रविंद्र और राजाराम सम्मानित



**फरीदाबाद।** कोरोना योद्धा के रूप में फरीदाबाद से रेल वार्डन राजाराम शर्मा और चाइल्ड हेल्पलाइन से रविंद्र कुमार को जीआरपी एसपी संगीता कालिया की ओर से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जीआरपी एसएचओ सूरतपाल सिंह व उनकी टीम ने प्रशस्ति पत्र देकर दिया। एसएचओ सूरतपाल सिंह ने बताया कि रेल वार्डन राजाराम शर्मा ने कोरोना काल में हमारे साथ मिलकर बेहतर कार्य किया है। जहां पुलिस को इनकी जरूरत पड़ी, वहां यह रेल वार्डन खड़े दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि वैसे तो करीब 200 रेल वार्डन हैं, लेकिन इनमें से 50 सक्रिय है, जो दिन व रात पुलिस के साथ मुस्तैद रहते हैं। कई बार यह लोग अपनी डयूटी को भी छोड़कर कार्य में लग जाते हैं। ऐसे ही रविंद्र कुमार ने प्रशंसीय कार्य किए हैं।

### टीकाकरण शिविर का किया आयोजन



**फरीदाबाद।** एनएच पांच स्थित सन्त निरंकारी भवन में कोविड 19 टीका करण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 10 से तीन बजे तक लगाया गए शिविर में 45 साल से ऊपर 70 लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया। इससे पहले सेक्टर 21 सी में सोमवार को संत निरंकारी भवन में शिविर का आयोजन किया गया था और 18 अप्रैल को जवाहर कॉलोनी संत निरंकारी भवन में भी आयोजन किया जाएगा। शिविर ईएसआई एनएच पांच के सहयोग से किया गया। शिविर में कोविड-19 के सभी दिशा निर्देशों का पालन किया गया। शिविर में ईएसआई स्वास्थ्य विभाग की टीम और निरंकारी सेवादल के सदस्यों ने सहयोग किया। शिविर की पार्षद जयवंत सिंह ने भाग लिया और निरंकारी सेवा दल की धन्यवाद कर कहा कि वह लोग इस तरह लोगों की सेवा करते रहे, मैं उन सभी लोगों से अपील करता हू कि कोविड 19 वैक्सीन का टीका लगवाएं सरकार की गाइड लाइन का ध्यान रखें।

### ट्रस्ट की 5 वीं वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर आयोजित



**फरीदाबाद।** जन कल्याण ट्रस्ट की 5वीं वर्षगांठ पर रोटरी क्लब ऑफ इंडस्ट्रीयल टाउन द्वारा थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक नागेंद्र भड़ाना ने करते हुए कहा कि फरीदाबाद जन कल्याण ट्रस्ट, नवीन सैनी के नेतृत्व में समाज के लिए जो कार्य कर रहा है वह सराहनीय हैं। उन्हें इस बात का पूर्ण विश्वास है कि नवीन सैनी और उनकी टीम के प्रयासों से फरीदाबाद जन कल्याण ट्रस्ट की कोशिश नहीं बल्कि बदलाव में निर्णायक भी होगा। संस्था की संस्थापक नवीन सैनी ने बताया कि फरीदाबाद जन कल्याण ट्रस्ट का यह दूसरा रक्तदान शिविर है और शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। शिविर में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह, पूर्व पार्षद गजेंद्र पाल, युवा मोर्चा भाजपा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला, महामंत्री सचिन ठाकुर, पाइनवुड स्कूल चेयरमैन नरेंद्र परमार, रोटरी क्लब के डॉक्टर दीपक आदि उपस्थित थे। नवीन सैनी ने कहा कि शिविर को सफल बनाने के लिए फरीदाबाद जन कल्याण ट्रस्ट की पूरी टीम सूरज प्रधान, रवि पांडे, अनुज प्रताप, योगेश सैनी, दीपशिखा अधिकारी, योगिता, ज्ञानेंद्र शर्मा, नवीन नागर, जीत वशिष्ठ, पवन, सुधीर यादव, राहुल चंदीला, नवीन देशवाल, सुमित शर्मा, तुषार और जतिन आदि ने पूरा सहयोग किया।

# अवकाश के दिन जुटी भीड़ से टूटे कोविड-19 के नियम

कविता। फरीदाबाद

**जहां** एक तरफ कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। वहीं दूसरी तरफ गर्मी के कारण मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसा ही जिले के सबसे बड़े सिविल अस्पताल में अम्बेडकर जयंती के मौके पर देखने को मिला। यहां मरीजों के परिजन ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से बहस करते नजर आए। यहां रोजाना दो से ढाई हजार मरीजों की भीड़ होने पर जिस तरह ओपीडी में लाइने लगती थी, बुधवार को अवकाश के कारण आपातकालीन कक्ष में भी इस तरह की लाइनें देखने को मिलीं। जहां कोविड-19 के नियमों की धज्जियां उड़ रही थी।

### ये था हाल

**बाबा** साहेब भीमराव अम्बेडकर की 130वीं जयंती पर सरकारी अवकाश होने के कारण बीके सिविल अस्पताल की ओपीडी बंद थी। वहीं मरीजों की भारी संख्या आपातकालीन कक्ष में बढ़नी शुरू हो गई। इलाज के लिए सुबह से शाम तक सैंकड़ों मरीज पहुंचे। आपातकालीन कक्ष के कमरा नम्बर 40 के बाहर मरीज लम्बी लाइनों में बुधवार को खड़े नजर आए। कुछ मरीजों के परिजन कर्मचारी से लड़ते नजर आए।

### ये लगाया आरोप

**मरीजों** के तीमारदार परिजनों का कहना था कि कमरा नम्बर 40 में



सैकड़ों लोग खड़े हैं, लेकिन कर्मचारी एक है। ऐसे में उन्हें यहां रेफर होकर आए परिजन मरीजों को भर्ती कराने के लिए कागज समय पर नहीं बनवा पाने के कारण मरीज के इलाज में देरी हो रही है। एक महिला ने कर्मचारी को बोला कि 'मेरे बीमार पति को बल्लभगढ़ से रेफर किया गया है, डॉक्टर ने पर्चा बनवाकर लाने पर ही आगे के इलाज का बोला है। इसलिए आप मेरे कार्ड का नम्बर पहले लगा लीजिये।' वहीं इतना सुनते ही दूसरे तीमारदार भड़क उठे और उन्होंने कहा कि वह पहले से खड़े हैं और उनके मरीज भी रेफर होकर आए हैं।

### टूटे नियम

**मरीजों** व तीमारदारों की भीड़ के बीच सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ती नजर आईं। जब ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी से इस विषय में बात की गई, तो उसने बताया कि भीड़ बढ़ रही है। ऐसे में वह क्या करे। ऐसा ही आपातकालीन कक्ष में देखा गया कि जहां एक बिस्तर पर दो-दो मरीजों को भर्ती किया गया था। ऐसे में कोरोना के फैलने का खतरा और बढ़ गया।

## झपटमार दबोचा

**फरीदाबाद।** जीआरपी ने यात्रियों से झपटमारी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल और तीन हजार रुपये बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी सूरतपाल सिंह को मंगलवार शाम को जानकारी मिली की बल्लभगढ़ मेन गेट रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति संदिग्ध लग रहा है। थाना प्रभारी ने बल्लभगढ़ चौकी इंचार्ज विश्वास कुमार को कार्रवाई करने के लिए कहा। चौकी इंचार्ज तुरंत पुलिसकर्मियों के साथ बताए गए स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने उस व्यक्ति को दबोच लिया, जब वह झपटमारी करने वाला था। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम मुकेश कुमार बताया, जो खारी बावली दिल्ली का रहने वाला है।

# कोरोना ने तोड़े रिकॉर्ड : एक मौत 838 पॉजिटिव से आंकड़ा 52043

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में बुधवार को एक बार फिर कोरोना मरीजों की संख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। कोरोना पीड़ित 838 नए मरीज आए हैं। पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़े 52043 पर पहुंच गए। दूसरी तरफ जिले में एक मौत और होने से मृतकों की संख्या का आंकड़ा 429 पर पहुंच गया।

राहत की बात यह रही कि 282 मरीजों को ठीक होने पर घर भेज दिया है। स्वस्थ्य होने की दर 93.03 प्रतिशत रह गई है। पॉजिटिव 838 में सर्वाधिक मरीज सेक्टर-11 से 15 हैं। सेक्टर-9 से 14 मरीज हैं। वहीं सेक्टर-88 से 13 मरीज हैं। सेक्टर-77 और चार्मवुड से 12-12 मरीज हैं। सेक्टर-15 से 10 मरीज हैं। सेक्टर-19 से 7 मरीज हैं। इसके अलावा सेक्टर-23, 22, 70, 49, 55, 65, 84, 87, 85, 89, 37 के अलावा एफसीआई कॉलोनी, दयालपुर, नवादा, सूरजकुंड, दयालबाद, छायंसा, प्याला, भनकपुर, अंखीर, भाटिया कालोनी, डबुआ कॉलोनी, स्प्रींग फिल्ड कालोनी, मुजेड़ी, नीमका, तिगांव, लकडपुर, सेहतपुर, सारन, सूर्या कालोनी, एसी नगर समेत अन्य एरियों से मरीज शामिल हैं।



**बदल गए लक्षण :** कोरोना की दूसरी लहर पहले से और भी ज्यादा खतरनाक है। साथ ही साथ इसमें कुछ अलग तरह के लक्षण भी देखने को मिल रहे हैं। सर्दी, जुकाम के साथ ही सूंघने और स्वाद की क्षमता का चले जाना कोविड-19 के सबसे खास लक्षणों में से एक है।

नए लक्षणों में खांसी आना स्मोकिंग करने वालों की तरह हो तो इस पर गौर करने की जरूरत है। इसके अलावा आखें लाल होना भी इसके नए लक्षणों में शामिल है। तो अगर आंखें लाल हैं, उनमें सूजन है, खुजली के साथ ही पानी भी आ रहा है तो इसे नजर अंदाज न करें। कोरोना के नए स्ट्रेन से जूझ रहे मरीजों में ये लक्षण भी देखने को मिल रहे हैं। वहीं यदि सांस लेने में परेशानी और उलझन हो रही है तो इसे हल्के में लेने की गलती बिल्कुल न करें। क्योंकि ये भी कोरोना का नया लक्षण है। वहीं नई स्टडी के अनुसार डायरिया, उल्टी, मरोड़, उबकाई और दर्द जैसी परेशानियां भी कोविड के नए लक्षण हैं। तो अगर आप भी इससे परेशान हैं तो बिना देर किए अपना चेकअप कराएं और बिना मास्क के कहीं भी बाहर न निकलें, किसी से बात करते वक्त दूरी रखें और हाथ धोते रहें।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| जिले में कुल जांचें | : 606784 |
| अब तक पॉजिटिव | : 52043 |
| अब तक नेगेटिव | : 551494 |
| अब तक ठीक | : 48580 |
| एक्टिव केस | : 3034 |
| अब तक मौत | : 429 |
| ऑक्सीजन पर हैं | : 94 |
| वैंटिलेटर पर हैं | : 5 |

## हम सभी को बाबा साहब अम्बेडकर के बताए मार्ग पर चलना चाहिए : सुनीता फागना

**फरीदाबाद।** कांग्रेस पार्टी महिला जिलाध्यक्ष सुनीता फागना के नेतृत्व में राम नागर स्थित बौद्ध विहार पर बुधवार को भारत रत्न डॉ. आंबेडकर की 130वें जयंती पर उनकी प्रतिमा पर प्रतिमा पर पुष्पवर्षा की। सभी ने श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण करते हुए नमन किया।

सुनीता फागना ने कहाकि बाबा साहब ने शिक्षा पर विशेष बल दिया था। शिक्षा से किसी भी वर्ग, समाज और राष्ट्र का कल्याण संभव है। आगे बढ़ने के लिए अच्छी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। इसी के चलते बाबा साहब ने गरीब वर्ग को अधिकाधिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिक्षा के सहारे जीवन के अंधियारे को दूर किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने संगठित रहने का संदेश भी दिया। उनकी शिक्षा व संदेश आज भी प्रासंगिक हैं। हमें मिल-जुलकर एक बेहतरीन व सभ्य समाज के निर्माण का प्रयास करना चाहिए, जहां किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में किसी भी प्रकार का भेदभाव निराशाजनक है। इस मौके पर रंधावा फागना,बसपा फरीदाबाद जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी,सुभाष तंवर, महेंद्र, सोनदेई, टीकम सिंह गौतम और जोगिंदर आदि अन्य मौजूद थे।

# किशारी से दुष्कर्म का आरोपी पड़ोसी अधेड़ गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** कमिश्नर ओपी सिंह ने शहर में हो रहे अपराधों का संज्ञान लेते हुए पोस्को, रेप, छेड़छाड़ और औरतों के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने के लिए सभी थाना चौकी महिला थाना को निर्देश दिए हैं।

कार्रवाई करते हुए महिला थाना इनआईटी ने आरोपी शामल मंडल को 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने के जुर्म में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए आरोपी का नाम शामल मंडल है जो पश्चिम बंगाल का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद की पर्वतीय कॉलोनी में रह रहा था। आरोपी ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है। आरोपी पीड़िता का पड़ोसी है और पीड़िता व उसकी 17 वर्षीय बड़ी बहन के साथ उसकी जानकारी है। आरोपी की उम्र लगभग 55 वर्ष है जो पर्वतीय कॉलोनी में ही ई रिक्शा चलाता है। आरोपी अपने पूरे परिवार के साथ यहां रह रहा था। उसके परिवार में उसकी पत्नी के अलावा तीन लड़के भी हैं। आरोपी ने इससे पहले पीड़िता की बड़ी बहन को बहलाकर उसके साथ वर्ष 2019 में बलात्कार किया और वर्ष 2020 से पीड़िता के साथ बलात्कार कर रहा था। पुलिस टीम ने बताया कि 12 अप्रैल को महिला थाना में पीड़िता ने अपनी शिकायत दी जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई। पुलिस ने शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को मात्र 24 घंटे में फरीदाबाद की पर्वतीय कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया। चाइल्ड वेलफेयर कमिटी और मजिस्ट्रेट के सामने पीड़ित लड़की के बयान करवाकर व कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# जूनियर रेडक्रॉस, ब्रिगेड और आरडब्लए का सेक्टर 29 में सेनेटाइजेशन





**फरीदाबाद।** सैंट जॉन एम्बुलेंस, जूनियर रेडक्रॉस और रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 29 फरीदाबाद ने कोरोना महामारी से बचाव के लिए पिछले वर्ष की तरह फिर से इस महीने के प्रारंभ से ही सम्पूर्ण सेक्टर को सनेटाइज करने का अभियान शुरू कर दिया है।

जिला फरीदाबाद के सैंट जॉन एम्बुलेंस और जूनियर रेडक्रॉस लाइफ मेंबर, सर्व नेशनल मास्टर ट्रेनर, काउंसलर व एन एच तीन फरीदाबाद कन्या विद्यालय के प्राचार्य रवीन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि हर दूसरे दिन प्रत्येक पॉकेट के प्रत्येक मकान के मुख्य प्रवेश द्वार को उचित प्रकार से सेनेटाइज किया जा रहा है, ताकि किसी प्रकार का इंफेक्शन सेक्टर में प्रवेश न कर पाए। उन्होंने बताया कि महासचिव सुबोध नागपाल, राजीव गोयल प्रधान, नारायण सिंह, सुनील गुगलानी, पीएल दुआ, सुरेश चंद गोयल और प्रबुद्ध नागरिकों के साथ मिलकर कर्फ्यू का पालन करने और सामाजिक दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सेक्टर 29 फरीदाबाद की रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी की रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के सचिव विकास कुमार, डीटीओ इशांक कौशिक और मनोज कपिल ने सेनेटाइजेशन कार्य की प्रशंसा की। सेक्टर को सैनेटाइज करने के लिए आरडब्लयूए के सभी पदाधिकारी और विशेष रूप से महासचिव, कार्यकारिणी के सदस्य और राम कुमार बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

# पूर्व मंत्री गोयल के कार्यालय पर टीका उत्सव में लगी वैक्सीन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर** 16 स्थित अपने कार्यालय पर पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल द्वारा बादशाह खान सरकारी अस्पताल के डॉक्टर व अन्य सदस्यों की सहायता से कोरोना की वैक्सीन लगाने का कैम्प लगाया गया।

विपुल गोयल ने मौके पर वैंक्सीन लगवाने आए सभी लोगों का मनोबल बढ़ाया और अन्य दूसरे लोगों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया ताकि लोगों में जागरुकता आए। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने कोरोना की वैक्सीन लगवा शिविर का लाभ उठाया। विपुल गोयल ने लोगों से मास्क लगाने और जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलने की अपील की और प्रदेश में लगे नाइट कर्फ्यू पर कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जो फैसला किया है वह आम जन के हित में किया है, इससे लोगों की आवाजाही में कमी आएगी और सरकार द्वारा उठाया गया कदम कोरोना की रोकथाम में कारगर सिद्ध होगा।



विपुल गोयल ने कहा की हमारे देश का परम् सौभाग्य है की हमारे भारत देश की कमान एक मजबूत नेतृत्व के हाथ में है।

प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के दिशा निर्देश पर भारत में चल रहा दुनिया का सबसे बड़ा कोरोना वैक्सीनेशन अभियान है और पूरे विश्व में सिर्फ् भारत देश ऐसा है जहां नि:शुल्क दवा लगायी जा रही है। सरकार द्वारा जगह जगह कैंप लगाकर लोगों को वैक्सीन दी जा रही है और बहुत जल्द 45 से कम उम्र के लोगों को भी अभियान में जोड़ा जाएगा। इस मौके पर प्रवीण चौधरी, राज कुमार राज, विजय शर्मा, बाबू लाल, पार्षद सूरजित अधाना, सीमा भारद्वाज, महेश कुमार, डॉक्टर पूजा भारद्वाज, डॉ. सोनिया बंसल, कमला देवी, सरोज कुमारी, सुनीता देवी, मोनिका बत्रा, मोनिका, उषा समेत कई डॉक्टर और सहकर्मी मौजूद थे।

## जवान ने घायल युवक को पहुंचाया अस्पताल

**फरीदाबाद।** एक युवक की जान आरपीएफ के जवान हेड कॉन्स्टेबल वीरपाल सिंह की मदद से बच गई। बुधवार को फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए युवक को वीरपाल सिंह ने बीके अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है, लेकिन अभी वह बेहोशी की हालत में है।

जानकारी के मुताबिक 20-25 साल का एक युवक फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर सीमेंट गोदाम के आसपास रेलवे लाइन पार कर रहा था, तभी वह दिल्ली की तरफ से तेज गति से आ रही मालगाड़ी की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। इससे की प्लेटफॉर्म पर खड़े यात्रियों ने शोर मचा दिया। उस दौरान आरपीएफ जवान वीरपाल सिंह प्लेटफॉर्म डयूटी पर थे। शोर शराबा सुन कर वह उस तरफ भागे, जहां वह युवक पड़ा था। वीरपाल ने अपनी वर्दी की परवाह नहीं की और वह खून से लथपथ युवक को गोदी में उठा कर एक तरफ ले गया। एक व्यक्ति की मदद से वीरपाल ने उसे ऑटो में बैठा कर बीके अस्पताल पहुंचाया।

# बाबा साहेब ने देश के नव निर्माण में निभाई अहम भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर एक एसे विचारक का नाम है जिन्होंने अपना सारा जीवन दलित, पिछड़े और शोषित लोगों के उत्थान में लगा दिया। यह बात केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बुधवार को अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने भीम बस्ती, ओल्ड फरीदाबाद, संतोष नगर, हार्डवेयर चौक आदि पर डॉ अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में लोगों को सम्बोधित किया। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि डॉ भीम राव अम्बेडकर ने संविधान निर्माण के साथ-साथ भारतीयों में आधुनिक सोच की नींव भी डालने की महवपूर्ण भूमिका निभाई। जिन्होंने भारत के संविधान निर्माता, चिंतक, समाज सुधारक के रूप में आज भी हर भारत



वासी के दिल मे अपनी एक अगल पहचान है।

उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के महू में 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। भीमराव रामजी अंबेडकर को बाबा साहेब के नाम से भी पहचाना जाना जाता है। डॉ अम्बेडकर भारतीय राजनीतिज्ञ, न्यायविद और अर्थशास्त्री के रूप में भी जाने जाते हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए लड़ाई लड़ी और छुआछूत के खिलाफ भेदभाव का विरोध किया। जिनके इस प्रकार के अथक प्रयासों की जितनी भी प्रशंसा की जाये वह कम है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि डॉ. भीम राव अम्बेडकर के दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम समाज और देश के नव निर्माण में अपनी महती भूमिका का निर्वाह कर सकते हैं। इस दौरान संतोष नगर कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ उप महापौर देवेंद्र चौधरी, पार्षद अजय बैसला, अनिल नागर, बिजेंद्र बाल्मीकी, विरेंद्र लालाजी, बिजेंद्र वाल्मीकि, गोपाल वाल्मीकि, रजिंदर बाल्मीकी, रवि दास उपस्थित रहे। भीम बस्ती कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, एससी मोर्चा अध्यक्ष नरेश नंबरदार, अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी और सदस्य बंसीलाल, पुनीत गौतम, त्रिवेदी, रोशन लाल, तेज सिंह सेनी, कुंदन लाल उपस्थित थे।

हार्डवेयर चौक के कार्यक्रम में मेयर सुमन बाला विधायक सीमा त्रिखा, गोपाल शर्मा, पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना, नरेश नंबरदार, दिनेश नरवाना, जगदीश, वरिष्ठ दलित नेता ओपी धामा, संजीव खुशवाहा, वेदराम एसी मोर्चा के पदाधिकारी, नंगला मंडल अध्यक्ष कविंद्र चौधरी, पार्षद वीर सिंह नैन, पार्षद सुरेंद्र अग्रवाल, जिला महामंत्री डॉ. आरएन सिंह ओबीसी जिला अध्यक्ष भगवान सिंह, डबुआ मंडल अध्यक्ष संजीव सोम, पार्षद नरेश नंबरदार, राजकुमार बोहरा आदि मौजूद रहे।

# स्वयं का बचाव कर करें सभी की सुरक्षा : गुर्जर

**फरीदाबाद।** कोरोना एक संक्रामक बीमारी है। इससे बचने के उपायों को अपनाकर ही इसके बुरे प्रभाव से खुद को और अपने परिवार को बचाया जा सकता है।



यह बात केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भीम बस्ती के सरकारी अस्पताल प्रांगण में कोविड वैक्सीनेशन कैंप के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का ध्यान रखना, समय-समय पर हाथ धोते रहना, मास्क का प्रयोग करना, दो गज की दूरी बनाए रखना हम सबके लिए बेहद जरूरी है तभी हम कॅरोना के बुरे प्रभाव से सबको मिलकर बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के तत्वावधान में चलाए जा रहे कॅरोना वैक्सीनेशन को तीव्रता प्रदान करने के सभी आवश्यक कदम उठाए जाने के पीछे सिर्फ एक ही कारण है कि आमजन कॅरोना व इससे आमजन पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों प्रति सजग व जागरूक रहें और इसके बचाव के उपायों को अपनाते हुए अपने परिवार की हितों को ध्यान में रखते हुए इससे बचकर रहें साथ ही इसके लिये ओरों को भी प्रेरित करें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे कोरोना वैक्सीनेशन जरूर की दोनों डोज जरूर लगवाएं और इसके लिए अन्य लोगों को भी जागरूक करें।

# संक्षिप्त समाचार

## मंत्री ने मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती



**बल्लभगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे हरियाणा में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का 130वां जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बल्लबगढ़ में भी अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने अंबेडकर चौक पर पहले माल्यार्पण किया। उसके बाद शहीद गुलाब सिंह सैनी भवन आदर्श नगर में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक इस धरती पर मानव जीवन रहेगा, तब तक बाबा भीमराव अंबेडकर का नाम रहेगा। मंत्री शर्मा ने कहा कि आज शिक्षा के बलबूते पर बड़ी-बड़ी नौकरियों में गरीबों के बच्चों का चयन हो रहा है, ये मोदी और मनोहर के राज में ही संभव हो पाया है। परिवहन मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा के राज में किसानों को सीधे खाते में पूरी राशि भेजी जाती है पेंशन धारियों को खाते में सीधी पेंशन जाती है। मौके पर पार्षद उमा सैनी, पार्षद दीपक यादव, पार्षद हरप्रसाद गोड़, टिपरचंद शर्मा, भवानी प्रसाद, बुद्धा सैनी, योगेश शर्मा, महावीर सैनी,योगेश शर्मा, गजेंद्र वैष्णव, कैलाश वशिष्ठ, लखन बैनीवाल, संजीव बैसला, दर्शन ठाकुर, टेकचन्द, खेमचंद, किरपाराम, राजबाला, महेंद्र वैश्णव, सुषमा यादव और रविन्द्र आदि कॉलोनी के लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने डॉ. अंबेडकर को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**फरीदाबाद।** भारत के संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के 130वें जन्मोत्सव हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ के सेक्टर-10 स्थित कांग्रेस भवन पर सादगीपूर्वक मनाया गया। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर जिले के कांग्रेसियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें नमन करते हुए उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण में किए गए कार्यों को याद किया। कांग्रेसियों ने संयुक्त रूप से कहा कि देश में गरीब व पिछड़े वर्गों को उनके हकों को दिलवाने में बाबा साहब ने अहम भूमिका निभाई थी, आज उन्हीं की बदौलत दलित व पिछड़े वर्ग के लोग समाज की मुख्यधारा से जुड़ पाए है और उन्हीं की बदौलत ही आज गरीब, मजदूर व महिलाओं को वोट डालने का अधिकार मिल पाया है। उन्होंने कहा कि डा. साहेब ने एक समाज की नहीं बल्कि सर्व समाज के हकों के लिए संघर्ष किया और उनके हकों को दिलवाने के लिए सदा प्रयासरत रहे। आज उनके जन्मोत्सव पर हम सभी को उनके बताए आदर्शों को अपनाते हुए देश व समाजहित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए और हमें बाबा साहेब का अनुसरण करते हुए समाज को एक सूत्र पिराने के लिए प्रयास करने चाहिए और आपसी मतभेद भुलाकर संगठित रहना चाहिए।

## स्कूल में लगाया गया नि:शुल्क कोरोना वैक्सीनेशन कैंप



**फरीदाबाद।** विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 2 में रोटरी क्लब ऑफ इंडस्ट्रीयल टाउन के सहयोग से सरकार द्वारा चलाये जा रहे कोरोना टीका उत्सव अभियान के अंतर्गत नि:शुल्क कोरोना वैक्सीनेशन कैंप लगाया। कैंप का शुभारम्भ कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा के बड़े भाई पंडित टिप्पर चंद शर्मा ने किया। स्कूल के चेयरमैन धर्मपाल यादव ने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान मात्र वैक्सीन भी लोगों को जीवन का आधार नजर आ रही है। इसी को देखते हुए आज का आयोजन किया गया है। यादव ने इस अवसर पर सभी से अनुरोध किया कि अफवाहों पर ध्यान न देकर सभी कोरोना की वैक्सीन लगवाएं। क्यूंकि वैक्सीन ही आपको संक्रमण से बचाएगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्कूल के डायरेक्टर दीपक यादव ने कहा कि जिला उपायुक्त मार्गदर्शन में यह सभी कार्य किए जा रहे हैं। रोटरी क्लब ऑफ इंडस्ट्रीयल टाउन के सहयोग से स्कूल में लोगों का वैक्सीनेशन किया गया है। डेढ़ सौ लोगों को वैक्सीन लगाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोटरी क्लब ऑफ इंडस्ट्रीयल टाउन के प्रेजिडेंट विनय रस्तोगी, प्रसिद्ध कवि मोहन शास्त्री, लखन बेनीवाल, राजीव गोयल आदि गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

## राजीव नगर में आंबेडकर जयंति पर समारोह आयोजित



**फरीदाबाद।** सामाजिक समरसता के अग्रदूत, संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती पर बुधवार को राजीव नगर में आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर, वरिष्ठ उपमहापौर देवेंद्र चौधरी, पार्षद अजय बैसला, अनिल नागर, उमेश शर्मा तिलपत, राव धरम, रविंद्र त्यागी सेहतपुर, तिलपत मंडल अध्यक्ष विवेक, विनोद गुप्ता, अमित मिश्रा, बिजेंदर बाल्मीकि मवई से और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को शत शत नमन कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के सविधान निर्माण की चुनौती को डॉ. भीमराव अंबेडकर और कई दूसरे लोगों ने बाखूबी निभाया था, पर इन सब में सबसे अहम किरदार निभाया था बाबा साहब ने। उन्होंने कहा कि आज भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है और देश की सभी चुनौतियों और हितों की रक्षा करने में सक्षम है। देवेन्द्र चौधरी ने कहा कि बाबा साहब विद्वान और बड़े विधिवेत्ता थे। उन्हें राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय कानून की गजब की समझ थी। उन्होंने अपनी इसी अनुभव को भारत के संविधान निर्माण में इसका प्रयोग किया जिमसें सभी के विकास और अधिकार की व्यवस्था की गई थी।

## टीकाकरण की मंत्री शर्मा ने की शुरुआत



**फरीदाबाद।** हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने टीकाकरण उत्सव की शुरुआत करते हुए कहा कि देश और प्रदेश की जनता बढ़-चढ़ करके कोरोना की वैक्सीन टीकाकरण में हिस्सा लें और टीकाकरण के इस अभियान को एक उत्सव के रूप में मनाए। सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें। तभी देश से कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का सफाया होगा। शर्मा ने कहा कि टीका लगवाने से डरने की जरूरत नहीं है। यह टीका कोरोना बीमारी से लड़ने में एक बड़ा हथियार साबित हो रहा है। बुधवार को बल्लभगढ़ के सीही गेट स्थित सीताराम मंदिर में टीकाकरण उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। बल्लभगढ़ से सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। वैक्सीन एएनएम मीनू ने टीके लगाए। मौके पर डॉक्टर एनडी तिवारी, पार्षद दीपक यादव, सुनील कौशिक, प्रेम मदान, श्याम सुंदर शर्मा, प्रवीण अरोड़ा, बिल्लू पहलवान, डॉ. कुलभूषण, पीके गोयल संजय वर्मा, सुनील पुजारी सहित टीका लगवाने आए 45 वर्ष से अधिक आयु के लोग और बुजुर्ग मौजूद रहे।

# अमेरिकी मूल के लोगों से फर्जी कॉल सेंटर के जरिए करते थे ठगी

### मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने छापेमारी कर किया भंडाफोड़

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** उड़नदस्ता ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करके एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान खुलासा हुआ कि सोशल सिक्योरिटी के नाम पर धोखाधड़ी करके अमेरिकी मूल के लोगों से इस कॉल सेंटर के माध्यम से ठगी की जाती थी। मौके पर कई लोगों को काबू किया गया। मौके पर एक लैपटॉप, एक हार्ड डिस्क और एक लाख 90 हजार रुपये भी बरामद किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उड़नदस्ता गुरुग्राम को सूचना मिलती थी कि अंसल कारपोरेट प्लाजा टावर पालम विहार की पहली मंजिल पर मेडिसिन ग्लोबल इंफोटेक प्रा. लि. द्वारा अवैध तरीके से कॉल सेंटर चलाया जा रहा है। वहां से अमेरिका के लोगों को सोशल सिक्योरिटी नंबर के माध्यम से धोखाधड़ी करके ठगी की जाती थी। इस सूचना पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता गुरुग्राम की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए इस सूचना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी और कानून की सभी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए एक रेडिंग टीम गठित की। टीम ने अंसल प्लाजा में संबंधित ठिकाने पर छापा मारा। इस दौरान वहां पाया कि छह लड़के और तीन लड़कियां अंग्रेजी भाषा में हेडफोन लगाकर बात कर रहे थे तथा सभी के सामने



गुरुग्राम के अंसल प्लाजा में फर्जी कॉल सेंटर में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता द्वारा पकड़े गए आरोपी।

कंप्यूटर सिस्टम रखे हुए थे। जिनकी पुलिस टीम द्वारा फोटो व वीडियो किए गए। टीम ने मौके से अक्षय दलाल पुत्र महिंद्र दलाल निवासी मध्यप्रदेश, नगंगीनलिये हंगल निवासी मणिपुर, सिमिनलाल टूथनग वासी मणिपुर, स्कूयुर निवासी मणिपुर, विकटो अचूमी निवासी मणिपुर, इम्नलोंग निवासी नागालैंड, मंगचा बैठे निवासी मणिपुर को हिरासत में लिया। सभी आरोपियों के खिलाफ साइबर अपराध थाना में केस दर्ज कराया गया है। अवैध कॉल सेंटर मालिक से जब कॉल सेन्टर से सम्बन्धित जरूरी कागजात, कंपनी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट डीओटी लाइसेंस, पेमेंट आदि की जानकारी मांगी गई। इस पर वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

### जनवरी से चल रहा था ये फर्जी कॉल सेंटर

**आरोपियों** ने पूछताछ में बताया कि मेडिसिन ग्लोबल इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से अपनी कंपनी कॉल सेंटर शुरू किया हुआ था। इस कॉल सेंटर को ये जनवरी-2021 से चला रहे हैं। कॉल सेन्टर पर अमेरिका के लोगों को सोशल सिक्योरिटी नंबर के नाम पर उनसे ठगी करते हैं। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में यह भी बताया कि दो साल पहले वह गुरुग्राम में कॉल सेन्टरों पर नौकरी कर चुका है। नौकरी के दौरान ही उसने अपना कॉल सेंटर शुरू करके अधिक रुपये कमाने का आइडिया आया। तब से ये अमेरिकी लोगों को टारगेट करके उनके साथ ठगी कर रहे हैं।

## दो महिला और तीन किशोर लापता

**पलवल।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो महिला और तीन किशोर रहस्यमयी परिस्थिति में लापता हो गए। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की शिकायतों पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान के अनुसार एक पीड़ित व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि 20 वर्षीय पत्नी छह वर्षीय और चार वर्षीय दो पुत्रों सहित बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। एक और पीड़ित की 28 वर्षीय पत्नी छह अप्रैल को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली। तीसरे पीड़ित ने सदर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि उसका 16 वर्षीय पुत्र अक्षप 12 अप्रैल को घर से बगैर कुछ बताए कहीं चला गया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त-समाचार

### ब्राह्मण वेलफेयर एसो. के तीसरी बार अध्यक्ष बने अजय शर्मा



**गुरुग्राम।** ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव सर्वसम्मति से हो गए हैं। जिसमें भीमगढ़ खेड़ी निवासी अजय शर्मा को तीसरी बार अध्यक्ष चुना गया हैं। चुनाव अधिकारी आरएल शर्मा एडवोकेट ने बताया कि संरक्षक के लिए प्रसिद्ध समाजसेवी व एसडी आदर्श विद्यालय सोसाइटी की अध्यक्ष आशा शर्मा, सुरेश शर्मा एडवोकेट पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय श्री चौरासिया ब्राह्मण महासभा, चंद्र प्रकाश भारद्वाज अध्यक्ष ब्राह्मण एकता मंच पूवव़ पुलिस इंस्पेक्टर व राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित, कल्याण सिंह शर्मा पूर्व आईआरएस, राजकुमार त्यागी प्रसिद्ध समाजसेवी, रामनिवास शर्मा पूर्व निर्माता-निर्देशक आठवां वचन फिल्म, डॉ. पवन वत्स चेयरमैन एचएसवी ग्लोबल स्कूल, सुशील गौड़ पूर्व उप जिला शिक्षा अधिकारी, बनवारी लाल शर्मा वरिष्ठ नेता बिजली यूनियन, नरेंद्र कौशिक प्रधान ब्राह्मण सभा झाड़सा गांव, नरोत्तम वत्स प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय परशुराम परिषद, डॉ. सुरेश कौशिक पूर्व प्राचार्य आईटीआई गुडगांव को मनोनीत किया है।

### जमीन के विवाद में दो पक्ष भिड़े, 15 आरोपियों पर केस

**पलवल।** जमीन की रंजिश के चलते दो पक्षों द्वारा आपस में लाठी-डंडे, सरिया से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। सदर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर 15 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी आनंद कुमार के अनुसार गांव जलालपुर खालसा निवासी जाहिदा ने शिकायत दर्ज कराई है कि गांव निवासी दीन मोहम्मद के परिवार से जमीन के मुकदमे की रंजिश चल रही है। दस अप्रैल को पीड़िता का पति घर से ड्यूटी जा रहा था तो रास्ते में दीन मोहम्मद के परिवार ने घेर लिया। पीड़िता का पति किसी तरह भागकर घर आ गया। उसी दौरान पीछे से दीन मोहम्मद, जमीला, आरीफ, साहिब, सगीर, समशीरा, शाहरुणी व मुज्जी लाठी-डंडा और सरिया लेकर घर में आ गए। पति-पत्नी को बाहर निकालकर हमला कर दिया, जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। दूसरे पक्ष की तरफ से दीन मोहम्मद ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके परिवार रहीश, शेर मोहम्मद, इमामूल, आसीफ, जयादा, सज्जान व रुक्की ने लाठी-डंडा व सरिया से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि



**होडल।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर स्थानीय पार्षद मोहित उर्फ मोनू कालड़ा के कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोहित कालड़ा उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रेमराज तंवर ने की तथा संचालन मंडल उपाध्यक्ष रामेश्वर दिक्षित ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए मोनू कालड़ा ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे व्यापक एवं सुंदरतम संविधान है, जहां प्रत्येक व्यक्ति को समानता का अधिकार है। इस संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब के सिद्धांतों को लेकर आगे बढ़ रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाकर बाबा साहब के सपनों को पूरा किया जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर हमेशा कहा करते हैं कि बाबा साहेब द्वारा दिए गए शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के संदेश आज भी प्रासंगिक हैं। बाबा साहब का मानना था कि शिक्षा के द्वारा ही अपने उद्देश्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर मास्टर फतेह चंद, महेश सौरोत, मंडल महामंत्री तिलोक राविया, चौधरी कडेरा सौरोत, जेपी सौरोत, रोहताश सौरोत, बहन आशावती, अशोक शर्मा भी उपस्थित थे।

### सरपंच ने महिला शिक्षक से किया रेप, अपहरण का प्रयास

**पलवल।** गांव दूधौला के सरपंच ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में जाकर 28 वर्षीय अध्यापिका के साथ दुष्कर्म कर अपहरण का प्रयास किया। पीड़िता द्वारा शोर मचाने पर आरोपी सरपंच उसके मोबाइल को लेकर फरार हो गया। गदपुरी थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी सरपंच के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया है लेकिन आरोपी सरपंच फिलहाल पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पलवल गदपुरी थाना में कार्यरत एसआई हनीश खान ने बताया कि एक पीड़िता युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह गांव दूधौला स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में केच के छोटे बच्चों को पढ़ाती है। 12 अप्रैल सुबह साढ़े दस बजे पीड़ित विश्वविद्यालय में बच्चों को पढ़ा रही थी। उसी दौरान दूधौला गांव का सरपंच सुंदर क्लास के अंदर आया और शारीरिक संबंध बनाने की बात कहने लगा। इतना कहते ही सरपंच ने पीड़िता के कपड़े फाड़ दिए और धक्का देकर जमीन पर गिराकर जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने विरोध किया तो सरपंच उसे अपनी कार में डालने लगा। उसी दौरान पीड़िता की बहन आ गई जो कि विश्वविद्यालय में ही पढ़ती है। पीड़िता ने शोर मचाया तो आरोपी सरपंच फोन लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# घबराने की जरूरत नहीं, हरियाणा में लॉकडाउन नहीं : दुष्यंत चौटाला

### रात्रि कर्फ्यू केवल कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने को लगाया

### डिप्टी सीएम ने जीवन सारथी अभियान के तहत अत्याधुनिक एंबुलेंस को किया फ्लैग ऑफ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के आर्टेमिस अस्पताल में जीवन सारथी अभियान के तहत एंबुलेंस रवाना करते उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

**उपमुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा प्रदेश लॉक डाउन की ओर नहीं बढ़ रहा है, बल्कि रात्रि कर्फ्यू केवल कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए एहतियाती तौर पर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि मैं हरियाणा में काम करने वाले एक-एक व्यक्ति को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आपको घबराने की जरूरत नहीं है। यह बात उन्होंने अंबेडकर जयंती के अवसर पर सेक्टर 51 स्थित आर्टेमिस अस्पताल में जीवन सारथी अभियान के तहत अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कार्डियक एंबुलेंस को झंडी दिखाने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कही।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जाए, जिसमें महामारी और न फैले उसके लिए एहतियातन कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब मुख्यमंत्रियों से चर्चा की थी, उस समय भी कहा था कि हम लोकडाउन की ओर नहीं जाएंगे, हमें तो सिर्फ संक्रमण को कम करना है। दुष्यंत ने कहा कि उन्हें लगता है कि रात्रि कर्फ्यू इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दुष्यंत ने कहा कि रात्रि कर्फ्यू लॉकडाउन नहीं है, इसमें आर्थिक गतिविधि को रोकने का काम नहीं किया जाएगा। सिर्फ नागरिक रात 10:00 बजे अपने कार्य बंद करके रात्रि 10:30 बजे तक अपने घर पहुंच जाएं। इससे शाम के समय लोगों की मूवमेंट से जो कोरोना की चेन बनती उसमें कट डाउन होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कोरोना की बढ़ती रफ्तार कम करने और चेन तोड़ने के लिए प्रदेश सरकार की तरफसे प्रयास जारी रहेंगे। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में आठवीं तक के स्कूल 30 अप्रैल तक बंद करने के निर्णय को सही ठहराते हुए दुष्यंत ने कहा कि हरियाणा में एक ही स्कूल, सैनिक स्कूल कुंजपुरा में कोरोना के 164 मामले आए हैं। ऐसे में क्या आप अपने बच्चों को जोखिम में डालना चाहेंगे, इसीलिए हमें एहतियातन स्कूल बंद करने का निर्णय लेना पड़ा। जरूरत पड़ी तो गर्मी की जो छुट्टियां मई में होती है, उनमें परिवर्तन कर दिया जाएगा।

### 50 लाख रुपये से अधिक की लागत से तैयार हुई एंबुलेंस

**एंबुलेंस** सेवा की शुरुआत पर उन्होंने कहा कि इस एंबुलेंस से गुरुग्राम जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में दूर-दराज में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं त्वरित गति से मुहैया करवाना संभव हो सकेगा। इस एंबुलेंस पर 50 लाख रुपये से भी अधिक की लागत आई है। दुष्यंत ने यह भी कहा कि यह पहला कदम इस भरोसे के साथ आगे बढ़ाया गया है कि एक वर्ष के अंदर अंदर गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण हमारे तमाम बड़े अस्पतालों और कारपोरेट कंपनियों के सहयोग से एंबुलेंस का एक ऐसा नेटवर्क बनाएं, जिससे गुरुग्राम के प्रत्येक कोने में 5 से 10 मिनट के अंदर मेडिकल फैसिलिटी व मेडिकल केयर की सुविधा पहुंच सके।

# हरीश बेकरी के बाहर कब्जा हटा रही डीटीपी से भिड़ी महिला

### बिना नोटिस कब्जे तोड़ने का किया विरोध

### बेकरी के बाहर कपड़े पर्स की दुकानें लगवा कर रहे थे कमाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शहर** के सेक्टर-4/7 चौक के पास स्थित हरीश बेकरी द्वारा किए गए कब्जे डीटीपी द्वारा तोड़ दिए गए। दुकान के बाहर काउंटर व अन्य सामान रखकर भी कब्जा कर रखा था। नगर निगम की जेसीबी ने सारा सामान तोड़ डाला। इसी दौरान एक महिला ने तोड़फोड़ का विरोध किया और डीटीपी से भिड़ गई। उन्हें चुनौती दी कि वह सामने खड़ी है, अब तोड़कर दिखाएं। इस दौरान काफी धक्का-मुक्की और नारेबाजी भी हुई।

अवैध कब्जे तोड़ने के लिए मंगलवार देर शाम डीटीपी आरएस बाठ अमले के साथ पहुंचे। हरीश बेकरी संचालक की ओर से बेकरी के बाहर लेडीज पर्स और रेडिमेट गारमेंट्स की अस्थायी दुकानें लगवा रखी थी। डीटीपी की ओर से यहां पहुंचने के बाद पूरा मौका मुआयना किया। इसके बाद उन्होंने जेसीबी से कब्जे तोड़ने के आदेश दिया। जेसीबी से कपड़े की अस्थायी दुकानें, हरीश बेकरी द्वारा किए गए पक्के निर्माण, दुकान के बाहर रखा गया सामान भी तोड़ दिया गया।

इस दौरान एक महिला उग्र हुई और डीटीपी से भिड़ गई। उन पर सवाल दागने शुरू कर दिए। महिला ने डीटीपी आरएस बाठ से कहा कि आखिर वे इस तरह से किसी की दुकान में तोड़फोड़ कैसे कर सकते हैं। दुकान में मालिक नहीं है। तोड़ने से पहले नोटिस देना चाहिए था। इस दौरान काफी गहमा-गहमा रही। डीटीपी उन्हें समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन महिला उग्र ही होती रही। अंत में महिला ने डीटीपी को चुनौती दी कि वह आगे बैठी है, अब तोड़कर दिखाएं। इसी बीच वहां पर हरीश बेकरी के कर्मचारियों व प्रशासनिक अमले के बीच धक्का-मुक्की हुई। डीटीपी ने अपने कर्मचारियों को सख्त आदेश दिए कि कोई भी अवैध निर्माण छोड़ा न जाए। हरीश बेकरी में मीडिया से बातचीत में आरएस बाठ ने कहा कि बेकरी संचालकों ने दुकान के बाहर अस्थायी दुकानें लगवा रखी थी। उनसे किराया वसूल रहे थे। अवैध कब्जा हटवाना प्रशासन का काम है। उन्होंने बताया कि जो महिला यहां विरोध कर रही थी, वह भी हरीश बेकरी से ही जुड़ी है।

# गुरुग्राम के होटल में रोटियों पर डाल रहा था थूक, दो गिरफ्तार

### सेक्टर-12 के ढाबे का है मामला



**गुरुग्राम।** कुछ दिन पूर्व दिल्ली के एक होटल में तंदूर पर रोटियां बनाने से पहले उन पर थूकने का मामला सामने आया था, कुछ वैसा ही मामला अब गुरुग्राम में भी आया है। यहां के सेक्टर-12 स्थित होटल पर एक युवक रोटियों पर थूक कर उन्हें सेंक रहा था। एक राहगीर ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। थाना प्रभारी ने बुधवार को बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सेक्टर-12 में इलसीफा नामक एक ढाबा है। ढाबे पर सुबह से लेकर शाम तक लोग खाना खाने आते हैं। मंगलवार को ढाबे पर रोटियां बनाने वाले युवक ने ऐसा कारनामा किया कि शायद ही भविष्य में कोई इस ढाबे पर रोटी खाये। वहां तंदूर पर रोटी बना रहा युवक रोटियों को तंदूर में लगाने से पूर्व उन्हें बेलकर उन पर थूक रहा था। यह सब वायरल एक वीडियो में सामने आया। शहर के देवीलाल नगर निवासी भगत सिंह ने के पास भी वीडियो पहुंचा। सेक्टर-14 पुलिस को दी शिकायत में भगत सिंह ने बताया कि वह खुद पहले उस होटल पर गया था, इसलिए होटल को पहचान लिया। मौके पर देखा कि वीडियो में नजर आ रहा युवक ही रोटी बना रहा है। पुलिस ने भगत सिंह की शिकायत पर ढाबे पर जाकर रोटी बनाने वाले के साथ ढाबा संचालक को हिरासत में ले लिया। उनकी पहचान दिल्ली के न्यू सीमापुरी निवासी मो. इब्राहिम और यूपी के मेरठ जिले के कुराली गांव निवासी उस्मान मलिक के रूप में हुई है। इब्राहिम ढाबा संचालक है।

## फर्रुखनगर नगर पालिका के उपाध्यक्ष मेहरचंद का निधन

**फर्रुखनगर।** नगर पालिका के उपाध्यक्ष, प्रजापति महासभा के सदस्य 58 वर्षीय मेहर चंद ठेकेदार का हृदयगति रुकने से देहांत हो गया। बुधवार को फर्रुखनगर के मुक्तिधाम आश्रम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। शव यात्रा में इलाके के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परमपिता परमात्मा से दुआ मांगी। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र दीपक प्रजापति ने दी। प्रजापति कुम्भकार संघ के चेयरमैन विनोद डिघलिया, उप-प्रधान सूरत सिंह मुंडाखेड़ा, देवकरण प्रजापति, सचिन, राकेश, होशियार सिंह, तेजभान सूबेदार, गोपीचंद, मुख्तयार सिंह, रामनिवास, पूर्व सैनिक हरदेव सिंह, रामनिवास, हरकेश, सुखपाल, राजेंद्र सिंह, सुंदर लाल आदि बताया कि मेहरचंद ठेकेदार फर्रुखनगर के वार्ड नंबर-1 से लगातार दो बार पार्षद चुने गए और पालिका के उपाध्यक्ष पद पर भी रहे। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए अनेक कार्य किए।

# सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं बाबा साहब का जीवन : नवीन गोयल

### नई बस्ती में डॉ. भीम राव अंबेडकर को श्रद्धा पुष्प अर्पित किए

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम की नई बस्ती में बाबा साहेब डा. बीआर अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित करते नवीन गोयल व अन्य।

**बाबा** साहेब डा. भीम राव अंबेडकर की जयंती के मौके पर बुधवार को यहां नई बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में बीजेपी युवा नेता नवीन गोयल पहुंचे। उन्होंने हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के जिला संयोजक मनीष कुमार सौदा, पार्षद दलीप साहनी, बीजेपी युवा नेता गगन गोयल, समाजसेवी बाली पंडित के साथ बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सभी को समान शिक्षा, स्वास्थ्य देने का हम प्रण लें। बाबा साहेब का जीवन सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है।

नवीन गोयल ने कहा कि जिस तरह से डा. बीआर अंबेडकर ने सर्व समाज को एकजुट रहने, वंचितों, शोषितों को उनके अधिकार देने का काम किया, उसी तरह से आज के समय में हम सबको उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए समाज का उत्थान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा आज के समय में बड़ी चिंता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समाज के कर्णधार हैं। एक मिशन लेकर आगे बढ़ें और समाज में बदलाव का काम करें।

इस मौके पर विहिप के जिला उपाध्यक्ष सुशील सौदा, पारस बख्शी, संजय सिंह चौहान, राजू झज्जरिया, रिंकू वाल्मीकि प्रधान, दया तंवर आर्टिस्ट, जुगेश सारवान, ओमदत्त, विनोद गहलोत, अमित सौदा, अन्नू साहनी, जोगी, मानव रक्षा दल के विकास कांगड़ा, राजेश गहचंद, अनूप सौदा, कुलदीप खैरालिया, सुरेंद्र गहचंद, इशु वाल्मीकि, वीरभान, सोमानंद, गुरू प्रसाद, कार्तिक, टिंशु आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहब के जीवन से सभी लें प्रेरणा : सुधीर सिंगला

### गुरुग्राम कोर्ट परिसर में लगी प्रतिमा पर किए पुष्प अर्पित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



डॉ. बीआर अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित करते विधायक सुधीर सिंगला व अन्य।

**बुधवार** को गुरुग्राम विधायक सुधीर सिंगला ने भाजपा के पूर्व अध्यक्ष, चेयरमैन सुभाष बराला के साथ अदालत परिसर में अम्बेडकर जयंती के अवसर पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता, भाजपा कार्यकर्ता और आम नागरिक भी मौजूद रहे।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज को सदा भेदभाव मिटाकर सभी को बराबरी पर लाने का काम किया। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज को यही संदेश दिए कि हम सबको एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए, ना कि विरोध। हम मिलकर बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। विधायक ने कहा कि डा. अंबेडकर अपने आप में एक संस्था थे, जिन्होंने उच्च शिक्षा हासिल करने के साथ देश का संविधान बनाने में अहम भूमिका निभाई। समाज को हमेशा कुछ देने की सोच के साथ वे काम करते थे। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर आज उनकी जयंती पर यही शपथ लेनी चाहिए कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज, देश के लिए अच्छे कार्य करें। अपने जीवन का एक उद्देश्य लेकर चलें। भीमराव रामजी अंबेडकर उर्फ ??बीआर अंबेडकर को भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार के रूप में जाना जाता है, लेकिन वह इससे बहुत अधिक थे। उन्होंने समृद्ध परंपराओं, विभिन्न विश्वासों से देश को आजादी दिलाने की लड़ाई लड़ी। 1927 तक डा. अम्बेडकर ने छुआछूत के विरुद्ध एक व्यापक आंदोलन शुरू करने का निर्णय किया। उन्होंने सार्वजनिक आंदोलनों, सत्याग्रहों और जलूसों के द्वारा, पेयजल के सार्वजनिक संसाधन समाज के सभी वर्गों के लिये खुलवाने के साथ ही उन्होनें अछूतों को भी हिंदू मन्दिरों में प्रवेश करने का अधिकार दिलाने के लिये संघर्ष किया। उन्होंने महाड शहर में अछूत समुदाय को भी शहर की चवदार तालाब से पानी लेने का अधिकार दिलाने कि लिये सत्याग्रह चलाया। डा. अंबेडकर दो बार भारतीय संसद के ऊपरी सदन राज्य सभा में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत की संसद के सदस्य बने थे। राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका पहला कार्यकाल 3 अप्रैल 1952 से 2 अप्रैल 1956 के बीच था। उनका दूसरा कार्यकाल 3 अप्रैल 1956 से 2 अप्रैल 1962 तक आयोजित किया जाना था, लेकिन कार्यकाल समाप्त होने से पहले, 6 दिसंबर 1956 को उनका निधन हो गया। उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के दौरान पूर्व सरपंच अनिल यादव, पार्षद कुलदीप यादव, रणजीत सिंह, पार्षद योगेंद्र सारवान, पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी समेत काफी संख्या में समाज के अग्रणी लोग मौजूद रहे।

## चोरी की तीन वारदातों को दिया अंजाम

**पलवल।** कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग जगह चोर तीन वारदातों को अंजाम देकर रफूचक्कर हो गए। चोर ऑटो सवार व्यक्ति के तीन लाख रुपये, दूसरी जगह से बाइक और तीसरी जगह से कार के सायलेंशर को चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी यादराम के अनुसार राइस मिल आलापुर में काम करने वाले सुरेंद्र जैन ने शिकायत दर्ज कराई है कि 13 अप्रैल को वह कंपनी के चार लाख 60 हजार रुपये होड़ल जाने के लिए महिला थाने के पास ऑटो में सवार हुआ। ऑटो में पांच सवारी पहले ही बैठी हुई थीं। पीड़ित के पास एक महिला व उसकी बच्ची बैठी हुई थी। पीड़ित ने जब होड़ल पहुंचकर अपना थैला चेक किया तो उसमें से तीन लाख रुपये गायब थे। इसी प्रकार चोर प्रकाश विहार निवासी सुंदर लाल की बाइक को गुप्ता नर्सिंग होम के पास व न्यू एक्सटेंशन कालोनी विनोद की ईको कार के सायलेंशर को कालोनी से ही चोरी कर ले गए।

# विबग्योर ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने स्टूडेंट्स के लिए पेट डे मनाया





पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**विशेषज्ञों** का कहना है कि पूरे दिन इंडोर रहते हुए पालतू पशुओं के साथ समय बिताने से बच्चों में गैर-मौखिक संवाद, संवेदना और समानुभूति विकसित करने में मदद मिल सकती है। जो पालतू पशु आमतौर पर आउटडोर एक्टिविटी के अभ्यंस्त होते हैं, उन्हें भी बच्चों के साथ इंडोर संवाद करने का उतना ही फायदा होता है और उनका तनाव दूर करने में मदद मिलती है।

इस विचार के साथ, विबग्योर ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने स्टूडेंट्स के लिये एक वर्चुअल वर्कशॉप का आयोजन किया और पेट डे मनाया था। एक इंटरेक्टिव सेशन में वेलफेयर फॉर स्ट्रीट डॉग्सू के सीईओ अबोध अरास ने स्टूडेंट्स को सिखाया कि पालतू पशुओं के जिम्मेदार मालिक कैसे बनें और लॉकडाउन के दौरान भटके हुए पशुओं की देखभाल कैसे करें। एक घंटे के इस वर्चुअल सेशन में गुरूग्राम, वडोदरा, सूरत, लखनऊ, नासिक और इंदौर के कक्षा 4 से 8 तक के विबग्योर स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया था।

## डीसी सर, रमजान माह में बिजली और पानी की आपूर्ति बनाए रखें

### मौलाना याहया करीमी बोले, मुख्यमंत्री ने नाइट कर्फ्यू किया दस से पांच बजे तक

ललित गर्ग। पुन्हाना



जिला उपायुक्त से मिलने जाने से पूर्व बैठे मौलाना और अन्य लोग।

**जमीयत** उलेमा हरियाणा, पंजाब, हिमाचल व चंडीगढ़ के अध्यक्ष मौलाना याहया करीमी ने जिला उपायुक्त नूंह से मिलकर रमजान माह में बिजली-पानी सुचारू रखने की मांग की। जिस पर उपायुक्त ने पूरा भरोसा देते पानी व बिजली की कोई कमी रहने दिए जाने को बात कही।

मौलाना याहया करीमी ने मांग पत्र में बताया कि हर वर्ष रमजान माह में बिजली व पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से मिलती रही है। इस वर्ष भी प्रशासन से पूरी उम्मीद है कि रमजान महीने में रोजेदारों को परेशानी ना हो इसको लेकर प्रशासन पूरी मेहनत करके बिजली और पानी की व्यवस्था करेगा। उन्होंने कहा कि रमजान माह में रोजेदार प्रतिदिन 15-16 घण्टे रोजा रखता है। भीषण गर्मी में रोजेदारों को बिजली पानी की कमी महसूस ना हो इसके लिए प्रशासन से आग्रह है कि बिजली व पानी सम्बंधित अधिकारियों को बिजली तार या पानी पाइप सम्बंधित समस्याओं का निवारण कराकर लोगो की समस्या का हल कराए। मौलाना याहया करीमी ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से कोरोना संक्रमण को लेकर लगाए गए नाइट कर्फ्यू में एक घण्टे की बदलाव की मांग की गई थी। जिसमे मुख्यमंत्री ने उनकी मांग पर गौर करते हुए नाइट कर्फ्यू नौ से पांच की बजाय दस से पांच बजे तक का कर दिया है।

उन्होंने बताया कि रमजान माह में मुस्लिम समुदाय के लोग दिन में रोजा रखते है और रात दस बजे तक रमजान माह की खास इबादत तरावीह पढ़ते है। जिसको लेकर कर्फ्यू के समय मे एक घण्टे का बदलाव की मांग की गई थी। इस दौरान कारी असलम, मो. कासिम, मौलाना साजिद, मौलाना साबिर, मुफ्ती आशिक, मौलाना उस्मान इत्यादि मौजूद रहे।

## डॉ. अंबेडकर ने राष्ट्र निर्माण में दिया महत्वपूर्ण योगदान : विधायक

### आफताब अहमद ने इंडरी, महताब ने कांग्रेस मुख्यालय पर डॉ अंबेडकर को दी खिराजे अकीदत

दीपक कुमार। नूंह





बाबा साहेब की जयंती पर इंडरी में विधायक आफताब अहमद और नूंह पार्टी कार्यलय पर खिराजे अकीदत पेश करते हुए।

**संविधान** निर्माता भारत रत्न डॉ. बीआर अम्बेडकर की 130वीं जयंती पर नूंह विधायक व सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद इंडरी गांव में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे तो वहीं पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर चल रहे कार्यक्रम में पहुंचे। नेताद्वय ने बाबा भीम राव अम्बेडकर को खिराजे अकीदत पेश की।

नूंह विधानसभा के इंडरी गांव में नूंह ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रवीण इंडरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम में चौधरी आफताब अहमद बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि डा भीम राव अम्बेडकर ने अपने जीवन के 65 वर्षों में देश को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, औद्योगिक, संवैधानिक इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में अनगिनत कार्य करके राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि बाबा साहेब ना सिर्फ दलितों बल्कि हर भारतीय के लिए एक गौरव थे और उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से हर भारतीय को ताकत देने का काम किया था, लेकिन आज बीजेपी सरकार बाबा भीम राव अम्बेडकर के सिद्धांतों के विपरीत काम कर रही है और समाज में जातिपात और धर्म का जहर घोल रही है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस जिला मुख्यालय नूंह पर एससी सेल मोर्चा के जिला अध्यक्ष पार्षद मदन तंवर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे। महताब अहमद ने डा अंबेडकर को खिराजे अकीदत पेश करते हुए कहा कि उन्होंने समता, समानता, बन्धुता एवं मानवता आधारित भारतीय संविधान को लगभग 3 साल के कठिन परिश्रम से तैयार कर 26 नवंबर 1949 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को सौंप कर देश के समस्त नागरिकों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और व्यक्ति की गरिमा की जीवन पद्धति से भारतीय संस्कृति को अभिभूत किया।

## तावडू में राजनीतिक दलों ने मनाई भीमराव अंबेडकर जयंती



भाजपा कार्यालय पर अंबेडकर जयंती मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**तावडू** नगर में बुधवार को कई राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 140वीं जयंती मनाई।

तावडू बीजेपी मंडल प्रवक्ता दीपक ने बताया कि बुधवार को भाजपा कार्यालय में मंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की 130वी जयंती मनाई। उन्होंने बताया कि इस दौरान तावडू भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, मंडल प्रभारी प्रदीप गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा गुरुग्राम व तावडू नगर पालिका अध्यक्ष मनीता गर्ग आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता सामाजिक समरसता के विद्वान थे। उन्होंने अपना सारा जीवन वंचित शोषित समाज के लिए समर्पित किया। वह बहुत बड़े समाज सुधारक, दूरदृष्टि ,यशस्वी वक्ता और स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री थे। सभी ने उनकी जयंती पर उनके जीवन कार्य शैली पर प्रकाश डाला व संकल्प लिया कि वह देश में असमानता के सामाजिक अधिकार, छुआछूत व जातिवाद जैसी कृतियों को दूर करने का प्रयास करेंगे।

इस मौके पर तावडू भाजपा मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र भारद्वाज, नरेश ढल, विजयपाल, कृष्णा देवी महामंत्री, चतर सिंह, कुलदीप सरपंच युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि यादव, किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रेम एडवोकेट, मनोज शर्मा रामकिशोर यादव, सुनील सैनी, अरविंद सरपंच फतेहपुर आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अब तक 75552 मीट्रिक गेहूं की हुई खरीद

**नूंह।** जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक सीमा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की सभी मंडियों में गेहू खरीद का कार्य अच्छे ढंग से चल रहा है। उन्होंने बताया कि मंडियों में पेयजल, शौचालय व साफ-सफाई इत्यादि का कार्य भी सुचारु रूप से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों तथा खरीद केंद्रों में अब तक विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 75552 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इनमें से अब तक पुन्हाना अनाज मंडी में सबसे अधिक 35505 मीट्रिक टन गेहूं खरीद हो चुकी है, जिस में एफसीआई द्वारा 6958 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस द्वारा 28547 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। डीएफएससी ने बताया कि नूंह अनाजमंडी में 23226 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। जिसको हैफेड द्वारा 2495 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस द्वारा 20731 मीट्रिक टन गेंहू खरीदा गया है। तावडू अनाजमंडी में 7311 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। जिसे हरियाणा वेयर हाउस द्वारा गेहूं खरीदा गया। इसी प्रकार फिरोजपुर-झिरका अनाज मंडी में अब तक 7092 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई, जिस को हरियाणा वेयर हाउस द्वारा खरीदा गया। इसी प्रकार पिनगवां अनाज मंडी में 2481 मीट्रिक टन हरियाणा वेयर हाउस द्वारा खरीदा गया है।

### बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**नूंह।** जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मेवात विकास संस्थान, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी एवं पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपायुक्त धीरेन्द्र खड्गटा द्वारा की गई। बैठक में पीरामल फाउंडेशन द्वारा नीति आयोग के निर्देशन में भारत के 28 आकांशी जिलों में किये जा रहे कार्यों को विस्तार से बताया गया। साथ ही नूंह जिले में इस सत्र से शिक्षा के क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। इसमें मुख्य रूप से डेमो स्कूल तैयार करना, फेसेलिटेटर डवलपमेंट, कोच डवलपमेंट, मिडिल मैनेजर डवलपमेंट, ब्लॉक रिसोर्स टीम का अकादमिक क्षमतावर्धन के मध्यनजर, विद्यालय स्तर पर पुस्तकालय,बाल संसद, बालसभा , बाला एवं शिक्षा के क्षेत्र में टेक्नोलोजी इंटरवेन्शन आदि पर कार्य करने पर विमर्श किया गया। इसके साथ ही जनआन्दोलन के माध्यम से समुदाय जागरूकता ,बालिका शिक्षा आदि पर भी प्रमुखता से कार्य करने की बात कही गई।

### योग और प्राणायाम से ही हो सकता है कोरोना से बचाव



**नूंह।** महिला पतंजलि योग समिति की ओर से मंगलवार शाम को नव संवत तथा पहले नवरात्र के मौके पर हवन यज्ञ किया गया। कार्यक्रम नूंह कस्बे के हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया। जिसमें महिला पतंजलि योग समिति की राज्य प्रभारी माता सत्या चौधरी ने मुख्य रूप से शिरकत की। इसके अलावा कार्यक्रम में महिला पतंजलि योग समिति की नूंह प्रभारी नीरज रानी, आर्य समाज की जिला प्रभारी ईश्वर देवी, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला संयोजक झम्मन सिंह सैनी, सुरेंद्र जैन तथा राधेश्याम सहित करीब सौ महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। जिसके बाद वैदिक पद्वति से हवन किया गया। भजन व कीतर्न के माध्यम से आने वाले साल का स्वागत किया गया। सत्या चौधरी ने कहा कि यह नया साल हम सभी के लिए मंगलमय हो ऐसी हम प्रभु से कामना करते हैं। भारतीय संभ्यता एवं संस्कृति की पहचान विक्रमी संवत है। इस समय देश में मुख्य परिवर्तन होते हैं। वृक्षों में नई कोपलें फूटना, किसानों के घरों में नया अनाज आना, ऋतु परिवर्तन तथा सूर्य का भूमध्य रेखा की ओर बढ़ना आदि परिवर्तनों के कारण इसे हम अपना नया साल मानते हैं। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि कोरोना काल में हवन व योग ही बचाव के साधन हैं। नित्य प्रति दूषित होते पर्यावरण को हवन के माध्यम से ही शुद्ध किया जा सकता है। वहीं योग के माध्यम से व्यक्ति अपनी इम्यूनिटी बढ़ा सकता है। प्रतिदिन आधा घंटे किया गया योग एवं प्राणायाम व्यक्ति को हर बीमारी से बचाता है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित महिलाओं को योग, प्राणायाम तथा एक्यूप्रेशर से बीमारियों का इलाज करने के तरीके बताए।

### आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते युवक चार गिरफ्तार

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत गांव खोरी कलां में मंगलवार को केकेआर और मुंबई इंडियंस बीच के खेले गए आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा लगाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है। वहीं उनसे 3070 रुपये नकद, पांच मोबाइल और एक बैटरी सहित काफी सामान बरामद किया है।जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल पवन कुमार ने बताया कि बीते मंगलवार देर शाम पुलिस गश्त कर रही थी। तभी पुलिस को सूचना मिली कि खोरी कलां में एक खाली मकान में मुन्फेद उर्फ मुन्ना निवासी दगवारका, साकिर निवासी आलीमेव जिला पलवल, अभिषेक व अनिल निवासी खोरी कला केकेआर और मुंबई इंडियंस के बीच खेले जा रहे आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहे हैं। यदि मौके पर दबिश दी जाए तो आरोपियों को काबू किया जा सकता है। सूचना के मुताबिक पुलिस मौके पर पहुंची। जिसमें पुलिस ने चार युवकों को मौके से दबोच लिया। जिन्होंने अपनी पहचान मुन्फेद उर्फ मुन्ना, शाकिर, अभिषेक और अनिल बताई। उनकी तलाशी लेने पर पुलिस को उनसे 3070 रुपये नगद, पांच मोबाइल, एक इनवर्टर, एक बैटरी, एक सेटअप बॉक्स सहित काफी सामान बरामद कर लिया। सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### कई बीमारियां फैलती हैं अशुद्ध पानी से



**पुन्हाना।** महिला एवं बाल विकास विभाग नूंह ने उपमंडल के गांव सिकरावा में जीएमडी का एक दिवसीय ट्रैनिंग कार्यक्रम आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर कमला वर्मा व अलका ने की। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी वर्करों को ग्रोथ और हाइट की ट्रैनिंग दी गई। मंच का संचालन जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की तरफ से विशेष रूप से बुलाए गए खंड संयोजक संदीप शर्मा ने किया।कार्यक्रम में सुपरवाइजर कमला वर्मा ने कहा कि नहीं रहेगा जल तो कैसे बचाओगे आने वाला कल। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर को नल से जल दिया जाएगा। हर वो आंगनवाड़ी केन्द्र जो सरकारी भवन में है। उनको भी विभाग द्वारा चलाई जा रही इस योजना के तहत पीने के पानी का कनेक्शन विभाग द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि आंगनवाड़ी में आ रहे बच्चों को पीने के लिए शुद्ध और स्वच्छ पानी मिल सकें। खंड संयोजक संदीप शर्मा ने बताया कि लगभग 80 प्रतिशत बीमारियां अशुद्ध पानी होने के कारण ही फैलती हैं। इसलिए हम सभी को शुद्ध जल का सेवन करना चाहिए तथा पानी की बर्बादी से बचना चाहिए।

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

## रमजान में मिलेगी अब 24 घंटे बिजली : एसडीओ

**हथीन।** रमजान माह के मध्य-ए-नजर बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया गया है। बुधवार को आए आदेशों के मुताबिक मुस्लिम बाहुल्य इलाकों पर पड़ने वाले फीडर पर 24 घंटे बिजली मिलेगी। ये जानकारी विभाग के एसडीओ शमीम अहमद ने दी। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी रमजान माह में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि बुधवार को विभाग के उच्च अधिकारियों के आदेश आए हैं। आए आदेशों पर तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है। बताया गया है कि आदेशों के अनुसार हुडीथल, खंदावली कलिंजर मालूका, उटावड़, जोधपुर व जैनपुर फीडर पर 24 घंटे बिजली की व्यवस्था एक माह तक होगी। इसके अलावा बहीन पावर हाउस में पड़ने वाले मानपुर व पावसर पर 24 घंटे बिजली मिलेगी। सरकार की तरफ से आए आदेशों से रोजेदारों में खुशी की लहर हैं। रोजेदारों को कहना है कि पूरी बिजली मिलने से रोजे सही से रह पाएंगे। लोगों सरकार का आभार भी जताया।

## नशे की खेप के साथ दो आरोपी किए गिरफ्तार

### क्रेटा गाड़ी से 1927 शीशी कोरेक्स और 10,080 नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल बरामद

ललित गर्ग। पुन्हाना

**गुप्तचर** की सूचना पर अपराध शाखा टीम ने नशे में प्रयुक्त होने वाली दवाइयां व कैप्सूल की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस टीम ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। आरोपियों को अदालत में पेश कर दिया गया।

अपराध जांच शाखा पुन्हाना प्रभारी निरीक्षक अनुप ने बतलाया कि उप-निरीक्षक हकमुद्दीन के नेतृत्व में गठित टीम को गुप्तचर द्वारा सूचना मिली की जुबेर पुत्र मुन्शी, परवेज पुत्र उमर निवासी पटाकपुर नशीली दवाइयों की तस्करी का काम करते है। आज भी अपनी क्रेटा गाड़ी नशीली दवाई लेकर तस्करी के लिये पटाकपुर से गोधौला होते हुए फिरोजपुर झिरका जाएंगे। सूचना मिलते ही गुप्तचर द्वारा बताये गए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस की गाड़ी को आता देखकर क्रेटा गाड़ी का चालक गाड़ी को लेकर गोधौला की तरफ भागने लगा। जिसके सामने सरकारी गाड़ी को लगाकर रोका गया। गाड़ी में बैठे दो शख्सों को गाड़ी सहित काबू किया गया। नाम पता पूछने पर गाड़ी चालक ने अपना नाम जुबेर पुत्र मुंशी निवासी पटाकपुर व दूसरे शख्स ने अपना नाम परवेज पुत्र उमर निवासी पटाकपुर बतलाया। नियमानुसार गाड़ी क्रेटा की तलाशी कंवरपाल नायब तहसीलदार पुन्हाना को मौका पर बुलाकर कराई गई। जो गाडी क्रेटा में रखी गत्ता पेट्टियों को चेक करने पर कुल 17 गत्ता पेटियां बरामद हुई। जिनमें 1927 शीशी नशीली दवाई कोरेक्स व 10,080 नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल बरामद हुए। नियमानुसार ड्रग इंस्पेक्टर नूंह दिनेश कुमार से नशीली दवाईयों बारे में राय ली गई।

## जल्द बनेगा हथीन का बाईपास : डागर

पायनियर समाचार सेवा। हथीन



### विधायक प्रवीण डागर बोले, वर्षों से लंबित पड़ी योजना को लगे पंख

**वर्षों** से लंबित पड़ी हथीन बाईपास योजना को आखिरकार सरकार की तरफ से स्वीकृति मिल चुकी है। सरकार ने किसानों की जमीन अधिग्रहण करने के लिए हाई पावर कमेटी में मंजूरी दे दी है। ये जानकारी हथीन के विधायक प्रवीण डागर ने दी।

विधायक प्रवीण डागर ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हाई पावर लैंड परचेज कमेटी की बैठक चंडीगढ़ में हुई। जिसमें उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी शामिल हुए। भाजपा विधायक ने बताया की हथीन क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग हथीन शहर में बाईपास निर्माण की मुख्यमंत्री ने घोषणा के अनुरूप ई भूमि पोर्टल पर किसानों की सहमति होने पर जमीन अधिग्रहण हेतु मंजूरी दी गई है। जिसमें हथीन शहर के भूमि क्षेत्र के लिए 75 लाख रुपये प्रति एकड़ गांव फिरोजपुर राजपूत के लिए 58 लॉख रुपये प्रति एकड़ व गांव रीडंका की जमीन के लिए 50 लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा निश्चित किया है। जिसे किसानों को आवंटित कर जल्द से जल्द हथीन बाईपास कि निर्माण कार्य की शुरुआत हो जाएगी। हथीन क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग को भाजपा सरकार द्वारा पूरा किया जाएगा। इससे हमारे हथीन क्षेत्र के आसपास के लोगों को सुविधा होगी, शहर का वर्षों से रुका हुआ विकास अब अग्रसर होगा। औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, शहर का सौंदर्यीकरण आधुनिक रूप से होगा। उन्होंने कहा कि हथीन मेरा अपना घर है इसके समुचित विकास के लिए मैं रात दिन काम कर रहा हूं। फिरोजपुर राजपूत से हथीन के लिए पीडब्ल्यूडी की एक सड़क मंजूर पूर्व में की जा चुकी है। जिसके निविदा जारी हो चुकी है। जिसका जल्द से जल्द निर्माण किया जाएगा। गांव का घरोठ से चुंगी मोड़ हथीन तक पीडब्ल्यूडी की सड़क मंजूर हो चुकी है, जिसके भी जल्द निविदा जारी कर दी जाएगी। घरोठ से फिरोजपुर राजपूत भी एक सड़क मंजूर हुई है। जिसकी भी निविदा जारी हो चुकी है। इन सभी सड़कों और बाईपास के निर्माण से हथीन शहर वर्षों बाद एक आधुनिक शहर के रूप में विकसित होता दिखाई देगा। विधायक ने कहा कि हथीन बाईपास निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण की मंजूरी देने पर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के साथ-साथ हाई पावर लैंड परचेज कमेटी के सभी सदस्यों का धन्यवाद करता हूं। हथीन क्षेत्र की जनता को यह विश्वास दिलाता हूं की हथीन क्षेत्र का समुचित विकास मेरी प्राथमिकता है जिस पर मैं अपने प्रयास जारी रखूंगा।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**जहाँ देखो वहीं पर स्वार्थ केवल स्वार्थ दिखता है**
**ज़रा से फ़ायदे को देखकर ईमान बिकता है**
**किसी पर ज़ुल्म को भी देखकर करते हैं अनदेखा**
**यहाँ सबसे बड़ा संकट ग़ुलामी मानसिकता है**

## रमजान के महीने में दिल खोलकर खर्च करता है मुस्लिम समाज

### नूंह मेवात में रमजान के पवित्र महीने में बहुत कुछ बदला-बदला आता है नजर

### विधायक आफताब अहमद ने मुख्यमंत्री से नाइट कर्फ्यू के समय में कराया बदलाव

रिजवान कासिम। मेवात



रमजान के महीने में फल खरीदते रोजेदार।

रमजान का पाक और अव्वल महीना आज बुधवार से शुरू हो चुका है, वैसे तो प्रदेश ही नहीं दुनियाभर के मुसलमान ज्यादा से ज्यादा रोजा रखकर इबादत करते हैं। अपने गुनाहों की अल्लाह ताला से मगफिरत मांगते हैं, लेकिन हरियाणा के मुस्लिम बाहुल्य जिला नूंह मेवात में रमजान के पवित्र महीने में बहुत कुछ बदला-बदला नजर आता है।

कोरोना महामारी के चलते भले ही मस्जिदों से लेकर बाजारों व घरों में भीड़ कम नजर आती हो, लेकिन बावजूद उसके शाम को इफ्तारी के समय एवं सुबह सेहरी के समय अलग ही चहल-पहल देखने को मिलती है। इस महीने में शबाब भी कई महीने बढ़ा दिया जाता है। इसीलिए बच्चे, बूढ़े, जवान, महिला सभी इस पाक महीने में रोजा रखकर नमाज व कुरान इत्यादि पढ़ते हैं। खास बात ये है कि कोरोना कॉल को देखते हुए स्थानीय विधायक आफताब अहमद ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से चंडीगढ़ में मुलाकात कर कर्फ्यू के समय में बदलाव की मांग की थी। विधायक आफताब अहमद के छोटे भाई एवं पीसीसी सदस्य मेहताब अहमद ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री ने 10:30 बजे से सुबह 4:30 बजे टाइम बदलने की जो मांग की थी। उसे तो पूरी तरह नहीं माना, लेकिन रात्रि 9:00 बजे के बजाय उसे 10:00 बजे करने की बात जरूर कही ताकि तरावीह की नमाज के साथ-साथ सेहरी में रोजेदारों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो। मेहताब अहमद ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताते हुए कहा कि एक घंटे लॉकडाउन के समय में बदलाव का काफी लाभ मुस्लिम समाज के लोगों को होगा।

अब उनको इबादत करने में या नमाज पढ़ने में किसी प्रकार की लॉकडाउन से कोई बाधा नहीं रहेगी। रोजेदारों ने कहा कि लॉकडाउन के नियमों का पूरी तरह से पालन किया जाएगा। साल भर के 12 महीनों में यह महीना सबसे अव्वल माना जाता है। इसीलिए कोई भी रोजेदार इस महीने में चूक नहीं करना चाहता। रोजेदार तरह तरह के फल एवं लजीज व्यंजन रोजा इफ्तार के लिए खरीदते हैं। ज्यादा से ज्यादा खर्च भी मुस्लिम समाज के लोग इसी बरकत वाले महीने में ही करते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# कोरोना का घातक हमला

## जीनोमिक परीक्षण आवश्यक

**भारत** में कोरोना के घातक हमले का कारण वायरस का नया स्ट्रेन हो सकता है। इसका पता लगाने के लिए ज्यादा जीनोमिक परीक्षण जरूरी है। कुछ सप्ताह पहले एक प्रेस बयान में सरकार ने घोषणा की थी कि एक बिल्कुल नया स्ट्रेन भारत में उभरा है जिसे 'दुहरे म्यूटेंट' का नाम दिया गया था। इसका कारण यह था कि कोविड-19 की स्पाइक प्रोटीन में न केवल एक, बल्कि दो बड़े परिवर्तन हुए थे जिनसे यह वायरस कोशिकाओं से जुड़ता है। इसके बाद से कुछ और विस्तृत विवरण सामने आए हैं, पर महामारी विज्ञानियों का मानना है कि संभवत: यह परिवर्तन ज्यादा संक्रामकता का कारण है जैसा कि ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और ब्रिटेन के अन्य स्ट्रेनों से सिद्ध हुआ है। अप्रैल के पहले दो सप्ताहों में यह लगभग निश्चित हो चुका है कि हालांकि, भारतीयों में संक्रमण की समुचित जीनोमिक टेस्टिंग हुई है, पर निश्चित रूप से यह नहीं कहा जा सकता है कि नया स्ट्रेन या संभवत: 'दुहरा म्यूटेंट' ही देश में कोरोनावायरस मामलों में असाधारण वृद्धि का जिम्मेदार है। वास्तव में अब भारत दुनिया का दूसरा सर्वाधिक प्रभावित देश बन गया है तथा संक्रमणों की बढ़ती संख्या ने ब्राजील को वैश्विक कोरोना रैंकिंग में तीसरे स्थान पर धकेल दिया है। डबुल म्यूटेंट का हमला 1950 दशक की एक हालीवुड फिल्म जैसा लगता है, पर शायद अब यह यथार्थ बन गया है। अब केवल इस तथ्य पर आधारित नहीं रहा जा सकता है कि पहले चीन के वूहान में जन्मे वायरस के नए म्यूटेंट मूल वायरस की तुलना




में ज्यादा घातक हैं। तथ्य यह है कि जब कुल संख्या बहुत अधिक हो जाए तो कम मृत्यु दर महत्वपूर्ण नहीं रह जाती है, जैसा कि वर्तमान समय में हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप मामले अभूतपूर्व रूप से बढ़ रहे हैं और इसके साथ मौतें भी बढ़ रही हैं।

स्वास्थ्य अधिकारियों तथा केन्द्र व राज्य सरकारों को इस बात से ज्यादा चिन्तित होना चाहिए कि हर सप्ताह लाखों भारतीयों को लगाई जाने वाली वैक्सीनों की वायरस के नए स्ट्रेनों, खासकर 'दुहरे म्यूटेंट' के खिलाफ प्रभावशीलता का समुचित परीक्षण नहीं हुआ है। हम निश्चित रूप से नहीं कह सकते हैं कि कोवीशील्ड या कोवैक्सिन या यहां तक की हाल ही में स्वीकृत स्पुतनिक वी या दुनिया में दूसरे स्थानों पर स्वीकृत वैक्सीनें नए स्ट्रेन के खिलाफप्रभावी होंगी और बीमारी की संक्रामकता या गंभीरता रोकने में सफल होंगी। इनमें एमआरएनए आधारित फाइजर बायोन्टेक व माडर्ना वैक्सीनें शामिल हैं। शवदाह गृहों के पूरी क्षमता से काम करने और उनके उपकरण पिघलने या बेकार होने की खबरों के बीच भारत में जीवन संभवत: अपनी सामान्य गति से चल रहा है। वास्तव में हरिद्वार के कुंभ मेले में मनाया जा रहा उत्सव इस बात का संकेत है कि अनेक भारतीयों का विश्वास सरकार के बजाय ईश्वर के प्रति आस्था में अधिक है। इसके साथ ही सरकार के नेता पश्चिम बंगाल व अन्य स्थानों पर पूरी तरह चुनाव अभियान में लगे हैं, अत: ऐसे में धार्मिक आयोजनों में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को दोषी कैसे ठहराया जा सकता है। भारत में रोज नए मामले रिकार्ड पैमाने पर बढ़ रहे हैं, पर अभी 15 सितंबर, 2020 को रिकार्ड 1,290 मौतों का आंकड़ा नहीं टूटा है। लेकिन वर्तमान गति जारी रहने पर कुछ ही समय बाद ऐसा भी हो सकता है। ऐसा खासकर कुंभ मेला समाप्त होने और श्रद्धालुओं के अपने घर लौट कर खतरनाक वायरस संपूर्ण भारत में फैलाने पर होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# किसानों को सीधे भुगतान जरूरी

राज्य को कृषि उत्पाद एवं मवेशी बाजार कानून, 2017 में संशोधन कर कमीशन एजेंटों के बजाय किसानों को वास्तव में सीधे भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए।



**सुखपाल सिंह**
लेखक आईआईटी अहमदाबाद में प्रोफेसर हैं)



यदि पंजाब का मामला न होता तो देश के अधिकांश अन्य राज्यों की तरह किसानों को उनके उत्पाद के सीधे भुगतान का मामला सुर्खियों में स्थान न पाता। किसी खरीदार को विक्रेता और अपने बीच हुई सहमति के आधार पर भुगतान का अधिकार है जिसमें सीधे भुगतान भी शामिल है। वास्तव में पंजाब में हास्यास्पद रूप से भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियों द्वारा भी कृषि उत्पादों का भुगतान कृषि उत्पादन मंडी समिति-एपीएमसी व्यवस्था में कच्चा अढ़तिया-कमीशन एजेंट के माध्यम से किया जाता है। भारत सरकार ने राज्य से भुगतान प्रक्रिया केन्द्र के दिशानिर्देशों के अनुसार किसानों को सीधे आनलाइन करने का अनुरोध किया। 2018 से यह व्यवस्था सार्वजनिक वित्त प्रबंधन व्यवस्था-पीएफएमएस के अंतर्गत आती है। राज्य ने बार-बार अनेक कारणों से व्यवस्था में शामिल होने का समय बढ़ाया। एफसीआई खरीद खर्च कम करने के लिए अढ़तिया को खरीद प्रक्रिया से हटाना चाहती है। पंजाब में कपास किसानों को नए कृषि कानून लागू होने के बाद तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा क्रियान्वयन स्थगित करने से पहले पिछले खरीफ सीजन में अढ़तियों को कमीशन देने के बजाय सीधे भुगतान किया गया था।

पंजाब सरकार ने अब तक केन्द्रीय एजेंसियों को किसानों को सीधे भुगतान से रोका है। एपीएमसी कानून में 2013 के संशोधन के माध्यम से पंजाब सरकारों ने किसानों को सीधे भुगतान का विकल्प दिया था जिसकी मांग किसान यूनियनों ने की थी। लेकिन इसके लिए किसानों को धान या गेंहू की खरीद प्रक्रिया शुरू होने के 45 दिन पहले इसे लिखित में देना होता था कि वह सीधे भुगतान चाहता है। 2017 में राज्य सरकार ने एपीएमसी कानून में संशोधन के माध्यम से किसानों को भुगतान अढ़तियों के माध्यम से करने की व्यवस्था कर दी जिससे एजेंट कृषि उत्पाद पर अपना कमीशन काट कर बाकी किसान के खाते में जमा करता है। अढ़तिया असोसियेशनों का दावा है कि वे बिना कुछ बंधक रखे किसानों को कर्ज देते हैं और एफसीआई को कृषि उत्पाद की बिक्री से प्राप्त धनराशि से इसे प्राप्त करते हैं। यदि किसानों को सीधे भुगतान होने लगे तो वे कृषि उत्पादों से अपना कर्ज नहीं वसूल सकेंगे। अढ़तियों को कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री में सहायता के लिए लाइसेंस लेना होता है, लेकिन उनका दूसरा बिजनेस किसानों को कर्ज देना है जो अनौपचारिक व अवैध है। सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर खरीद करने पर वे किसानों को मिलने वाले भुगतान से यह कर्ज वसूल करते हैं। वे ऐसे कर्ज पर 18-36 प्रतिशत तक ब्याज तथा हर सीजन के बाद बकाया मूल धन भी वसूलते हैं। इस प्रकार अढ़तिया किसानों का अनेक प्रकार से शोषण करते हैं।

बड़े किसान तो इससे बचने में सफल होते हैं, लेकिन यह व्यवस्था छोटे व सीमान्त किसानों के लिए बड़ी समस्या है। किसानों के पास किसान क्रेडिट कार्ड या कैश क्रेडिट कार्ड होते हैं जिनसे वे बैंकों या प्राथमिक कृषि कर्ज सोसाइटी-पीएसीएस से कर्ज प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन फसल कर्ज का भुगतान न होने पर अढ़तिए किसानों को कर्ज दे देते हैं ताकि वे अगले सीजन में बकायेदार न रहें। इस प्रकार अढ़तिए किसानों की सहायता करते हैं। वे किसानों को गैर-कृषि व सामाजिक कार्यों के लिए भी कर्ज देते हैं। पंजाब की फल और सब्जी मंडियों में अढ़तियों को पांच प्रतिशत कमीशन मिलता

> **छोटे किसानों को वित्तीय समर्थन तथा गोदाम रसीद व्यवस्था दी जानी चाहिए ताकि वे अपने उत्पादों पर बैंक से कर्ज प्राप्त कर सकें तथा अढ़तियों के चंगुल में न फंसें। पट्टे वाले किसानों के लिए पंजाब सरकार को कार्पोरेट-समर्थक भूमि पट्टा कानून बनाना चाहिए जिसमें छोटे किसानों को समुचित स्थान मिलता हो।**

है, जबकि अनाज मंडियों में यह 2.5 प्रतिशत है, लेकिन यहां एमएसपी लागू नहीं होता है। इसलिए सरकारी खरीद न होने पर अढ़तियों द्वारा दिए कर्ज का जोखिम बढ़ जाता है। अढ़तिया असोसियेशनों ने अतीत में बासमती धान किसानों को कर्ज नहीं देने का फैसला किया था क्योंकि इसकी एमएसपी पर सरकारी खरीद नहीं होती है। किसान यूनियनों, अढ़तिया यूनियनों तथा राज्य सरकार का दावा है कि गेंहू व धान की खेती बड़े पैमाने पर पट्टे पर होती है। ऐसे में किसानों को एमएसपी खरीद के लिए भूमि के रिकार्ड देना कठिन हो सकता है। राज्य सरकार अढ़तियों के माध्यम से किसानों को भुगतान को वैध बताती है। केन्द्र ने सुझाव दिया था कि पंजाब पड़ोसी हरियाणा का माडल अपनाए जहां पट्टे वाले किसानों का विवरण एक पोर्टल पर दर्ज किया गया है। हालांकि, किसानों को सीधे भुगतान होने की स्थिति में यह डर भी सता रहा है कि बैंक ऐसे भुगतान से अपनी बकाया धनराशि काट लेंगे।

एपीएमसी बाजारों तथा एमएसपी पर अनाज खरीद नीति से अढ़तियों द्वारा कर्ज देने का बिजनेस फलता-फूलता है। इससे अढ़तिए बिना किसी जोखिम के किसानों को कर्ज देते हैं और एफसीआई समेत खरीदारों द्वारा किए भुगतान से पैसा काट लेते हैं क्योंकि यह भुगतान सीधे किसानों के बजाय अढ़तियों को होता है। प्राथमिकता क्षेत्र कर्ज-पीएसएल नीतियों के अंतर्गत कृषि कर्ज के मानकों में बदलाव किया गया है ताकि कृषि को कर्ज केवल फसलों पर कर्ज न होकर इसमें कोल्ड स्टोरेज व खाद्य प्रसंस्करण के लिए कर्ज को शामिल किया जा सके। यदि बैंक पीएसएल का लक्ष्य पूरा नहीं कर पाते हैं तो वे यह पैसा ग्रामीण ढांचागत विकास फंड में जमा कर अन्य बैंको से प्राथमिक क्षेत्र कर्ज खरीद सकते हैं जिनका लक्ष्य पार हो गया हो। चूंकि राज्य ने दशकों से एपीएमसी संस्थाओं में चुनाव नहीं कराए हैं, इसलिए अढ़तियों का एपीएमसी पर प्रभुत्व है क्योंकि प्रतिनिधियों का चयन नामांकन से होता है। अढ़तिया व्यवस्था समाप्त करने के लिए पंजाब सरकार को सीधे किसानों से खरीद कर उनको उनकी अपनी सामूहिक एजेंसियों से भुगतान सुनिश्चित करना होगा। यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ व ओडिशा में अनाजों की सरकारी खरीद के लिए बनी है। हरियाणा में अढ़तियों की हड़ताल के चलते इस सीजन में 380 एफपीओ व पीडीएस राशन डिपो को अस्थाई एपीएमसी मंडी कमीशन एजेंटों के लाइसेंस दिए गए हैं।

छोटे किसानों को वित्तीय समर्थन तथा गोदाम रसीद व्यवस्था दी जानी चाहिए ताकि वे अपने उत्पादों पर बैंक से कर्ज प्राप्त कर सकें तथा अढ़तियों के चंगुल में न फंसें। पट्टे वाले किसानों के लिए पंजाब सरकार को कार्पोरेट-समर्थक भूमि पट्टा कानून बनाना चाहिए जिसमें छोटे किसानों को समुचित स्थान मिलता हो। राज्य को कृषि उत्पाद व मवेशी बाजार कानून, 2017 में संशोधन कर किसानों को अढ़तियों के बजाय सीधे भुगतान की व्यवस्था करनी चाहिए। वैसे फिलहाल राज्य और केन्द्र सरकार के बीच सहमति बनी है कि कृषि उत्पाद बेचने वाले किसानों की पहचान एक राजस्व क्लर्क या सरपंच द्वारा की जाएगी।

# भारत की महान विभूति डॉ. आंबेडकर

> **आंबेडकर ने केवल दलितों के लिए समानता की तलाश नहीं की बल्कि अपने महान आदर्शों की छत्रछाया में पूरे भारत को लाने का प्रयास किया।**

**रतन लाल कटारिया**
(लेखक सामाजिक न्याय, सशक्तीकरण एवं जलशक्ति राज्य मंत्री हैं)



कुछ साल पहले, देश के एक प्रमुख अंग्रेजी टीवी न्यूज चैनल ने ऑनलाइन और मोबाइल वोटिंग के माध्यम से ''ग्रेटेस्ट इंडियन'' चुनने का अभियान शुरू किया था। देश के लोगों ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर को ''महानतम भारतीय'' चुना। यह बाबासाहेब की सबसे बड़ी विरासत है। अन्य नेताओं के विपरीत, वह अभी भी करोड़ों दलितों और हतोत्साहित भारतीयों के लिए गरिमापूर्ण जीवन के लिए लड़ने वालों के दिलों में उतना ही प्रासंगिक हैं, जितना कि उनके समय में था। जैसा कि देश 14 अप्रैल को बाबासाहेब की 130 वीं जयंती मनाता है, आंबेडकर का संघर्ष और मूल्य भारतीयों और यहां तक कि अमेरिका में अश्वेत समुदाय और दुनिया भर में भेदभाव से लड़ने वाले अन्य लोगों को प्रेरित करते हैं। आंबेडकर इस अर्थ में अन्य नेताओं से अलग थे कि उन्होंने शिक्षा और राजनीतिक संघर्ष के माध्यम से वंचितों को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रोत्साहित किया। तमाम विरोधों, अपमानों, तिरस्कारों और उपेक्षाओं के बावजूद, उन्होंने हिंसा का रास्ता नहीं छोड़ा और कभी भी सिस्टम को नष्ट करने का सपना नहीं देखा। संवैधानिक प्रतिबद्धताओं के दायरे में रहकर, सिस्टम के भीतर काम करना और इसे भीतर से बदलना, उनके संघर्ष की पहचान थे।

बाबासाहेब न केवल भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे, वे लोकतांत्रिक रूप से जीवित रखने में संवैधानिक मूल्यों की भूमिका में दृढ़ विश्वास रखते थे। शिक्षा, लोकतांत्रिक संघर्ष और एकता उनके दर्शन के मूल थे। उन्होंने सामाजिक न्याय के लिए समाजवादी दर्शन और साम्यवाद के बीच का रास्ता निकाला। 1931 में गोलमेज



सम्मेलन के बाद, अंग्रेजों ने एक अलग निर्वाचक मंडल का प्रस्ताव रखा। जब मदन मोहन मालवीय ने इस संबंध में बाबासाहेब से बात की और हिंदू समाज पर इसके व्यापक प्रभाव की परिकल्पना की, तो आंबेडकर ने पृथक निर्वाचन के स्थान पर दलितों के लिए अधिक सुसंगत आरक्षण प्रणाली रखने पर सहमति व्यक्त की। इस प्रकार, 1932 के ऐतिहासिक पूना पैक्ट पर हस्ताक्षर किए गए। आंबेडकर ने हमेशा सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई लड़ी और कहा कि अस्पृश्यता को मंजूरी देने वाले शास्त्रों को नए ज्ञान की रोशनी में देखा जाना चाहिए। अम्बेडकर ने केवल दलितों के लिए समानता, बंधुत्व और स्वतंत्रता की तलाश नहीं की बल्कि पूरे भारतीय समाज को उनके महान आदर्शों की छत्रछाया में लाने का प्रयास किया। जब पंडित नेहरू हिंदू कोड बिल पर अपने वादे से मुकर गए, तो आंबेडकर ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। वर्तमान में, जबकि वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका पर गहन मंथन हो रहा है, बाबासाहेब पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

संवाद, संवैधानिक संघर्ष और निरंतर समन्वय के मूल्य अब वर्तमान व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बाबासाहेब ने भी राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में इसी तरह के प्रयास किए थे। जिस तरह सरकार भारत को विश्व गुरु के रूप में फिर से स्थापित करने के लिए काम कर रही है, अम्बेडकर भी, भरत के लिए वैश्विक कद के लिए लगातार प्रयासरत हैं। वह धर्म, संस्कृति, जाति और भाषा की प्रतिस्पर्धी निष्ठा की प्रमुखता के विरोधी थे। उनका मानना था कि इससे भारतीयता और भारत के प्रति वफादारी कायम करना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा, ''मैं चाहता हूं कि लोग पहले भारतीय हों और अंत तक भारतीय रहें, लेकिन भारतीय कुछ भी नहीं।''

उनके नक्शेकदम पर चलते हुए, केंद्र न केवल सामाजिक न्याय सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से वंचितों को मुख्यधारा में लाने का भी प्रयास कर रहा है। 'स्टार्ट-अप इंडिया',-स्टैंड-अप इंडिया', राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम और माध्यमिक और उच्च अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति, इस दिशा में सभी प्रयास हैं। 14 अप्रैल को पूरी दुनिया देश के सच्चे सपूत बाबासाहेब को सलाम करेगी और राष्ट्र निर्माण के लिए उनके योगदान को याद किया जाएगा।

हालांकि, युवा पीढ़ी को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके आदर्शों का पालन ही नहीं बल्कि उनके जीवन के हर पल का अनुसरण करना चाहिए।

## आप की बात

### चिंताजनक हालात

**मोदी** जी ने मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में रात के कर्फ्यू का समर्थन किया, किन्तु रात का कर्फ्यू औचित्यहीन लगता है। ये जनता में भ्रम और पूर्ण लॉकडाउन का डर पैदा करेगा। भले ही मोदी जी कहें की पूर्ण लॉकडाउन नहीं लगेगा मगर वर्तमान हालात पर नज़र डालें तो जहां-जहां रात का कर्फ्यू लगा वहां बाद में लॉकडाउन भी लगा। पिछले अनुभव बताते हैं कि कोरोना से ज्यादा लॉकडाउन सताता है। कुछ हिस्सों से खासतौर पर मुंबई से आ रही पलायन की ख़बरें इसका सबूत हैं। कोरोना भीड़ से ज्यादा फैलता है इसलिए दिन वाली भीड़ को नियंत्रित करने की ज़रूरत है। पूर्ण लॉकडाउन लगाए बिना भी ये काम किया जा सकता है जैसे आईपीएल जैसे गैरज़रूरी आयोजनों को रोकना, न्यायालयों में पुन: वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई शुरू करना, सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में घर से कार्य को बढ़ावा देना, सार्वजनिक और निजी आयोजनों पर पाबन्दी लगाना, शहरी परिवहन में आर्ड-इवन व्यवस्था लागू करना, शिक्षा को पुन: अनिवार्य रूप से ऑनलाइन करना, इत्यादि-इत्यादि। इसके साथ ही चुनावी रैलियों और भीड़ पर भी रोक लगानी होगी। क्योंकि विधान सभा चुनाव भले ही खात्मे की ओर हों मगर निकाय व पंचायत चुनाव लगातार हो रहे हैं।

– **बृजेश माथुर,** गाज़ियाबाद

### जल बचाएं, प्यास बुझाएं

गर्मी के तेवर में तेजी आने लगी है। इस वजह से पानी की खपत बढ़ने लगी है। जितना भी जल हमारे घर तक स्थानीय स्त्रोतों से प्राप्त होता है। कोशिश करें कि उसका अपव्यय ना हो और ना ही वो व्यर्थ जाए। नदियों को जोड़ना, कुएं-तालाबों को गहरा करना या नए निर्माण करना, वनों की रक्षा करना, बरसात के जल को समुद्र में जाने से कैसे बचाना आदि काम तो सरकार का है और वो योजनाबद्ध तरीके से उसे वर्तमान से दीर्घकाल तक करती ही रहती है। किन्तु व्यक्तिगत रूप से हम जल को कैसे बचाएं और उसका सदुपयोग करें इस बारे में हमें स्वयं सोचना है। हर व्यक्ति और हर घर यदि जल के अपव्यय को रोकने के प्रयास करेगा तो अवश्य हमारे गरमी के दिन राहत भरे गुजर सकते हैं। बर्तन, कपडे आदि के लिए वापस पानी क पुन: उपयोग जैसे पौधों में, आंगन की सफाई में कर सकते हैं। नहाने-धोने के समय व्यर्थ नल आदि से पानी ना बहाएं। हम और हमारे परिजन कितना पानी को बचाने के मामले में खुद, परिवारवालों और सेवकों/सेविकाओं को सतर्क कर सकते हैं या सलाह दे सकते है उस पर सोचकर काम करेंगे तो अवश्य हम जल के अपव्यय को रोककर बहुत सारे पानी की बचत कर सकते हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, गिरधर नगर, इंदौर

### अदृश्य वायरस

**यह** बात समझ से परे है कि देश में फैल रहे कोरोना के संक्रमण की दूसरी लहर पहले से भी ज्यादा घातक साबित होती दिखाई दे रही है। लेकिन इस स्थिति में भी होने वाली चुनावी रैलियों पर पाबंदी नही लगाई गई। कहां खो गई है देश की कानून व्यवस्था? कोरोना जब विकराल रूप धारण करता जा रहा है, शायद आज के समय मे अपनी और सबकी जीविका बचा लेना ही सबसे बड़ा पुण्य है। लेकिन लोग गंभीरता को समझने के लिए तैयार ही नहीं हैं। वहीं सोमवार को कुंभ मेले में तीस लाख से अधिक लोगों ने स्नान किया है। क्या इससे कोरोना का संक्रमण नहीं फैलेगा? कैसे बचें लोग? केवल दु:ख बल्कि चिंता होती है कि कोरोना दिशा निर्देशों के बारे में वहां लोग क्या सोच रहे है। क्या प्रशासन के पास ऐसी क्षमता है कि वह तीस लाख लोगों की कोरोना जांच कर सके ? इसका कोई उपाय नही है। यह समय है जब भीड़ से बचा जाए और कोई खतरा मोल न लिया जाए। स्वस्थ समाज के लिए जरूरी है, स्वास्थ्य सम्बन्धी हिदायतों का पालन हो।

– **खुशबू वेद**, आलोट, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail@com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मैं** हर किसी से कोविड मानकों का पालन करने एवं जबतक अति आवश्यक न हो तब तक अस्पताल न जाने एवं वैक्सीन लगवाने का आग्रह करता हूं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**यह** नरसंहार है। मैंने तस्वीरें देखी हैं। केंद्रीय बलों ने पैरों की ओर गोली चलाने के बजाए गोलियों की बौछार कर दी।

– **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री



**हर** मौत दु:खद है, लेकिन ऐसा क्यों है कि ममता दीदी को होने वाली प्रत्येक मौत पर राजनीति करनी पड़ती है।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री

# मुख्यमंत्री ने किया केयू ग्रीन कैम्पस बुक का विमोचन

## बुक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हरे-भरे परिसर को पर्यावरण की दृष्टि से दर्शाया

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


पुस्तक का विमोचन करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल और अन्य लोग।

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के आडिटोरियम में मंगलवार देर सायं आयोजित बैसाखी उत्सव में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण गतिविधि कार्यक्रम के तहत केयू ग्रीन कैम्पस 2021 बुक का विमोचन किया।

इस ग्रीन कैम्पस बुक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हरे-भरे परिसर को पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण छायाचित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। कुवि का परिसर पहले भी देश के विश्वविद्यालयों में अपनी हरियाली के लिए विख्यात है। पहले भी कुवि परिसर को भारत के राष्ट्रपति द्वारा ग्रीन कैम्पस अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। कुवि राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण गतिविधि कार्यक्रम के नोडल आफिसर व छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल वशिष्ठ ने बताया कि पर्यावरण सम्बंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण से जुड़े अनेक कार्यक्रम किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी की प्रतिभागिता रहती है। विगत में 26 जनवरी को राष्ट्रीय स्तर पर भी आयोजित कार्यक्रमों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्रतिभागिता रही है।

उन्होंने बताया कि आगे भी पर्यावरण सम्बन्धी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज स्तर पर नोडल आफिसर बनाए जाने की योजना तैयार है। इन योजनाओं से युवाओं को पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों में भागीदारी करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय गतिविधि कार्यक्रम के तहत पांच विद्यार्थियों को इको कमांडर की ट्रेनिंग के लिए नामांकित किया जा रहा है। एक महीने के प्रशिक्षण के बाद यह सभी विद्यार्थी अपने विभाग, विश्वविद्यालय व समाज को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं।


ऐतिहासिक गुरुद्वारा छटी पातशाही में माथा टेकते मुख्यमंत्री मनोहर लाल

# मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक गुरुद्वारा छटी पातशाही में टेका माथा

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** के सीएम मनोहर लाल मंगलवार देर सायं धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में शीश नवाने पहुंचे।

सीएम ने सबसे पहले श्रीगुरु ग्रंथ साहिब महाराज के समक्ष हाजिरी भरी। बता दें कि ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही कुरुक्षेत्र में इससे पहले कई वीवीआई दर्शन कर चुके हैं। हरियाणा के सीएम मनोहर लाल भी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ गुरुद्वारा साहिब पहुंचे। उन्होंने हाथ जोड़ कर सब के भले के लिए गुरु चरणों में अरदास की है।

इसके साथ-साथ हरियाणा के शिक्षामंत्री कंवरपाल, सांसद संजय भाटिया, सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, पूर्व विधायक डा. पवन सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने भी गुरुद्वारा साहिब में माथा टेककर अरदास की है।

## संक्षिप्त समाचार

### वैक्सीन लगवाने पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता



**सोनीपत।** बॉलीवुड अभिनेता व सोनीपत निवासी अनुज शर्मा सेफ इंडिया फाउंडेशन के सेक्टर-14 कम्युनिटी हाल में पहुंचे। जहां उन्होंने खुद को वैक्सीन भी लगवाई। कैम्प का निरीक्षण करने के उपरांत कहा कि मैंने यह अकेला ऐसा कैम्प देखा है, जहां सुबह से शाम बजे तक वैक्सीन लगाई जाती है, ताकि कामकाज निपटा कर भी लोग वैक्सीन लगवा सके। शुल्क में वैक्सीन लगवाने के बाद प्रत्येक व्यक्ति को एक सेनिटाइजर नि:शुल्क तथा इसके अलावा 60 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त शरीर जांच करवाई जा रही है। उन्होंने इस अवसर पर सभी लोगों से वैक्सीन लगवाकर देश को सेफ बनाने की अपील भी की। इस अवसर पर फाउंडेशन के चैयरमैन वाईके त्यागी प्रधान संजय सिंगला, धीरज शर्मा, कबीर औषधालय के प्रबंध निदेशक संजीव अग्रवाल, वर्मा लैब के प्रवीण वर्मा, सतीश माथुर, मनीष बंसल आदि मौजूद रहे।

### प्राइवेट स्कूल सौंपेंगे उपायुक्त को बसों की चाबियां

**भिवानी।** हरियाणा के प्राइवेट स्कूल कोरोना महामारी के कारण एक साल से बंद थे। जिससे बच्चों की शिक्षा न के बराबर हो पायी थी। अब एक अप्रैल से बच्चों को विद्यालय में कोरोना से सम्बंधित एसओपी की पालना करते हुए स्कूल में बुलाना शुरू किया था लेकिन अचानक सरकार ने पहली से आठवीं तक के स्कूलों को कोरोना की वजह से 30 अप्रैल तक बंद कर दिया। हरियाणा में किसी भी काम पर इतना प्रभाव नहीं पड़ा है। यहां लाखों अध्यापक बेरोजगार हो गए है। स्कूल बसों की किश्तें, टैक्स व स्टाफ का वेतन देने के लिए पैसे तक नहीं है। जैसी की हरियाणा सरकार ने प्रवासी मजदूरों की मदद की है। सरकारी कर्मचारियों तक को वेतन दिया है तो स्कूलों के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है? एसोसिएशन इन स्कूलों को अल्टरनेटिव डे पद्धति के आधार पर खोलने की माँग को लेकर कल उपयुक्त को हजारों बसों की चाबियां सौंपेगा। अपने सभी अध्यापकों संग सांकेतिक धरना देगा। प्रदेश अध्यक्ष रमावतार शर्मा ने बताया कि कोरोना महामारी बच्चे की क्लास देख कर वार नहीं करती, अगर आठवीं तक के बच्चों को कोरोना हो सकता है तो नौवीं से बाहरवीं को भी हो सकता है।

### डा. अंबेडकर जयंती पर पर लगाया रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने भारतीय संविधान के रचियता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में 135वां रक्तदान शिविर लगाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनी युवा पंचायत के प्रदेशाध्यक्ष डा. मंजीत कटारिया बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। डा. मंजीत कटारिया का शिविर में आने पर समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, संरक्षक नरेश सैनी व प्रेस प्रवक्ता तरुण कुमार ने स्वागत किया। सबसे पहले मुख्यातिथि व समिति के सदस्यों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यातिथि डा. मंजीत कटारिया ने बताया कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने अपनी किताब में लिखा था कि जीवन, लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए, शिक्षा वो शेरनी है जो इसका दूध पियगा तो ईसान दहाड़ेगा। समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने युवाओं को रक्तदान करने के फायदे बताए। समिति के प्रेस प्रवक्ता तरुण कुमार ने बताया कि संस्था की तरफ से अभी तक 135 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल के प्रशासन के साथ कोविड-19 के टीकाकरण में व मास्क अभियान चला कर लोगों को मास्क लगाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### ग्यारह निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया



**रादौर।** भारत विकास परिषद की ओर से बुधवार को शहर के रॉयल गार्डन पैलेस में 19वें निर्धन परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 11 कन्याओं का विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजीव गुप्ता उपाध्यक्ष लघु उद्योग भारती यमुनानगर ने सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनीत गर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारत विकास परिषद ने की। कार्यक्रम में रामनिवास गर्ग चेयरमैन दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर व तरुण अग्रवाल वशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। भारत विकास परिषद रादौर के प्रधान सुमित गोयल की देखरेख में आयोजित हुए विवाह समारोह में 11 कन्याएं विवाह सूत्र में बंधी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजीव गुप्ता उपाध्यक्ष लघु उद्योग भारती यमुनानगर ने कहा कि कन्यादान महादान है। भारत विकास परिषद की ओर से समाजसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य सराहनीय है। इस अवसर पर सुमित गोयल, मुकेश रोहिल, डॉ सतीश कांबोज ने बताया कि संस्था की ओर से निर्धन कन्याओं को दैनिक उपयोग की चीजें दान स्वरूप भेंट की गई है। उन्होंने बताया कि 19 वर्षों के दौरान संस्था की ओर से 210 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाया जा चुका है।

# संविधान निर्माता बाबा साहेब को जयंती पर याद किया


मुख्यातिथि समाजसेवी संदीप गर्ग को स्मृति चिन्ह भेंट करते सभा के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

### सामाजिक चिंतक व समाज सुधारक भी थे बाबा साहेब: संदीप गर्ग

**लाडवा** में संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अंबेडकर सभा लाडवा की ओर से किया गया। समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा ने यहां के अंबेडकर चौंक पर स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

संदीप गर्ग ने कहा कि बाबा साहेब संविधान निर्माता होने के साथ सामाजिक चिंतक व समाज सुधारक भी थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा की विचारधारा से उन्होंने सभी को समानता का अधिकार दिया, वहीं देश की तरक्की के मार्ग भी प्रशस्त किए। उन्होंने कहा कि इस दौर में बाबा साहेब की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए समाज को भी नयी दिशा दी जा सकती है। संदीप गर्ग ने कहा कि बाबा साहेब के आदर्शों पर चलते हुए पूर्ण समाज को सौ प्रतिशत साक्षर बनाया जाना चाहिए। उन्होंने नारी शिक्षा पर भी बल दिया। संदीप गर्ग ने अपने निजी कोष से सहयोग राशि भी दी। सभा की ओर से मुख्यातिथि संदीप गर्ग को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस अवसर पर सभा के प्रधान रतन लाल, राकेश वाल्मीकि, अश्वनी शर्मा, प्यारा सिंह, विजय ढिंगरा, उमेश बंसल, सहित बड़ी संख्या में गणमन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### मजदूर ने फंदा लगाकर जान दी

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव पनिहारी में एक प्रवासी मजदूर ने खेत में बने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के जिला जसपुर निवासी विभीषण गांव के अमृतपाल के यहां मजदूरी करता था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सिरसा के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। बताया जाता है कि विभीषण पिछले कुछ दिनों से मानसिक तौर परे परेशान था। पुलिस ने खेत मालिक अमृतपाल के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नाइट कर्फ्यू की अवहेलना करने पर सख्ती से निपटेगा प्रशासन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

### अनुपालना को लेकर डीसी और एसपी ने देररात्रि किया निरीक्षण

**कोरोना** महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए हरियाणा सरकार ने रात्रि 10 बजे से प्रात: 5 बजे तक नाइट कर्फ्यू लगाया है। इन्हीं आदेशों की अनुपालना के मद्देनजर उपायुक्त निशांत कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने मंगलवार देर रात्रि 10 बजे के बाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर निरीक्षण किया और लोगों को नाइट कर्फ्यू की पालना करने के लिए अपील भी की। इसी प्रकार से जिला के अन्य कस्बों व ग्रामीण कस्बों में नाईट कर्फ्यू को लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट व संबंधित क्षेत्र के एसडीएम द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। उपायुक्त व एसपी ने संयुक्त रूप से अपना दौरा अम्बेडकर चौक से होते हुए पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी की टीम सहित रात्रि 10 बजे के बाद उपायुक्त कैंप ऑफिस से निकलकर कर्ण लेक स्थित ओसिस कॉम्पलैक्स पहुंची। घरों से बाहर निकलने पर मास्क का प्रयोग करें और दो गज की सामाजिक दूरी बनाए रखें।

# आईपा ने राष्ट्रीय फीस रेगुलेशन ड्राफ्ट प्रधानमंत्री को भेजा

## पेरेंट्स के हित में इस ड्राफ्ट को मंजूर करने की मांग की

कैलाश शर्मा। पंचकुला

### अभिभावक मोदीजी के ट्विटर हैंडल पर की गई अपील को करें रिट्वीट

**ऑल** इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन आईपा ने पूरे देश में प्राइवेट स्कूलों के लिए जायज व वैधानिक फीस लेने का केंद्रीय कानून बनाने का ड्राफ्ट बनाकर उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उचित कार्रवाई के लिए भेजा है। आईपा ने इस ड्राफ्ट को केंद्र सरकार से मंजूरी दिलाने के लिए पूरे देश में एक देश, एक फीस, जायज फीस नाम से ट्वीट अभियान चलाया है। आइपा की ओर से सभी पेरेंट्स व जागरूक नागरिकों से अपील की गई है वे मोदीजी के ट्विटर हैंडल पर ड्राफ्ट को लेकर की गई अपील को अधिक से अधिक रिट्वीट करें और कराएं।

आईपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि ड्राफ्ट को आम जनता के लिए सार्वजनिक करते हुए उसकी एक प्रति सभी संसद सदस्यों को भेजकर उनसे भी पेरेंटस के हित में इस बिल को लोकसभा व राज्यसभा में पारित कराने में अपना समर्थन व सहयोग देने की अपील की गई है। प्रधानमंत्री को भेजे गए ड्राफ्ट में मुख्य रूप से इन बातों को शामिल किया गया है।

पूरे राष्ट्र में फीस रेगुलेशन एक्ट बनाया जाए और विशेष कमेटी के द्वारा इसकी मॉनिटरिंग की जाए। इस विशेष कमेटी में अभिभावकों की भागीदारी ज्यादा हो। ड्राफ्ट में सभी प्राइवेट स्कूलों का सीएजी के द्वारा ऑडिट कराकर स्कूलों की आमदनी व जायज खचाज़ को देखकर ही उन्हें फीस बढ़ाने की अनुमति दी जाए, पूरे देश में एक जैसी शिक्षा, सबको समान रूप से मिले इसकी व्यवस्था की जाए, फीस बढ़ोतरी से पहले सरकार द्वारा उच्च अधिकार प्राप्त फीस एंड फंडस रेगुलेटरी कमेटी की मंजूरी ली जाए और 5 साल से पहले कोई फीस ना बढ़ाई जाए। पूरे देश में एनसीईआरटी द्वारा निर्धारित की गई किताबों को ही लगाया जाए, आदि कई अहम बातों को शामिल किया गया है। आइपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ एडवोकेट अशोक अग्रवाल ने कहा है कि यह राष्ट्रीय फीस रेगुलेशन ड्राफ्ट प्राइवेट स्कूल संचालक व अभिभावकों के हित में ही बनाया गया है।

# महापुरुष पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत: भाटिया

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



**महापुरूष** किसी भी एक जाति विशेष के नहीं होते, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा के स्त्रोत होते हैं। हमें ऐसे महापुरूषों की जयंतियां बड़ी धूमधाम के साथ मनानी चाहिए और हमें उनके आदर्श पर चलने का प्रण लेना चाहिए।

दी अंबेडकर एजुकेशनल सोसायटी ककरोई रोड सोनीपत के प्रांगण में बुधवार को बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर का 131वां जन्मोत्सव में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर बाबा साहेब को याद किया। समारोह के सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट हरी प्रकाश मुख्य अतिथि, पानीपत के डिप्पी सीएमओ डा. अमित पोरिया अध्यक्ष व अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम प्रकाश किलसन, पुनीत भाटिया मौजूद रहे। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### मांगें नहीं मानी तो शिक्षक 16 को देंगे ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** ताज पार्क में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कुरुक्षेत्र की कार्यकारिणी की मीटिंग हुई। इसमें पिछले दिनों जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सतनाम सिंह भट्टी की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय को जो मांगपत्र सौंपा गया था, उस पर चर्चा की गई। इस मांग पत्र में 2017 बैच के जेबीटी अध्यापकों को कन्फर्म करने की बात को प्रमुखता से रखा गया था। यह अल्टीमेटम भी दिया था कि यदि इन मांगों को 15 अप्रैल तक पूरा नहीं किया जाता है तो संघ जिला सचिवालय पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के खिलाफ धरना देगा।

# नाइट कर्फ्यू के पालन को लेकर थाना प्रभारी ने ली बैठक

पायनियर समाचार सेवा। असन्ध

**हरियाणा** में कोरोना के लगातार बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए प्रदेश सरकार कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहती। इसलिए सरकार ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है।

सोमवार शाम से प्रदेश में नाइट कर्फ्यू लागू हो गया है। अब प्रदेश में रोजाना दस बजे से सुबह पांच बजे तक नाइट कर्फ्यू रहेगा। इसी को लेकर थाना प्रभारी कमलदीप सिंह ने व्यापार मंडल के साथ बैठक की और व्यापारियों के साथ विचार-विमर्श किया। थाना प्रभारी ने व्यापार से आह्वान किया कि सभी सरकार द्वारा जारी किए गए नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि नाइट कर्फ्यू के दौरान किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होगी। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रधान सुशील गर्ग व पूर्व प्रधान नरेश मेहता ने थाना प्रभारी को आश्वस्त किया कि व्यापारी सरकार द्वारा जारी किए गए नियमों का पालन करेंगे।

### सीबीएलयू में हुई रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता

**भिवानी।** चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा विक्रम संवत नव वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डाक्टर मीरा बांबा, असिस्टेंट प्रोफेसर, इंदिरा गांधी मीरपुर यूनिवर्सिटी ने बतौर निर्णायक की भूमिका के लिए आमंत्रित किया गया। आने वाले वर्ष में शिक्षा को समाज की समस्याओं के समाधान के लिए कैसे उपयोगी बनाया जा सकता है, इस विषय पर अपने विचार रखे। इसके साथ साथ विक्रम संवत नव वर्ष के कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर भाषण दिया। विभिन्न प्रकार की चित्रकला का प्रदर्शन रंगोली के माध्यम से किया। वाणिज्य विभाग की इंचार्ज डॉक्टर कृतिका ने सभी अतिथियों का अभिवादन व्यक्त किया और विक्रम संवत नव वर्ष के संदर्भ में बताया कि कैसे हम अपने जीवन में अच्छाइयों को अपनाकर, बुराइयों को छोड़कर समाज के हित में काम कर सकते हैं। इसके साथ साथ विद्यार्थियों ने लड़कियों पर होने वाले अत्याचार का चित्रण किया।

प्रेरणा

पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ



**विकेश भारतीय**
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

ख्वाहिशों का खेल भी निराला है,
किसी के पास चाबी तो किसी के पास ताला है,
जिसके पास भूख है उसके पास निवाला नहीं,
उसे भूख नहीं जिसके पास निवाला है।

### आय का 10 प्रतिशत लगाएं समाज सुधार में: सतबीर

**भिवानी।** लघु सचिवालय स्थित संविधान निर्माता डाक्टर भीमराव अंबेडर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी 130वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई।

इस मौके पर डा. अंबेडकर द्वारा किए गए समाज भलाई के कार्यों को याद किया गया। इस मौके पर खानक डाडम क्रेशर एसोसिएशन के चेयरमैन मास्टर सतबीर रतेरा ने कहा कि भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का जनक कहा जाता है।

भारत के संविधान के एक प्रमुख वास्तुकार, अंबेडकर ने महिलाओं के अधिकारों और मजदूरों के अधिकारों की भी वकालत की। भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर ने समाज के वंचित वर्ग को शिक्षित व सशक्त किया। हमें न्याय व समता पर आधारित एक ऐसा प्रगतिशील संविधान दिया, जिसने देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया। समाज के कर्मचारियों व व्यापारियों ने समाज के सुधार के लिए अपनी आय का 10 प्रतितश हिस्सा समाज सुधार में लगाना चाहिए, ताकि समाज के लोगों की भलाई हो सके।

# न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर ने अपने ट्रैक्टरों के लिए मिलाया योकोहामा ऑफ-हाईवे टायर्स के संग हाथ

**गुरुग्राम।** इस वर्ष के किसानों को खेती के प्राथमिक और उन्नत कामों में बेहतर सहूलियत देकर मजबूत बनाने के लिए न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर ने ट्रैक्टर टायरों के लिए योकोहामा ऑफ-हाईवे टायर के ब्रांड अलायंस के साथ गठजोड़ किया है। इस गठजोड़ के बाद न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर के ट्रैक्टरों में जापानी कंपनी के जाने-माने कृषि टायर अलायंस ट्रैकप्रो विशाल का इस्तेमाल होगा, जिनसे ट्रैक्टर का प्रदर्शन बेहतर होगा, मिट्टी कम दबेगी और टिकाऊपन, गति एवं टायर के लंबे जीवन का फायदा एक साथ मिलेगा। इस मौके पर योकोहामा ऑफ-हाईवे टायर्स के प्रेसिडेंट-सेल्स, अपैक हरिंदर सिंह ने कहा, न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर के साथ अपना सफर शुरू करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। इस गठजोड़ के जरिये हम न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर के ट्रैक्टरों को अत्याधुनिक खूबियों और बेहतरीन गुणवत्ता वाले टायर उपलब्ध कराएंगे। अलायंस ट्रैकप्रो विशाल उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला बायस टायर है, जो भारी भरकम कृषि क्षेत्र के लिए एकदम उपयुक्त है। ट्रैक्टर चलाने में आराम के साथ बेहतर पकड़ और अधिक टिकाऊपन जैसी खूबियों के कारण इन टायर से खेती का अनुभव और भी अच्छा हो जाता है। न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर के सेल्स निदेशक, भारत एवं सार्क कुमार बिमल ने कहा, योकोहामा ऑफ-हाईवे टायर्स के साथ गठजोड़ से हमारे ट्रैक्टरों को अतिरिक्त खूबी मिल जाएगी। वे देश में आधुनिक किसानों की बदलती जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करेंगे। योकोहामा ऑफ-हाईवे टायर अपने ब्रांड गठजोड़ के कारण हमेशा आगे रहे हैं और इसमें कोई शक नहीं कि ब्रांड अपनी आधुनिक तकनीकों के कारण उन्नत कृषि टायर श्रेणी की जरूरतें पूरी करेगा। चूंकि दोनों संगठन किसान समुदाय के प्रति एक जैसे मूल्य लेकर चलते हैं, इसीलिए हमें यकीन है कि इस गठजोड़ से अच्छी माइलेज, टिकाऊपन एवं आराम सुनिश्चित होगा, जिसका फायदा किसानों को मिलेगा। योकोहामा ऑफ-हाईवे टायर्स (वाईओएचटी) ऑफ-द-रोड कारोबार में योकोहामा रबर कंपनी लिमिटेड की पहचान है।

# वनप्लस वॉच के साथ करें हर चुनौती को पूरा

**नई वनप्लस वॉच को 21 अप्रैल से 14,999 रुपये की कीमत पर रेड केबल फर्स्ट सेल**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

### 22 अप्रैल से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन चैनलों के जरिए खरीदा जा सकता है

**ग्लोबल** टेक्नोलॉजी ब्रैंड वनप्लस ने हाल ही में कंपनी की पहली पहने जा सकने वाली ग्लोबल डिवाइस, वनप्लस वॉच को लॉन्च किया। वनप्लस वॉच तेज, आसान और भरोसेमंद है। इस वॉच से आपको 'नेवर सेटल' का अनुभव मिलेगा। आपकी डिजिटल लाइफ ज़्यादा आसान बनेगी।

इस वॉच में प्रीमियम डिजाइन, आसान कनेक्शन, स्मार्ट फिटनेस ट्रैकिंग और लंबी बैटरी लाइफ जैसी विशेषताएं हैं। वनप्लस वॉच कंपनी के प्रोडेक्ट पोर्टफोलियो को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, क्योंकि इससे कंपनी को पूरी तरह जुड़ा हुआ ईकोसिस्टम बनाने में मदद मिलेगी। वनप्लस के संस्थापक और सीईओ, पीट लाउ ने कहा, वनप्लस वॉच कंपनी का सबसे नया उत्पाद है। हालांकि लंबे समय से वनप्लस का सबसे ज़्यादा ध्यान स्मार्टफोन पर ही रहा है, लेकिन हमारा मानना है कि ऐसे स्मार्ट उत्पाद बनाए जाने चाहिए जो हमारे कनेक्टेड इकोसिस्टम में आसानी से फिट हो जाएं और ग्राहकों को सहज अनुभव देने के हमारे मिशन को पूरा करने में मदद करें। अपनी स्टाइलिश डिजाइन, आसान कनेक्शन, स्मार्ट फिटनेस ट्रैकिंग और ज़बरदस्त लंबी बैटरी लाइफ के कारण वनप्लस वॉच हमें हमारे मिशन के और करीब ले जाती है।

**स्टाइलिश डिजाइन**

वनप्लस वॉच अनोखी लेकिन उसी जानी पहचानी क्राफ्टमैनशिप से बनाई गई है। जैसी वनप्लस के स्मार्टफोन्स में नजर आती है। वनप्लस वॉच मिनिमलिस्ट एस्थेटिक्स, शानदार क्राफ्टमैनशिप और प्रीमियम मैटेरियल का जबरदस्त मेल है। पारंपरिक घड़ी के गोल डिजाइन के जैसे ही इसके केस के किनारों पर स्मूथ आर्क बनाया गया है। बेहतरीन फिनिश पाने के लिए आर्क पर 20 से ज़्यादा तरह का ट्रीटमेंट किया गया है। 46 मिमी के केस को उच्च-गुणवत्ता वाले स्टेनलेस स्टील से बनाया गया है। इसके ऊपर 2.5डी का कर्व्ड ग्लास लगा है। ज़्यादा प्रीमियम फिनिश के लिए इसके डिस्प्ले बेज़ल पर हल्का लेकिन चमकदार सीडी पैटर्न दिया गया है।

**आसान कनेक्शन**

वनप्लस वॉच से आपको जीवन के हर पल का मजा लेने का मौका मिलता है। इसके जरिए आप आसानी से अपने डिजिटल इकोसिस्टम से जुड़ सकते हैं। इस वॉच से आप नोटिफिकेशन्स देख सकते हैं, फोन कॉल कर सकते हैं या उनका जवाब दे सकते हैं। अपना मनपसंद संगीत सुन सकते हैं। 4 जीबी के स्टैंडअलोन स्टोरेज, बिल्ट-इन जीपीएस और कम्पेटिबल ब्लूटूथ ईयरफोन से जुड़ने की क्षमता के साथ आप पूरी तरह स्मार्टफोन फ्री अनुभव ले सकते हैं।

**ताकतवर बैटरी**

केवल पांच मिनट चार्ज करने पर वनप्लस वॉच को बिना किसी परेशानी के पूरे दिन इस्तेमाल किया जा सकता है। बीस मिनट चार्ज करने पर यह पूरे एक हफ्ते तक काम करती है। इसकी लंबे समय तक चलने वाली 402एमएएच बैटरी से ज़रूरी इस्तेमाल करने पर दो हफ्ते तक काम लिया जा सकता है। ज़्यादा इस्तेमाल करने पर यह एक हफ्ते तक आसानी से चलती है।

फाइलों के संपर्क में आने से कोरोना संक्रमण से बचने को

# हरियाणा में अब सभी विभाग होंगे पेपरलैस, शुरू होंगे ई-ऑफिस

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** विधानसभा के बाद अब प्रदेश सरकार ने अपने सरकारी दफ्तरों को भी पेपरलैस बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। अब सरकारी विभागों में ई-ऑफिस के जरिये फाइलों की ऑनलाइन मूवमेंट होगी। पूरा सिस्टम पेपरलैस होगा। फाइलों के संपर्क में आने से भी कोरोना संक्रमण फैलने की आशंका है। कोरोना की दूसरी लहर के बीच सरकार ने पेपरलैस कामकाज पर ही मुख्य फोकस रखने को कहा है।

### सीएम के प्रोजेक्ट निदेशक ने बैठक में दिए निर्देश

सीएम सुशासन सहयोगी कार्यक्रम के परियोजना निदेशक डा. राकेश गुप्ता ने बुधवार को चंडीगढ़ में अधिकारियों की बैठक में कहा कि सरकारी दफ्तरों व बोर्ड-निगमों के अलावा सभी विश्वविद्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम को मजबूत करना जरूरी है। सभी प्रकार की फाइलों को पेपरलैस किया जाएगा। अभी तक



प्रदेश में ई-फाइल और ई-रसीद को लगभग 25 हजार लोगों द्वारा उपयोग किया है। इसके तहत एक लाख से अधिक ई-फाइलों और पांच लाख से अधिक ई-रसीद को डिजिटल रूप से 25 लाख से अधिक बार आगे बढ़ाया गया। प्रदेश के सभी जिलों के एडीसी और विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हुई बातचीत में गुप्ता ने कहा कि ई-आफिस को लेकर पूरे प्रदेश में गाइड लाइन जारी होगी। सरकार एफएक्यू डाक्यूमेंट वर्जन 2.0 भी जारी करेगी। इतना ही नहीं, ई-ऑफिस के लिए हारट्रोन द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों की ट्रेनिंग भी कराई जाएगी। ई-आफिस के क्रियान्वयन को लेकर आ रही कठिनाइयों के बारे में भी गुप्ता ने जिलों के अधिकारियों से पूछा।

इन कठिनाइयों एक समय अवधि में निपटाने के निर्देश देते हुए कहा कि पेपरलैस प्रणाली को जल्द से जल्द सफलता के साथ लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फील्ड अधिकारियों की सुविधा के लिए हाट्रोन ने सेंट्रलाइज्ड हेल्पलाइन नंबर 0172-2580092 जारी किया है। तकनीकी खामियों को ठीक करने के लिए ई-ऑफिस पीएमयू ग्रुप भी बनाया गया है। बैठक में बताया गया कि 550 से अधिक सरकारी योजनाओं और सेवाओं को प्लेटफार्म पर एकीकृत किया गया है।

# पलवल और दादरी के सरपंचों ने ग्राम सचिव से मिलकर किया घोटाला

सीएम के प्रोजेक्ट निदेशक ने दिए एफआईआर कराने के दिए आदेश

### फरीदाबाद के पब्लिक पार्क से स्टे हटवाने को होगी कोर्ट में गंभीर पैरवी

### फरीदाबाद नगर निगम में आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में हुआ फर्जीवाड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने जिला पलवल के खाईका गांव के सरपंच इकबाल के खिलाफ एक करोड़ 84 लाख रुपये के गबन के मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा, संबंधित ग्राम सचिव के खिलाफ भी तुरंत कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

यह जानकारी चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी कार्यक्रम के परियोजना निदेशक डॉ. राकेश गुप्ता ने ई-आफिस, अंत्योदय सरल, सीएम विंडो, महिला सुरक्षा



(ओएससी, पीओएसएच), पीसीपीएनडीटी, एमटीपी और पोक्सो अधिनियम के क्रियान्वयन, कुपोषण व एनीमिया को कम करना, आंगनवाड़ी व प्ले-स्कूल में प्री-एजुकेशन तथा सक्षम हरियाणा जैसी योजनाओं की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करने के दौरान दी। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में राज्यभर के जिलों के अतिरिक्त उपायुक्त व अन्य संबंधित अधिकारी जुड़े थे।

वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान सीएम-विंडो पर चरखी-दादरी के संबंध में आई एक शिकायत की समीक्षा करते हुए, उन्होंने कहा कि बोंद-कलां (चरखी दादरी) की पूर्व सरपंच अनिता देवी और ग्राम सचिव रामबीर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मंजूरी ली जाए, क्योंकि लगभग 36 लाख रुपये के पंचायत फण्ड में वित्तीय घाटा उनके कार्यकाल में हुआ है।

फरीदाबाद में एक पब्लिक पार्क की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए डॉ. राकेश गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए, कहा कि पब्लिक पार्क में हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए लगाए गए न्यायालय के स्टे को हटवाने के बारे में जल्द से जल्द कार्रवाई करें और पार्क को खाली करवाएं।

फरीदाबाद नगर निगम में आउटसोर्सिंग पर नियुक्तियों के दौरान हुई अनियमितताओं के बारे में आई शिकायत पर उन्हें बताया गया कि इस संबंध में लगभग एक करोड़ 54 लाख रुपये की राशि वसूल की जानी है। जिसमें से केवल 67 लाख रुपये वसूल किए जा चुके हैं, इस पर, डॉ. राकेश गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि इस मामले में पूरी राशि वसूल की जाए। किसी भी प्रकार की लीपा-पोती नहीं होनी चाहिए। सीएम-विंडो पर गुरुग्राम में लाइसेंस्ड भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में आई एक शिकायत पर निर्देश देते हुए डॉ. गुप्ता ने जिला के संबंधित अधिकारियों से कहा कि इस शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करें। किस प्रकार से लाइसेंस्ड भूमि पर सात मंजिला भवन निर्मित हो गया, इसकी भी जांच करके उचित कार्रवाई करें।

बैठक में पानीपत में चुनावों के दौरान 65 बोगस वोट के एक मामले में आई शिकायत के संबंध में परियोजना निदेशक को अवगत करवाया गया कि इस संबंध में एसआईटी गठित कर दी गई है।

# बिजली की चिंगारी से पांच एकड़ खड़ी फसल और एक एकड़ फाने जले



गांव टाटकी में बिजली की चिंगारी से जलकर राख हुई गेहूं की फसल दिखाते किसान।

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**बिजली** विभाग की लापरवाही से बिजली की तारों से निकली चिंगारी से गांव टाटकी व खैरा में किसानों की पक कर तैयार खड़ी पांच एकड़ गेहूं की खड़ी फसल व एक एकड़ फाने जल कर राख हो गए।

गेहूं में आग लगने की सूचना मिलते ही गांव टाटकी के लोग मौके पर पहुंच गए। किसानों ने ट्रैक्टरों की मदद से आग पर काबू पाया। बुधवार सुबह मनोद कुमार के खेत में खड़े बिजली के खंभे पर तार ढीले होने के कारण वे आपस में टकरा गई। जिससे बिजली की तेज झ्रह्य चिंगारियां निकली। खेत में कम्बाइन से कटी गेहू के फाने होने के कारण बिजली की चिंगारी फानों में गिरते ही फानों में आग लग गई। गेहूं के फानों में आग लगते ही तेज हवा के कारण साथ के गेहूं के खेत में फैल गई। चार एकड़ गेहूं को जला कर राख कर दिया। मनोद के गेहूं के खेतों में आग लगने की सूचना लगते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने के प्रयासों में जुट गए। किसानों ने ट्रैक्टरों की मदद से साथ लगते गेहूं के खेत को ट्रैक्टर से जोत दिया। ताकि आग आगे ना फैल सके। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते मनोद कुमार व रामकरन की चार एकड़ खड़ी गेहूं व चुहड़ सिंह की एक एकड़ फाने जल कर राख हो चुके थे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और हरियाणा सरकार से मांग करते हुए कहा कि आग के कारण हुए उनकी गेहूं के फसल के नुकसान की भरपाई करने के लिए तुरंत विशेष गिरदावरी करवा कर मुआवजा दें।

## संक्षिप्त समाचार

### अनाथ आश्रम में केक काटकर मनाई बाबा साहेब की जयंती



**भिवानी।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डाक्टर भीमराव की जयंती अतिरिक्त उपायुक्त राहुल नरवाल ने बड़े ही अलग अंदाज में मनाई। एडीसी राहुल नरवाल ने अपनी धर्मपत्नी डाक्टर सविता के साथ अनाथ आश्रम में बच्चों के साथ केक काटकर बाबा साहेब की जयंती मनाई। इस अवसर पर एडीसी ने बच्चों को खेल का सामान भी वितरित किया। इस मौके पर एडीसी ने बच्चों को बाबा साहेब डाक्टर अंबेडकर के संघर्षमय जीवन के बारे में बताया। एडीसी राहुल नरवाल ने कहा कि इन बच्चों को बाबा साहेब के जीवन के बारे में पता होना बहुत जरूरी है, क्योंकि ये बच्चे देश का भविष्य है। उन्होंने बच्चों को बताया कि किस तरह बाबा साहेब ने एक छोटी सी जगह से ऊपर उठकर विदेश से डाक्टरेट की उपाधि हासिल की तथा देश के पहले न्याय व कानून मंत्री बने तथा बाद में देश के संविधान रचयिता बने। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे भी बाबा साहेब के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े तथा देश की उन्नति एवं तरक्की में अपना योगदान दें।

### जयंती पर कोविड बचाव का टीकाकरण महोत्सव आयोजित

**भिवानी।** कोरोना महामारी से बचाव के लिए लगाई जाने वाली वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है। प्रत्येक नागरिक को यह वैक्सीन लगवाकर कोरोना महामारी को खत्म करने में अपनी आहुति देनी चाहिए। ये बातें जजपा शहरी प्रधान मामनचंद ने पतराम गेट स्थित हर-हर धर्मशाला में बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अंबेडकर की 130वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कोरोना महामारी बचाव के निःशुल्क टीकाकरण महोत्सव के दौरान कही। टीकाकरण कैंप का शुभारंभ जजपा जिला प्रधान विजय गोठड़ा ने किया। इस मौके पर 140 लोगों ने कोरोना बचाव की वैक्सीन लगवाई। इस अवसर पर जजपा शहरी प्रधान मामनचंद ने कहा कि वैक्सीन के बारें में कई प्रकार की भ्रांतियां फैली हुई है, जो कि गलत है। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है। इसका कोई भी दुष्प्रभाव नहीं हैं। वहीं जजपा जिला प्रधान विजय गोठड़ा ने कहा कि कोरोना से बचाव का तरीका सोशल डिस्टेंसिंग व वैक्सीन लगवाना ही हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए भीड़ वाले स्थानों पर जाने से परहेज करें। इन्ही सावधानियों को अपनाकर ही हम कोरोना से बच सकते हैं।

### कोविड-19 से बचने के लिए टीका जरूरी: विधायक सर्राफ

**भिवानी।** न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया टीका उत्सव अभियान के तहत साथी हाथ बढ़ाना समिति के द्वारा निःशुल्क टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा यहां पर सेवाएं दी गई। कैंप का शुभारंभ भिवानी विधायक घनश्याम सर्राफ ने किया। इस अवसर पर विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के द्वारा जो टीकाकरण उत्सव मनाया गया है। इस उत्सव का यही उद्देश्य है कि कोविड-19 से बचाव के लिए हमें टीका लगवाना चाहिए। देश में कोविड की रफ्तार फिर से तेज से बढ़ना शुरू हुई है। इसलिए इस रफ्तार को रोकने के लिए मास्क, सैनिटाइजर व टीका जरूरी है। इस अवसर पर कैंप की आयोजक व संस्था की अध्यक्ष सीमा बंसल ने कहा कि साथी हाथ बढ़ाना समिति के द्वारा अनेक सामाजिक कार्य समय समय पर किए जाते हैं। कोविड-19 के दौरान पिछले वर्ष उन्होंने सैकड़ों लोगों तक राहत सेवा पहुंचाने का काम किया था और आज उन्होंने पहला टीकाकरण शिविर लगाया है। जिसके तहत 90 लोगों को टीकाकरण किया गया।

### बेटियों के नाम से लगे शिविर में 43 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**भिवानी।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती पर सेक्टर-13 कंम्यूनिटी सेंटर में एक रक्तदान ब्लड कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में 43 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस रेलवे में सहायक अधिकारी रेणु दहिया ने कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहने चाहिए। साथ ही उन्होंने रक्तदान को भी खूब सराहा। रेणु दहिया ने कहा कि बाबा साहब द्वारा लिखे गए संविधान की बदौलत ही आजादी की सांस ले रहे हैं। वहीं इस कार्यक्रम के आयोजक सुरेंद्र सभ्रवाल ने भी कहा कि समय समय पर वे इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहते है ताकि समाजिक कार्य से लोग एक दूसरे से जुड़े रहे। इस अवसर पर पार्षद मुकेश रहेजा, सामान्य हॉस्पिटल की चिकित्सक डाक्टर मोनिका सांगवान व रक्तवीर मनीष वर्मा ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक भी किया।

### बाबा साहेब ने हमें दिया विश्व का सबसे अच्छा संविधान: गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के हरियाणा स्टेट सेक्रेटरी एवं हरियाणा प्रदेश अग्रवाल वैश्य सम्मेलन के जिलाध्यक्ष एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि बाबा साहेब ने हमें विश्व का सबसे अच्छा संविधान दिया। जिसमें प्रत्येक धर्म, प्रत्येक जाति, प्रत्येक वर्ग के लिए समानता का अधिकार है। हर नागरिक को उसके मौलिक अधिकार प्रदान किये हैं। अंकित गुप्ता ने आज बुधवार को संविधान निर्माता बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती पर अपने कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा पुष्प अर्पित किये।

## अंबेडकर के संविधान ने देश को एक सूत्र में बांधा: कमल प्रधान

**भिवानी।** युवा संगठन के पदाधिकारियों ने भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई।

इस मौके पर युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह ने कहा कि भीमराव अंबेडकर का बचपन ऐसी सामाजिक, आर्थिक दशाओं में बीता, जहां दलितों को निम्न स्थान प्राप्त था। डाक्टर अंबेडकर पर इस छूआछूत का व्यापक असर पड़ा। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का जनक कहा जाता है। कमल प्रधान ने कहा कि भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर ने समाज के वंचित वर्ग को शिक्षित व सशक्त किया। हमें न्याय व समता पर आधारित एक ऐसा प्रगतिशील संविधान दिया। जिसने देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया।

## अब संत-महात्माओं ने छेड़ा कोरोना बचाव को लेकर अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**कोरोना** को लेकर देश में एक बार फिर से खतरे की घंटी बजने लगी है। एक बार फिर से कोरोनों के केसों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इसके चलते एक तरफ जहां प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं तो वही अब संत-महात्मा भी इस कड़ी में आगे आकर कोरोना बचाव को लेकर अभियान छेड़े हुए हैं।

इसी के तहत आज बुधवार को सिद्धपीठ बाबा जहर गिरी आश्रम में शिवशक्ति जन कल्याण सेवा ट्रस्ट द्वारा कोविड-19 से बचाव लिए वैक्सीनेशन लगाई गई। लोगों को कोविड-19 से बचाव के लिए जारी किए गए निर्देशों की पालना करने की अपील की गई। इस मौके पर सीएमओ डाक्टर सपना गहलावत

### कोविड-19 के निर्देशों की पालना और वैक्सीन से ही बचना संभव :गिरी

बतौर मुख्यअतिथि पहुंची तथा उन्होंने लोगों से कोरोना बचाव की वैक्सीन लगवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस वैक्सीन बारे कई भ्रांतियां फैलाई जा रही है, जो कि गलत है। यह वैक्सीन पूर्णतया सुरक्षित हैं तथा नागरिकों को इस वैक्सीन को जरूर लगवाना चाहिए। इस अवसर पर जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत डाक्टर अशोक गिरी महाराज ने कहा कि आज यहां आश्रम परिसर में कोरोना बचाव की वैक्सीनेशन लगाई गई है। जिससे कोरोना महामारी से स्वयं तथा अपने परिजनों को बचाया जा सकें।

# राष्ट्र निर्माण में बाबा साहेब का बहुत बड़ा योगदान: धनखड़

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में भारत रत्न बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अंबेडकर का बहुत बड़ा योगदान है। राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को मापा नहीं जा सकता है।

उन्होंने कहा कि जब यह देश और संविधान रहेगा, तब तक बाबा साहेब का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने उस समय की विषम व विकट परिस्थितियों से जूझते हुए देश से छूआछूत मिटाकर समानता लाने का काम किया। उन्होंने देश के लिए विश्व के सबसे बड़े व समृद्ध संविधान की रचना की। धनखड़ आज बुधवार को



### कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि उनके साथ थी काफी चुनौतियां

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंति पर जिला स्तरीय समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष शंकर धूपड़ ने की। समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि आज देश में सरकार, संगठन और संस्थाओं का गठन भी संविधान के नियमों के तहत ही होता है।

शासन और प्रशासन भी संविधान के अनुरूप चलता है और संविधान से बाहर कोई नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार पीएम बनने पर देश की संसद के समक्ष माथा टेका था। दूसरी बार पीएम बनने पर संविधान को नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के सिद्धांतों को सच्चे अर्थों में भाजपा से ही आगे बढ़ाने का काम किया है। इसी के चलते सरकार अंत्योदय की भावना नीतियां लागू कर रही है।

# प्राइवेट स्कूलों को खुलवाने के लिए एसोसिएशन मिली भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**प्राइवेट** स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामावतार शर्मा के नेतृत्व में भिवानी के रेस्ट हाउस में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धाखड़ के साथ एक मीटिंग हुई। जिसमें भिवानी के विधायक घनश्याम सराफ, भिवानी खेड़ा के विधायक बिशम्बर बाल्मीकि और भाजपा जिला भिवानी के अध्यक्ष शंकर धूपड़ शामिल रहे। राम अवतार

### राम अवतार शर्मा ने पहली से आठवीं तक जो स्कूल बंद किये गए हैं उनको खोलने के बारे में कई सुझाव दिए

शर्मा ने पहली से आठवीं तक जो स्कूल बंद किये गए हैं उनको खोलने के बारे में कई सुझाव दिए। प्राइवेट स्कूलों के सामने आने वाली बच्चों की शिक्षा, अध्यापकों का वेतन, बसों की किश्तें, स्कूल बिल्डिंग के लोन, बसों का टैक्स, बसों का बीमा के बारे में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को अवगत करवाया। भाजपा के दोनों विधायकों ने व जिला अध्यक्ष ने भी इन स्कूलों को कोरोना महामारी को देखते हुए जो सरकार द्वारा जारी की गयी है उसकी पालना करते हुए, अल्टरनेटिव डे पद्धति पर खोलने पर सहमति जताई।

### संविधान किसी जाति विशेष का नहीं : डा. बलदेव

**थानेसर।** मानव रक्षा सेवा दल के राष्ट्रीय दल के संयोजक डा. बलदेव ने कहा कि अम्बेडकर ने संविधान पूरे देशवासियों को ध्यान में रखकर ईजाद किया ना कि जाति विषेश को ध्यान में रखकर। वे गांव सरायसुखी में डा अम्बेडकर एवं ज्योतिबा फूले की जयंती के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कॉमर्स डिपार्टमेंट कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से आए प्रो. डा सुभाष ने कहा कि इस दुनिया में वह अमीर नहीं है। जिसके पास धन दौलत है, बल्कि वह शख्स अमीर है जिसके पास शिक्षा का खजाना है।

# गेहूं का उठान समय पर न होने से बाबैन मंडी में लगा जाम

### किसानों को अपना पीला सोना सड़को पर डालनें को होना पड़ रहा है मजबूर

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**अनाज** मंडी बाबैन में गेहूं का उठान धीमा व समय पर न होने से बाबैन मंडी में जाम की स्थिति पैदा हो रही है। बाबैन मंडी के सभी फड़ गेहूं से भरे कट्टों से अटे पड़े होने के कारण किसानों को अपनी खून पसीने की कमाई पीले सोने को सड़कों पर डालने को मजबूर होना पड़ रहा है।

अनाज मंडी बाबैन में 14 अप्रैल तक एक लाख 10 हजार किवंटल के करीब गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसमें से अब तक मात्र 18 हजार क्विंटल ही गेहूं का उठान हो सका है। बाबैन अनाज मंडी में गेहूं की आवक काफी तेज हो गई है, क्योंकि खराब मौसम व आग लगने के डर से किसान गेहूं कटाई के लिए कम्बाइनों का ही सहारा ले रहे हैं। मंडी के व्यापारी सुखश्याम सैनी, पवन सिंगला, गिरधारी लाल, युद्धवीर शर्मा का कहना है कि मंडी में गेहूं के उठान की यही स्थिति रही तो मंडी में घुसना भी मुश्किल हो जाएगा। गेहूं के चोरी होने का पूरा अंदेशा है। बाबैन में गेहूं की खरीद का जिम्मा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के पास है।



गेहूं के कट्टों से अटी पड़ी बाबैन अनाज मंडी का एक दृश्य।

## धरनास्थल पर किसानों ने बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा।

**बरनाला** रोड स्थित शहीद भगत सिंह में पक्का मोर्चा धरनास्थल पर किसानों द्वारा बाबा साहेब की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर किसानों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके हरियाणा किसान मंच के प्रदेशाध्यक्ष प्रह्लाद सिंह भारूखेड़ा ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की ऐसी अद्भुत मिसाल है, जो शायद ही कहीं और देखने को मिले। भारूखेड़ा ने बताया कि जब-जब बात भारत देश के संविधान की होती है, तब-तब जुबां पर डा. भीमराव अंबेडकर का नाम आना भी लाजिमी है। काफी विषम परिस्थितियों में पढ़ाई करने वाले भीमराव को बचपन से ही कई तरह के भेदभाव झेलने पड़े थे। दलित समाज के उत्थान और उन्हें जागरुक करने में डा. भीमराव ने जो योगदान दिया, उसे आज भी पूरी दुनिया याद करती है।

# अंबेडकर की शिक्षाओं को जीवन में धारण करें युवा: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने डॉ. बीआर अंबेडकर की 130वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बुधवार को डॉ.बी.आर. अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय राई, सोनीपत में 17.19 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित दो छात्रावास स्वामी विवेकानंद और अहिल्याबाई का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ से लोकार्पण समारोह के बाद वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि भारत माता के महान सपूत अंबेडकर की 130वीं जयंती के अवसर पर इन दो छात्रावासों का उद्घाटन कर डॉ. बी. आर. अंबेडकर को श्रद्धांजली दी है। उन्होंने विश्वविद्यालय की एक विवरण पुस्तिका का भी विमोचन किया। शिक्षामंत्री कंवर पाल भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वेबिनार से जुड़े।

मनोहर लाल ने कहा कि संयोगवश आज देश में मेष संक्रांति का पावन पर्व है और पावन नवरात्र



भी चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि इस संस्थान से पास होने वाले छात्र डॉ. बी. आर. अंबेडकर द्वारा दिखाई गई राह के अनुसार जीवन में शिक्षा का महत्व

### राई के विधि विश्वविद्यालय में किया छात्रावासों का उद्घाटन

समझेंगे। समाज में अपना योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. बी. आर. अंबेडकर को महान शिक्षाविद के रूप में जाना जाता है। शिक्षा के प्रति उनका झुकाव इतना था कि उस समय के दौरान उन्होंने अपनी निजी लाइब्रेरी बनाई थी, जिसमें 50,000 से अधिक पुस्तकों को रखा था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में रहने वाले प्रत्येक परिवार का कल्याण सुनिश्चित करते हुए राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई गई हैं। हाल ही में बीपीएल परिवारों की श्रेणी की पात्रता के लिए वार्षिक आय स्लैब को 1.20 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये प्रति वर्ष किया गया है। इसके अलावा, गरीब परिवारों के बच्चों के लिए कई छात्रवृत्ति योजनाएं चलाई जा रही हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव और सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ.अमित अग्रवाल उपस्थित थे। इसके अलावा, विधायक मोहन लाल बडोली, सांसद रमेश कौशिक, डॉ.बी.आर.अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय राई, सोनीपत की कुलपति डॉ. विनय कपूर मेहरा और हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. बीके कुठियाला वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोनीपत से वेबिनार से जुड़े।

डा.भीमराव अंबेडकर जयंती पर विशेष

# बाकी पार्टियों ने सिर्फ वोट मांगे, काम केवल बसपा ने किया : मायावती

## अंबेडकर के सपनों को गंभीरता से पूरा करने की कोशिश सिर्फ बसपा ने ही की

एजेंसी। लखनऊ

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने बाकी दलों पर बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम से कोरी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को दावा किया कि अंबेडकर के सपनों को गंभीरता से पूरा करने की कोशिश सिर्फ बसपा ने ही की है।

मायावती ने अंबेडकर जयंती के मौके पर दिए गए अपने बयान में कहा, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के प्रति अपार राष्ट्रीय श्रद्धा एवं सम्मान होने के बावजूद उन जैसे युगपुरुष को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित नहीं करना अक्षम्य कृत्य अपराध है, जिसके लिए खासकर कांग्रेस पार्टी को कभी भी माफ नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि अन्तत: यह बाबा साहेब डा. अम्बेडकर की मानवीय सोच रखने वाली बसपा की मजबूती का ही परिणाम है कि मरणोपरांत 1990 में वीपी सिंह की गठबंधन सरकार द्वारा बसपा की पहल के कारण ही उन्हें भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। मायावती ने अन्य पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा, पार्टियां वोट की राजनीति और स्वार्थ की खातिर तथा लोगों को बरगलाने के लिए मनमाना इतिहास गढ़ती हैं, जबकि बसपा की चार बार की सरकार ने जन हितैषी काम करके इतिहास बनाने का काम किया है। वैसे भी वोटों के स्वार्थ और राजनीतिक लाभ की खातिर सब बाबा साहेब का नाम जपते हैं मगर उनकी सोच और मंशा के हिसाब से पार्टी तथा सरकार चलाकर समतामूलक समाज बनाना ही असली देशसेवा और देशभक्ति है।



**बसपा सरकार ने उन्हें उत्तर प्रदेश में सही ढंग से लागू करके दिखाया**

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया, आज देश और उत्तर प्रदेश में जिन जनहित और जनकल्याणकारी योजनाओं पर जोर देकर उनके आधार पर वोट मांगा जा रहा है उनमें से अधिकतर की शुरुआत बसपा सरकार ने की तथा उन्हें उत्तर प्रदेश में सही ढंग से लागू करके दिखाया।

उन्होंने कहा, चाहे सरकारी निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर यमुना एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो या फिर नोएडा से बलिया तक आठ-लेन वाली गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना या फिर जेवर, बुलन्दशहर में ताज अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट एवं एविएशन हब परियोजना, मेट्रो रेल अथवा विदेश मुद्रा अर्जन के लिए बौद्ध सर्किट का विकास तथा अनेक कॉलेज-विश्वविद्यालय, अस्पतालों में आरक्षण के जनक छत्रपति शाहूजी महाराज के नाम पर लखनऊ में राज्य की प्रथम मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना आदि सभी बसपा सरकार की ही देन हैं।

बसपा सुप्रीमो ने कहा, इनके नाम राजनीतिक दुर्भावना एवं संकीर्ण जातिवादी द्वेष के कारण बदले तो जा सकते हैं लेकिन उन्हें न तो कभी भुलाया जा सकता है और न ही मिटाया जा सकता है बल्कि ऐसा करने वालों का नाम हमेशा इतिहास के काले पन्नों में दर्ज रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य में मृत मिला बाघ

**उमरिया (मप्र)।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य में 10 साल का बाघ मृत मिला। बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य के क्षेत्र संचालक विन्सेंट रहीम ने मंगलवार को बताया, मृत बाघ को गश्त दल ने सोमवार को गोबरताल बीट में जनाड नदी के पास झाड़ियों में पाया। उन्होंने कहा कि बाघ की उम्र करीब 10 साल थी और प्रतीत होता है कि करीब दो दिन पहले उसकी मौत हुई। रहीम ने बताया कि मृत बाघ के शरीर पर जख्म के निशान नहीं पाए गए। बाघ की मौत के कारण का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शव का पोस्टमॉर्टम करने के बाद राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशानिर्देश के मुताबिक उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### कोविड-19: कर्नाटक ने रमजान के लिए दिशा-निर्देश जारी किए

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने राज्य में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के मद्देनजर रमजान में मुस्लिम समुदाय के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं और रोजेदारों से घर में ही इफ्तार करने (रोजा या व्रत तोड़ने) तथा मस्जिद में सिर्फ नमाज पढ़ने के लिए जाने की अपील की है। राज्य सरकार ने कहा है कि संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए जरूरी है कि कोविड-19 उपयुक्त व्यवहार का सख्ती से पालन हो, खासकर रमज़ान के महीने में, जब लोग बड़ी संख्या में एक-साथ जुटते हैं। सरकार की ओर से जारी परिपत्र के मुताबिक, 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग, पहले से किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित लोग, गर्भवती महिलाएं और 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चे घर में ही रहें। बड़ी संख्या में लोगों के जुटने पर रोक है और मस्जिदों में एक-दूसरे से दूरी के नियम का पालन किया जाए। मस्जिदों में कतारों का प्रबंधन करने के लिए फर्श पर निशान लगाए जाएं और मास्क लगाना अनिवार्य होना चाहिए। परिपत्र में कहा गया है कि मस्जिदों में प्रवेश की व्यवस्था ऐसी हो की भीड़ न लगे।

### अपनी आकांक्षाओं को बढ़ाएगा लेकिन दबाव में नहीं : प्रकाश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि भारत जलवायु संबंधी अपनी आकांक्षाओं को बढ़ाएगा, लेकिन वह ऐसा दबाव में नहीं करेगा। जावडेकर ने कहा कि भारत विकसित देशों से वित्त और सहायता और उनके जलवायु कार्यों के बारे में पूछना जारी रखेगा। जावडेकर ने यह टिप्पणी फ्रांस दूतावास में फ्रांसीसी मंत्री ज्यां यवेस ले द्रियां के साथ मुलाकात के बाद अपने भाषण में की उन्होंने कहा कि भारत जी 20 का एकमात्र देश है जिसने पेरिस जलवायु समझौते पर जो कहा, वह किया और हमने अपने वादे से ज्यादा किया है। जावडेकर ने कहा कि कई देश अपनी पूर्व-2020 प्रतिबद्धताएं भूल गए हैं और वे अब 2050 की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कई देश अब कह रहे हैं कि कोयले का इस्तेमाल नहीं करें, लेकिन विकल्प कोयले से काफी सस्ता होना चाहिए, तभी लोग कोयले का इस्तेमाल बंद करेंगे। मंत्री ने कहा कि भारत दूसरों के कदमों के कारण भुगत रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, यूरोप और चीन ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन करते हैं जिसे दुनिया भुगती है। जावडेकर ने कहा कि जुलवायु बहस में एक प्रमुख चीज ऐतिहासिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, हमें गरीब देशों के लिए जलवायु न्याय को भी ध्यान में रखना चाहिए। उन्हें विकास करने का अधिकार है। विकसित देशों ने जो किया है, उसके लिए उन्हें पूंजी देनी चाहिए।

### कंपनी ने निवेशकों से की धोखाधड़ी, मामला दर्ज

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में एक विज्ञापन कंपनी के मालिकों ने लाभ का झांसा देकर कई लोगों से अपनी कंपनी में निवेश करवाया तथा करोड़ों रुपए की ठगी की। थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक मुनीष चौहान ने बताया कि दिल्ली के रहने वाले मोहम्मद रफीक ने थाना सेक्टर 20 में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि बी- 71 सेक्टर 2 में रॉयल शैफ इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक कंपनी है। इस कंपनी के कर्ताधर्ता अनिल कुमार तथा सोनाली शर्मा ने उनसे तथा उनके कई साथियों से संपर्क किया। इन लोगों ने अपनी कंपनी में उनसे करीब एक करोड़ रुपये निवेश करवाया। रकम एक वर्ष में दोगुनी करने का लोभ दिया।उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार कंपनी के कर्ताधर्ताओं ने धोखाधड़ी कर उनकी रकम हड़प ली। जब लोग पैसा मांगने गए तो उनके साथ गाली-गलौज करके जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि अदालत के आदेश पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। आरोपों के संबंध में कंपनी का बयान नहीं मिल पाया है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति अत्याधुनिक और वैश्विक मानकों के अनुरूप : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा, नागरिकों के समान अधिकार से ही समाज में आती है समरसता

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति ना सिर्फ अत्याधुनिक और वैश्विक मानकों के अनुरूप है बल्कि यह जितनी व्यवहारिक है, इसका क्रियान्वयन भी उतना ही व्यवहारिक है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ की 95वीं वार्षिक बैठक और कुलपतियों की राष्ट्रीय संगोष्ठी को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नागरिकों के समान अधिकार से ही समाज में समरसता आती है और देश प्रगति करता है।



उन्होंने कहा, डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षा के भारतीय चरित्र पर जोर देते थे। आज के वैश्विक परिदृश्य में यह बात और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति अत्याधुनिक और वैश्विक मानकों के अनुरूप है। मोदी ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने शिक्षा के विभिन्न पहलुओं की बात की थी और वही इस शिक्षा नीति के मूल में दिखता है। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर लगातार विशेषज्ञों से चर्चा करता रहा हूं। यह जितनी व्यवहारिक है, इसका क्रियान्वयन भी उतना ही व्यवहारिक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर छात्र की अपनी एक सामर्थ्य होती है और शिक्षक जब उसकी आंतरिक क्षमता के साथ संस्थागत क्षमता दे दे तो उनका (छात्रों का) विकास व्यापक हो जाता है। उन्होंने कहा, इससे हमारे युवा वह कर सकते हैं, जो वह करना चाहते हैं। इसलिए देश का खास जोर कौशल विकास पर है। आज देश जैसे-जैसे आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर आगे बढ़ रहा है, कुशल युवाओं की भूमिका और उनकी मांग भी बढ़ती ही जा रही है।

संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया में लोकतंत्र की जननी रहा है और लोकतंत्र हमारी सभ्यता तथा तौर-तरीकों का हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा, आजादी के बाद का भारत अपनी उसी लोकतान्त्रिक विरासत को मजबूत करके आगे बढ़े, बाबा साहेब ने इसका मजबूत आधार देश को दिया। मोदी ने कहा, शिक्षा के साथ ही आत्म-सम्मान भी बढ़ता है। आत्म-सम्मान से व्यक्ति अपने अधिकार के लिए जागरूक होता है, समान अधिकार से ही समाज में समरसता आती है और देश प्रगति करता है।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन अहमदाबाद स्थित बाबा साहेब आंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से किया गया है। इसमें गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, राज्यपाल आचार्य देवव्रत और केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहेब आंबेडकर के जीवन पर आधारित और किशोर मकवाना द्वारा लिखित चार पुस्तकों का विमोचन भी किया।

अंबानी सुरक्षा सेंध मामला

# फर्जी मुठभेड़ के पहलू की जांच कर रही एनआईए

एजेंसी। मुंबई

**जांचकर्ताओं** को संदेह है कि निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वझे ने दो लोगों की फर्जी मुठभेड़ में मार गिराने की योजना बनाई थी ताकि उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के निकट विस्फोटक सामग्री रखी कार मिलने के मामले से उन्हें जोड़ा जा सके। सूत्रों ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस तरीके से मुठभेड़ विशेषज्ञ वझे मामले को सुलझाने का दावा करना चाहता था, लेकिन उसकी यह योजना धरी रह गई।

सूत्रों ने कहा कि मामले की जांच कर रहे राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को ठाणे में वझे के घर की तलाशी के दौरान एक व्यक्ति का पासपोर्ट बरामद हुआ था, जिसकी पहचान नहीं बताई गई है।

उन्होंने कहा कि पहले शुरुआत में मारुति ईको वाहन में फर्जी मुठभेड़ को अंजाम देने योजना बनाई गई, जो पिछले साल नवंबर में महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर से चोरी हो गई थी। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसी को संदेह है कि दो लोगों को मारकर वाजे विस्फोटक सामग्री मिलने के मामले को सुलझाने का दावा करना और तारीफ पाना चाहता था, लेकिन यह योजना अंजाम तक नहीं पहुंच पाई।



एनआईए ने इससे पहले कहा था कि वाजे कुछ बड़ा करने की योजना बना रहा था। सूत्रों ने कहा कि एजेंसी फर्जी मुठभेड़ थ्योरी की जांच कर रही है। गौरतलब है कि 25 फरवरी को दक्षिण मुंबई में अंबानी के घर के बाहर एक एसयूवी मिली थी, जिसमें विस्फोटक सामग्री रखी हुई थी। उस एसयूवी के मालिक बताए गए कारोबारी मनसुख हिरन का पांच मार्च को ठाणे में एक नहर से शव मिलने के बाद मामले में नया मोड़ आ गया था। इसके बाद 13 मार्च को एनआईए ने वाजे को गिरफ्तार कर लिया।

### ओबेरॉय समूह ने ईईएसएल के साथ समझौता किया

**नई दिल्ली।** ओबेरॉय समूह ने अपनी संवहनीयता पहल को आगे बढ़ाते हुए सार्वजनिक क्षेत्र की ईईएसएल के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

एक बयान के मुताबिक, अपनी संवहनीयता पहल को बढ़ाते हुए ओबेरॉय समूह ने विद्युत मंत्रालय के तहत आने वाले चार पीएसयू के संयुक्त उद्यम उर्जा दक्षता सेवा प्राइवेट लिमिटेड (ईईएसएल) के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। ईईएसएल अपने ऊ जा दक्षता निर्माण कार्यक्रम (बीईईपी) के जरिए ओबेरॉय समूह को ऊर्जा प्रभावी पहलों को लागू करने में मदद करेगा।

## ठाकरे और मुंबई की महापौर ने अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की

एजेंसी। मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, मुंबई की महापौर किशोरी पेडनेकर और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को उनकी 130वीं जयंती पर बुधवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।



ठाकरे और अन्य नेता सुबह मध्य मुंबई में स्थित भारतीय संविधान के निर्माता आंबेडकर के स्मारक चैत्य भूमि गए तथा भारत के पहले कानून एवं न्याय मंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की। कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के कारण लगाए लॉकडाउन के कारण जयंती समारोह सादगी से मनाया गया। आंबेडकर जयंती के अवसर पर हर साल बड़ी संख्या में लोग चैत्य भूमि आते हैं।

## मुंबई के लोकमान्य तिलक स्टेशन पर यात्रियों की भीड़

एजेंसी। मुंबई

**कोविड-19** के मद्देनजर महाराष्ट्र सरकार द्वारा सार्वजनिक आवागमन पर लगाए गए कड़े प्रतिबंधों के एक दिन बाद बुधवार को लंबी दूरी की ट्रेन पकड़ने के लिए यहां लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बाहर कई लोग एकत्र हो गए।



मध्य रेलवे ने लोगों से परेशान नहीं होने और रेलवे स्टेशन पर भीड़ नहीं लगाने की अपील की है। रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस ने लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बाहर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया है। कोविड-19 की अप्रत्याशित लहर से निपटने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को अगले 15 दिन के लिए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। आवश्यक सेवाओं को छोड़कर बुधवार रात आठ बजे से एक मई सुबह सात बजे तक पाबंदियां जारी रहेंगी। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा था कि इस दौरान दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू रहेगी।

## उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव का पहला चरण आज

एजेंसी। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माने जा रहे पंचायत चुनाव के पहले चरण के तहत बृहस्पतिवार को 18 जिलों में 2.21 लाख से ज्यादा पदों के लिए मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा।

जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य के 2.21 लाख से अधिक पदों के लिए 3.33 लाख से ज्यादा उम्मीदवार मैदान में हैं। चार चरणों में होने वाले चुनाव के पहले चरण में अयोध्या, आगरा, कानपुर, गाजियाबाद, गोरखपुर, जौनपुर, झांसी, प्रयागराज, बरेली, भदोही, महोबा, रामपुर, रायबरेली, श्रावस्ती, संत कबीर नगर, सहारनपुर, हरदोई और हाथरस जिलों में मतदान होगा। पहले चरण में जिला पंचायत सदस्य के 779 पदों के लिए 11,442 प्रत्याशी, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 19,313 पदों के लिए 81,747 उम्मीदवार, ग्राम प्रधान के



14,789 पदों के लिए 1,14,142 प्रत्याशी तथा ग्राम पंचायत वार्ड सदस्यों के 1,86,583 पदों के लिए 1,26,613 उम्मीदवार मैदान में हैं। प्रदेश के अपर निर्वाचन आयुक्त वेद प्रकाश वर्मा ने बताया कि मतदान कोविड-19 संबंधित कड़े प्रोटोकॉल के बीच होगा।

इस दौरान मतदाताओं को मास्क लगाना और सामाजिक दूरी बनाए रखना अनिवार्य होगा। आयोग ने मतदान केंद्रों के बाहर छह-छह फीट की दूरी पर घेरे बनाने का आदेश जारी किया है। उन्होंने बताया कि आगामी दो मई को मतगणना के दौरान भी कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर पीपीई किट की भी व्यवस्था की जाएगी।

# प्रिंस फिलिप के अंतिम संस्कार में मिट सकती हैं हैरी और विलियम की दूरियां

एजेंसी। लंदन

**ब्रिटेन** के दिवंगत प्रिंस फिलिप के पार्थिव शरीर को जब शनिवार को दफनाया जाएगा। तब लोगों का ध्यान राष्ट्रीय शोक के बीच, युवराज विलियम और उनके भाई युवराज हैरी पर भी होगा।

इस दौरान लोग निश्चित रूप से देखने की कोशिश करेंगे कि प्रिंस हैरी और शाही परिवार के बीच सुलह का कोई संकेत है या नहीं। सबकी निगाहें विशेष रूप से हैरी और उनके बड़े भाई



प्रिंस विलियम पर टिकी होंगी। हैरी ने अपनी पत्नी मेगन के साथ पिछले साल मार्च में शाही दायित्वों का परित्याग कर दिया था और अपने बेटे आर्ची के साथ अमेरिका के कैलिफोर्निया चले गए थे। अमेरिका जाने के बाद वह, फिलिप के अंतिम संस्कार के दौरान पहली बार शाही परिवार का सामना करेंगे।

उनके पारिवारिक रिश्तों में पिछले महीने दरार तब और बढ़ गई थी जब मेगन ने ओपरा विनफ्रे को दिए साक्षात्कार में कहा था कि शाही परिवार के एक अनाम शख्स ने मेगन के बच्चे की त्वचा के रंग पर टिप्पणी की थी। नस्लवाद के आरोपों के कुछ दिन बाद विलियम ने पलटवार करते हुए संवाददाताओं से कहा था कि उनका परिवार नस्लवादी नहीं है।

## मुख्यमंत्री योगी भी हुए कोरोना संक्रमित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने ट्वीट में कहा शुरुआती लक्षण दिखने पर मैंने कोविड जांच कराई और मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्होंने कहा, मैं स्व-पृथकवास में हूं और चिकित्सकों के परामर्श का पूर्णत: पालन कर रहा हूं। सभी कार्य वर्चुअली संपादित कर रहा हूं। योगी ने एक अन्य ट्वीट में कहा, प्रदेश सरकार की सभी गतिविधियां सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। इस बीच जो लोग भी मेरे संपर्क में आएं हैं।

## केरल में तीन करोड़ रुपये मूल्य का हशीश तेल बरामद

एजेंसी। कोझिकोड

**केरल** के कोझिकोड के पास स्थित रमनत्तुकारा के एक होटल से तीन करोड़ रुपये मूल्य का हशीश तेल जब्त किया गया है और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उत्तर केरल में उच्च स्तर के मादक पदार्थ की तस्करी के बारे में गोपनीय सूचना मिलने के बाद कार्रवाई की गई।

माना जा रहा है कि मंगलवार को जब्त किए गए हशीश तेल की




अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत तीन करोड़ रुपए है। फेरोके रेंज के आबकारी निरीक्षक सतीशन ने कहा कि हशीश तेल का वजन तीन किलोग्राम है। उन्होंने कहा, नारकोटिक बाजार में इसकी कीमत तीन करोड़ रुपए है। कोझिकोड के एक निवासी को गिरफ्तार किया गया है।

# कर्नाटक में लॉकडाउन का सवाल ही नहीं: एदियुरप्पा

एजेंसी। बीदर

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा ने कोरोना वायरस को नियंत्रित करने के लिए राज्य में लॉकडाउन लागू करने की संभावना से इनकार करते हुए मंगलवार को कहा कि उन्होंने भविष्य की कार्रवाई पर फैसला करने के लिए 18 अप्रैल को सर्व दलीय बैठक बुलाई है।

एदियुरप्पा ने बीदर में पत्रकारों से कहा, लॉकडाउन का सवाल ही नहीं है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) ने लॉकडाउन की सिफारिश नहीं की। एदियुरप्पा ने कहा, मैं टीएसी से हूं।



किसी ने लॉकडाउन की अनुशंसा नहीं की। पूर्व मुख्यमंत्रियों सिद्धरमैया और एचडी कुमारस्वामी तथा कांग्रेस के प्रदेश प्रमुख डीके शिवकुमार समेत तकनीकी सलाहकार समिति के सदस्य 18 अप्रैल को सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लेंगे। महामारी को काबू करने के लिए, लोगों के समर्थन पर जोर देते हुए एदियुरप्पा ने कहा कि रात 10 बजे से सुबह पांच बजे तक रात्रि कर्फ्यू पहले ही लागू कर दिया गया है।


# देश में कोविड-19 के एक दिन में आए रिकॉर्ड 1,84,372 नए मामले

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, अब तक मृतक संख्या 1,72,085 हुई

एजेंसी। नई दिल्ली

**देश** में कोरोना वायरस संक्रमण के एक दिन में अब तक के सर्वाधिक 1,84,372 नए मामले सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार के आंकड़ों के मुताबिक संक्रमण के कुल मामले 1,38,73,825 हो गए हैं, जबकि 13 लाख से अधिक लोग अब भी संक्रमण की चपेट में हैं।

मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 1,027 लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या 1,72,085 हो गई है, जो 18 अक्टूबर, 2020 के बाद



सबसे ज्यादा है। लगातार 35वें दिन मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है। संक्रमित लोगों की संख्या 13,65,704 हो गई है जो कुल मामलों का 9.84 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की दर घटकर 88.92 प्रतिशत हो गई है।

इससे पहले 12 फरवरी को संक्रमित लोगों की सबसे कम संख्या 1,35,926 थी और 18 सितंबर 2020 को सबसे ज्यादा 10,17,754 थी। आंकड़ों के मुताबिक, बीमारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या 1,23,36,036 हो गई है जबकि संक्रमित मरीजों की मृत्यु दर और घटकर 1.24 प्रतिशत हो गई है। भारत में कोविड-19 मरीजों की संख्या सात अगस्त को 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख, पांच सितंबर को 40 लाख और 16 सितंबर को 50 लाख हो गई थी। इसके बाद 28 सितंबर को यह 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवंबर को 90 लाख और 19 दिसंबर को एक करोड़ के पार पहुंच गई थी।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक, 13 अप्रैल तक 26,06,18,866 नमूनों की जांच की जा चुकी है। जिनमें से 14,11,758 नमूनों की जांच मंगलवार को की गई। मौत के 1,027 नए मामलों में महाराष्ट्र के 281, छत्तीसगढ़ के 156, उत्तर प्रदेश के 85, दिल्ली के 81, गुजरात और कर्नाटक के 67-67, पंजाब के 50, मध्य प्रदेश के 40, झारखंड के 29, राजस्थान के 28, केरल और पश्चिम बंगाल के 20-20, हरियाणा के 16, बिहार के 14, उत्तराखंड के 13, हिमाचल प्रदेश के 11 और आंध्र प्रदेश के 10 मामले हैं। देश में इस बीमारी से अब तक कुल 1,72,085 लोगों की मौत हुई है। जिनमें सर्वाधिक 58,526 लोगों की मौत महाराष्ट्र में, 13,008 लोगों की कर्नाटक में, 12,945 लोगों की तमिलनाडु में, 11,436 की दिल्ली में, 10,434 की पश्चिम बंगाल में, 9,309 की उत्तर प्रदेश में, 7,609 की पंजाब में और 7,321 लोगों की मौत आंध्र प्रदेश में हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि 70 प्रतिशत से अधिक मामले में मौत अन्य गंभीर बीमारियों के चलते हुई है। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा है, हमारे आंकड़ों का पुनर्मिलान आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ किया जा रहा है।

गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नर की पहल

# मंदिर-मस्जिद के लाउडस्पीकरों से कोरोना के खिलाफ हल्लाबोल

## महामारी से बचाव के लिए लोगों को कर रहे जागरूक



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

वैसे तो उत्तर प्रदेश में मंदिर और मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर पुलिस प्रशासन के लिए परेशानी का ही सबब बनते रहे हैं, लेकिन गौतमबुद्धनगर के पुलिस कमिश्नर आलोक कुमार सिंह ने इनका नायाब इस्तेमाल किया है। इन्हें कोरोना वायरस के खिलाफबड़ा हथियार बना लिया है। जिलेभर के मंदिर और मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकर से कोरोना के खिलाफ लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सुबह-शाम मस्जिद से मौलाना और मंदिर के पुजारी खास संदेश प्रसारित करते हैं। जिसमें लोगों को कोरोना वायरस से बचाव के उपायों की जानकारी देते हैं। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है। इसको रोकने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को बचाव के उपाय बताना जरूरी है। ऐसे में पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम बड़ा कारगर हथियार है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी, दनकौर, रबूपुरा, जेवर, जहांगीरपुर और बिलासपुर समेत जिले के हर गांव में मंदिर और मस्जिद पर लाउडस्पीकर लगे हुए हैं। सही मायने में यह लाउडस्पीकर पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम ही हैं। सामान्य तौर पर मंदिरों में इनका उपयोग सुबह-शाम आरती के लिए किया जाता है। दूसरी ओर मस्जिदों में पांच वक्त की अजान लाउडस्पीकर के जरिए लोगों तक पहुंचाई जाती है। ऐसे में यह पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम कोरोना संक्रमण के खिलाफ बड़ा कारगर साबित हो सकता है।

कमिश्नर ने कहा इस विचार के साथ जिलेभर के मंदिर और मस्जिदों में कार्यरत मौलाना और पुजारी से पुलिस ने बातचीत की। इनसे निवेदन किया गया कि वह लोग नियमित रूप से लोगों को जागरूकता संदेश देते रहें। इसके लिए मौलाना और पुजारी सहज तैयार हो गए। अब जिलेभर के सैकड़ों मंदिर और मस्जिदों से दिन में कई बार कोरोना के खिलाफ जागरूकता संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं।

लाउडस्पीकर के जरिए कस्बों, गांवों और शहरों में लोगों को मास्क लगाने के लिए हिदायत दी जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर उचित दूरी बरतने के लिए कहा जा रहा है। नियमित रूप से हाथ धोने की अपील लोगों से की जा रही है। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और प्रशासन की ओर से जरूरी संदेश लोगों तक बेहद आसानी से पहुंच रहे हैं।

# नोएडा में संक्रमण के टूट गए सारे रिकॉर्ड

## बुधवार को एक दिन में सामने आए कोविड-19 के 484 मरीज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



बुधवार को गौतमबुद्धनगर में एक बार फिर कोरोना बम फूट गया है। बुधवार को कोरोना संक्रमण के सभी रिकॉर्ड टूट गए है। पिछले 24 घंटे के दौरान जिले में संक्रमण के 484 नए मामले दर्ज किए गए हैं। अब जिले में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 28 हजार के पार पहुंच गई है। कोविड-19 से संक्रमित 4 मरीजों की मंगलवार को मौत हो गई थी।

कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य विभाग ने सरकारी और निजी अस्पतालों में दो हजार से ज्यादा बेड आरक्षित कर दिया है। यहां पर ज्यादातर निजी कोविड-19 अस्पतालों में बेड खाली नहीं है। जिला निगरानी अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने बताया कि बुधवार सुबह तक जिले में कोरोना वायरस से संक्रमित 484 नए मरीज पाए गए हैं। जिसके बाद यहां के विभिन्न अस्पतालों में 1600 से ज्यादा मरीजों का उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक जनपद में 26,400 से अधिक मरीज उपचार के दौरान ठीक होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं, जबकि 28 हजार से ज्यादा मरीज अब तक जिले में संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक संक्रमण की वजह से 97 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले कुछ दिनों में कोरोना वायरस के संक्रमण में तेजी आई है।

डीएम ने लोगों ने अपील करते हुए कहा है कि कोरोना के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, मास्क लगाएं और साफ-सफाई का ध्यान रखें। जरूरत हो तभी घर से निकले। गौतमबुद्धनगर में मरीजों की मरने की औसत 0.3 है. जबकि एक्टिव मरीज 5.2 फीसदी है। 94.5 प्रतिशत मरीज उपचार के दौरान ठीक हो कर घर गए हैं।

### कुट्टू का आटा खाने से बिगड़ी 50 की हालत अस्पताल में भर्ती

**गाजियाबाद।** मोदीनगर नगर की सीकरी फाटक कॉलोनी में कुट्टू का आटा खाने से एक ही कॉलोनी के 50 से अधिक लोग बीमार हो गए। इनमें दस लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कॉलोनी के लोगों ने एक ही दुकान से कुट्टू का आटा खरीदा था। रात 12 बजे के आसपास सभी की तबीयत खराब होनी शुरू हो गई। लोगों की तबीयत खराब होने से कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। हालत बिगड़ने पर सभी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बुधवार सुबह नाराज लोगों ने दुकानदार के खिलाफ जमकर हंगामा किया। कूटू के आटे का कहर एक बार फिर देखकर जिला प्रशासन और खाद्य विभाग सकते में है। अधिकारी अपनी गर्दन बचाने को अब इस मामले की तह तक जाने का दावा कर रहे हैं।

# निजी अस्पतालों में स्थानीय के लिए 50 फीसदी बेड आरक्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर में कोरोना मरीजों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग ने एक बड़ा फैसला लिया है। विभाग ने निजी अस्पतालों में 50 फीसदी बेड स्थानीय लोगों के लिए रिजर्व कर दिया है। इस फैसले के बारे में जिले के सभी निजी अस्पतालों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। दरअसल, पिछले हफ्ते से गौतमबुद्धनगर में संक्रमितों की संख्या में जबरदस्त उछाल आया है। हॉस्पिटल में बेड की कमी हो गई है। सोमवार को नोएडा के निजी अस्पतालों में मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ा था। इसको देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग ने यह कदम उठाया है। बताते चलें कि जिले में निजी कोविड अस्पतालों में 1200 से ज्यादा बेड उपलब्ध हैं। अब इनमें से 600 बेड पर जिले के कोरोना संक्रमितों का इलाज किया जाएगा। हालांकि इसके लिए मरीजों को आधार कार्ड दिखाना होगा। इस पर स्थानीय पता लिखा होना चाहिए। जिला स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जनपद में कोरोना संक्रमितों की संख्या के सापेक्ष बेड पर्याप्त हैं। लेकिन दूसरे जिलों के मरीजों के पहुंचने से बेड भर जाते हैं। नोएडा के अस्पतालों में दिल्ली, गाजियाबाद सहित वेस्ट यूपी से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं। पिछले वर्ष भी जिले के अस्पतालों में दिल्ली और वेस्ट यूपी के मरीजों की संख्या स्थानीय संक्रमितों से ज्यादा थी। इस वजह से अस्पताल फूल हो गए और स्थानीय मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ा था।

### अस्पतालों में बेडों की संख्या बढ़ाने की तैयारी

**गाजियाबाद।** महानगर में तेजी के साथ कोरोना के मरीज बढ़ रहे हैं। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग जिले में सुविधाएं बढ़ाने के लिए मंथन कर रहे हैं। राजेंद्र नगर स्थित ईएसआईसी अस्पताल को डीएम की ओर से पत्र लिखकर कोविड एल-2 अस्पताल तैयार कराने की मांग की गई है। ईएसआईसी अस्पताल में 76 बेड की व्यवस्था है। पिछले वर्ष भी ईएसआईसी में एल-2 अस्पताल संचालित किया गया था और इस अस्पताल का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा था। इसके अलावा ही पिलखुवा स्थित रामा मेडिकल कॉलेज में 247 बेड का एल-2 अस्पताल लेने की तैयारी प्रशासन की ओर से की जा रही है। फिलहाल जिले में सरकारी स्तर पर दो कोविड अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है। संजय नगर स्थित संयुक्त जिला चिकित्सालय में एल-2 अस्पताल संचालित है, इसमें करीब सौ बेड हैं और 50 फीसदी बेड अभी खाली हैं। इसके अलावा प्रशासन की ओर से अधिग्रहित संतोष अस्पताल में एल-3 संचालित है। संतोष अस्पताल में चार सौ बेड हैं और इनमें से भी अभी 50 प्रतिशत बेड खाली हैं। सीएमओ ने बताया ईएसआईसी और रामा मेडिकल कॉलेज में कोविड अस्पताल शुरू हो जाने के बाद जनपद में सरकारी स्तर पर आठ सौ से अधिक बेड की व्यवस्था और हो जाएगी।

### एक्सप्रेसवे पर ऑटो रिक्शा में मिला महिला का शव

**नोएडा।** जेवर थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे पर एक ऑटो रिक्शा में मंगलवार शाम को एक अज्ञात महिला का शव मिला। पुलिस ने मौत की वजह का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जेवर थाने के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि यमुना एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा के पास एक ऑटो रिक्शा में अज्ञात महिला का शव पड़ा है, जिसकी आयु 35 वर्ष के आसपास की है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर वहां पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के लोगों की सहायता से शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव आज

# मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियों ने डाला डेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिले में आज होने वाले त्रिस्तरीय चुनाव के लिए मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच मतदान सुबह 8:00 बजे शुरू होगा। मतदान निष्पक्ष व व्यवस्थित ढंग से कराने के लिए कर्मचारियों की टोलियां बुधवार को पोलिंग सेंटरों के लिए रवाना हो गईं। सेंटर पर पहुंचकर जिलाधिकारी डॉ अजय शंकर पांडे ने पोलिंग पार्टियों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

खास बात यह है कि जिले में 311 मतदान केंद्र व 958 बुथों पर चुनाव होना है। इनमें से 70 केंद्र संवेदनशील और 42 केंद्रों को अति संवेदनशील बनाया गया है। इन सभी बूथों पर अन्य बूथों के मुकाबले कड़ी

### ● असामाजिक तत्वों को किया जाएगा नजरबंद

सुरक्षा व्यवस्था होगी।

साथ ही मतदान के समय वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। पूरे जिले को 23 जोन और 78 सेक्टर में बांटा गया है। इसी क्रम में पुलिस कप्तान अमित पाठक ने बताया कि चुनाव को प्रभावित करने वाले लोगों की सूची तैयार कर ली गई है और मतदान के समय इन्हें घरों में ही नजरबंद कर दिया जाएगा। इस सूची में 3 हजार से भी अधिक लोगों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि 75 हिस्ट्रीशीटर बदमाश इस समय लापता हैं उन्हें भी ढूंढने के प्रयास किए जा रहे हैं। बता दें कि गाजियाबाद में 4 ब्लॉकों में मतदान के लिए जिला प्रशासन व पुलिस लगातार तैयारी में जुटी है। प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर रविंद्र नायक भी गाजियाबाद में डेरा डाले हुए हैं।

उन्होंने मतदान की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। बुधवार को उन्होंने गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी में भी निरीक्षण किया।

साथ ही अधिकारियों से मतदान की तैयारी के लिए चर्चा भी की। वहीं एसएसपी ने भी चुनाव की तैयारियों को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदान की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी भी असामाजिक तत्वों का विचरण नहीं होने दिया जाएगा।



मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियां से बात करते जिलाधिकारी डॉ अजय शंकर पांडे।

# बदमाशों ने युवक को मारी गोली, हालत नाजुक

## पुलिस ने जताई आशंका, रंजिश के तहत दिया वारदात को अंजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सेक्टर 50 के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने विक्की से जा रहे एक शख्स को बुधवार सुबह गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि घटना में गंभीर रूप से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी अभिनेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर 51 के होशियारपुर गांव निवासी कृष्ण कुमार (45 वर्ष) बुधवार सुबह अपनी विक्की पर सवार होकर सेक्टर 50 के पास से गुजर रहे थे जब मोटरसाइकिल पर आए दो बदमाशों ने उनके ऊपर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। उन्होंने बताया कि गोली कृष्ण कुमार के कंधे में लगी है। गंभीर हालत में उन्हें नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

सिंह ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी कैमरे की सहायता से बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस को शक है कि कृष्ण कुमार के ऊपर किसी रंजिश के चलते हमला किया गया है।

वहीं वारदात के बाद कुछ लोगों का कहना है कि लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने गोली चलाई। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# कंपनी ने लाभ का झांसा देकर निवेशकों से की धोखाधड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना सेक्टर 20 क्षेत्र में एक विज्ञापन कंपनी के मालिकों ने लाभ का झांसा देकर कई लोगों से अपनी कंपनी में निवेश करवाया तथा करोड़ों रुपए की ठगी की।

थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक मुनीष चौहान ने बताया कि दिल्ली के रहने वाले मोहम्मद रफीक ने थाना सेक्टर 20 में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि बी- 71 सेक्टर 2 में रॉयल शैफ इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक कंपनी है। इस कंपनी के कर्ताधर्ता अनिल कुमार तथा सोनाली शर्मा ने उनसे तथा उनके कई साथियों से संपर्क किया। इन लोगों ने अपनी कंपनी में उनसे करीब एक करोड़ रुपए निवेश करवाया तथा रकम एक वर्ष में दोगुनी करने का लोभ दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। आरोपों के संबंध में कंपनी का बयान नहीं मिल पाया है।

### तीन युवकों के नहर में डूबने की आशंका

**नोएडा।** थाना जारचा क्षेत्र में नहर में बुधवार को नहाने गए तीन युवकों के डूबने की आशंका है। गोताखोर की मदद से शवों को बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस आयुक्त के प्रवक्ता ने बताया कि थाना जारचा क्षेत्र के ग्राम प्यावली ताजपुर के पास नहर में नहाते समय तीन युवक डूब गए। मेरठ निवासी भूरा (32), मुरादनगर निवासी इरफान (18) और फिरोज (30) के शवों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि नहर से तीनों शवों को बरामद करने के लिए पुलिस गोताखोर की मदद ले रही है।

# नोएडा प्राधिकरण शहर के पार्कों का करेगा कायाकल्प

## मनोरंजन के लिए बच्चों को मिलेगी खास सौगात, उद्यानों में खोले जाएंगे शिल्प हाट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा प्राधिकरण शहर को और आकर्षित बनाने की मुहिम में जुटा है। इसके लिए सभी विभागों को काम पर लगाया गया है। प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी स्वयं इसकी अगुवाई कर रही हैं। इससे स्थानीय लोगों को भी बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आंगतुकों को लुभाने के लिए प्राधिकरण शहर के पार्कों में आधुनिक और जरूरी सुविधाएं विकसित करेगा।

हाल ही में बागवानी विभाग के साथ इस संबंध में अहम बैठक की गई। इसमें पार्कों और उद्यानों में आधुनिक सुविधाएं विकसित करने और इनको विश्वस्तरीय बनाने के बारे में मंथन हुई।

बताते चलें कि नोएडा प्राधिकरण के दायरे में शहर के 730 पार्क आते हैं। इनमें से 57 पार्क कम से कम 5 एकड़ के क्षेत्र में फैले हुए हैं। प्राधिकरण सीईओ ने बताया कि अगले कुछ दिनों के अंदर सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए दो और पार्क खोले जाएंगे। ये दो पार्क सेक्टर-77 और सेक्टर-117 में बने हुए हैं।

हालांकि शहर के ज्यादातर पार्क हाई सोसाइटी के अंदर बने हुए हैं। योग-व्यायाम के शौकीन लोग मेघदूतम पार्क जा सकते हैं। नोएडा के पार्कों को सजाकर उन्हें आकर्षक बनाया जाएगा। प्राधिकरण के एक अधिकारी के मुताबिक पार्क की फर्श पर शतरंज की डिजाइन बनाई जाएगी। साथ ही डिजाइनर बेंच, गुफाओं का निर्माण, स्टाइलिश घास, ढलान और अन्य आकर्षक डिजाइन बनाए जाएंगे। इससे पार्क में आने वाले लोगों का भी मनोरंजन होगा। बच्चे यहां आकर अपना ज्यादा समय बिता सकेंगे।

नियमित पार्क के अलावा शहर के निवासियों के लिए शिल्प हाट भी खोला जाएगा। जल्द ही बच्चों के लिए दो पार्क तैयार किए जाएंगे। बच्चों के लिए जिन दो पार्क को विकसित किया जाएगा, उनमें बच्चों के पसंद के झूले लगाए जाएंगे। इन पार्कों को बच्चों की पसंद के हिसाब से ही विकसित किया जाएगा।

# छापा मारकर पुलिस ने किया देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर पुलिस ने एक गेस्ट हाउस तथा एक होटल पर छापा मारकर वहां पर चल रहे अनैतिक देह व्यापार का पर्दाफाश करने का दावा किया है। पुलिस ने इस मामले में चार महिलाओं तथा एक गेस्ट हाउस के प्रबंधक सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी (जोन तृतीय) राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त ग्रेटर नोएडा तृतीय तथा थाना कासना व थाना ईकोटेक-। पुलिस ने बुधवार दोपहर को थाना कासना क्षेत्र में स्थित प्रशान्त गेस्ट

### ● चार महिलाओं समेत छह को किया गिरफ्तार

हाउस तथा प्रधान गेस्ट हाउस पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि कथित रूप से देह व्यापार में संलिप्त चार महिलाएं तथा पांच पुरुषों को व प्रशान्त गेस्ट हाउस के प्रबंधक को गिरफ्तार किया गया है।

सिंह ने बताया कि मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में आपत्तिजनक वस्तुएं व 15,600 रुपए बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि गेस्ट हाउसों में काफी दिनों से देह व्यापार हो रहा था।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी

### मेष

आज अधिकांश योजनाएं कार्यांवित होंगी। आप केंद्रित और मेहनती रहेंगे। योजनाओं को सफल बनाने के लिए, सहकर्मियों से अधिकतम समर्थन प्राप्त करने के लिए अपने संवाद के साथ आगे बढ़ेंगे। व्यवसायी अपनी तेज सोच के लिए प्रशंसा और सम्मान के हकदार होंगे।

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

**भाग्यांक:** 3

**विशेष:** माथे पर केसर का टीका लगाएं।

### वृष

कार्यक्षेत्र में किसी से पुरानी पहचान का लाभ मिलेगा। रुके हुए सारे काम आसानी से पूरे होंगे। बड़े भाई की मदद से कोई काम शुरू करते हैं, तो आपको निश्चित रूप से इसमें प्रगति मिलेगी। मन आध्यात्म की ओर अधिक रहेगा। परिवार के साथ धार्मिक स्थान पर जाएंगे स्वास्थ्य फिट रहेगा। आपको प्रगति मिलेगी।

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

**भाग्यांक:** 2

**विशेष:** मंदिर में बैठकर कुछ समय बिताएं।

### मिथुन

बड़ी सफलता मिलने की संभावना है। किए गए कामों से फायदा हो सकता है। अधिकारियों से मदद मिल सकती है। सामाजिक रूप से सक्रिय हो सकते हैं। नए लोगों से भी मुलाकात होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ाया जा सकता है। कोई बड़ा काम भी मिल सकता है। कुछ कामों को लेकर कुछ अनिश्चितता महसूस करेंगे। अनावश्यक खर्च भी हो सकता है।

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

**भाग्यांक:** 9

**विशेष:** चने की दाल का दान करें।

### कर्क

रोमांस आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा। विवाहित जीवन में दु:ख पैदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ झगड़ा करने से बचें। अनावश्यक तनाव स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। व्यवसाय में नई तकनीक से लाभ होगा। आपके काम से लोग प्रभावित होंगे। आपकी प्रगति के लिए नए रास्ते खुलेंगे। मिठास के साथ परिवार में आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

(ही, हूं, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

**भाग्यांक:** 3

**विशेष:** विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

### सिंह

घर में नए सदस्य के आगमन के बारे में जल्द ही आपको अच्छी खबर सुनने को मिलेगी। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध सुधरेंगे। वह आपका पूरा समर्थन करेगा। घर में कोई शुभ कार्य हो सकता है। विदेश यात्रा के बारे में सोच रहे हैं, तो यह सबसे अच्छा समय है। खर्चों में वृद्धि होगी, लेकिन आप पैसे बर्बाद करने से बच जाएंगे।

(मा, मी, मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

**भाग्यांक:** 2

**विशेष:** गाय को हल्दी मिलाकर गुड़ खिलाएं।

### कन्या

परिवार के साथ खुशनुमा पल बिताएंगे। चार्टर्ड अकाउंटेंट लोगों को तरक्की के कई सुनहरे मौके मिलेंगे। किसी बड़े की मदद से आप राहत महसूस करेंगे। आप हर तरह से क्षेत्र में सक्षम होंगे। आपके प्रसन्न व्यवहार से घर में खुशी का माहौल बनेगा। आप अपने कॅरियर में नए आयाम स्थापित करेंगे। आर्थिक मामलों में आपको लाभ मिलेगा।

(टो, पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

**भाग्यांक:** 9

**विशेष:** भगवान विष्णु के सामने घी का एक दीपक जलाएं।

### तुला

काम और रोजगार पर ध्यान दें। काम करने के तरीके को बदलने के लिए अपना मन बना सकते हैं। रोजमर्रा के कुछ काम भी आज पूरे हो सकते हैं। मैं किसी भी काम को परफेक्शन के साथ करने की कोशिश करूंगा। समय पर कार्यालय पहुंचने की कोशिश करें और काम में किसी को शिकायत करने का मौका न दें।

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

**भाग्यांक:** 3

**विशेष:** काला सफेद नंबर किसी धर्म स्थान में दान में दें।

### वृश्चिक

आप भावनाओं से परे हट सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग करेंगे। मांगलिक या राजनीतिक कार्यों में व्यस्त रह सकते हैं। सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि को धूमिल करने की कोशिश कर सकता है। स्वास्थ्य के लिहाज से आप तरोताजा महसूस करेंगे। आपकी भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

**भाग्यांक:** 4

**विशेष:** प्रतापपुर में उगते हुए सूर्य को कुछ देर के लिए निहारे।

### धनु

आज परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। आप भावनात्मक रूप से अलग-थलग महसूस कर सकते हैं और इसे दूर करने के लिए आपको मुद्दों पर काम करने की आवश्यकता होगी। आर्थिक रूप से आप सुरक्षित रहेंगे, लेकिन खर्चों का दबाव अधिक रहेगा। आत्मविश्वास के साथ काम करते रहें। निर्यात-आयात में शामिल लोगों के लिए यात्रा संभव है।

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

**भाग्यांक:** 1

**विशेष:** मंदिर में केले का पेड़ लगाएं।

### मकर

स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। वाणी पर संयम बरतने की आवश्यकता है। लोगों के साथ वाद-विवाद होने की संभावना है। संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन प्रसिद्धि का दिन होगा। आपको प्रदर्शन के लिए एक बड़ा मंच भी मिलेगा। कारोबार में मुनाफा हो रहा है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

**भाग्यांक:** 1

**विशेष:** कार्यस्थल पर जाने से पहले मिश्री का सेवन करें।

### कुंभ

ऐसी कोई भी इच्छा पूरी हो सकती है जिसके बारे में आप बहुत ज्यादा सोच रहे हैं। परिवार से आपको सहयोग मिल सकता है। यदि आप उत्साह और उत्साह के साथ काम करते हैं तो आपके लिए अच्छा है। माता-पिता के साथ संबंधों में सुधार की संभावना है। व्यवसाय के लिए दिन अच्छा साबित हो सकता है। आज आप किसी भी तरह की जिद पर अड़े न रहें। अनावश्यक खर्च भी हो सकता है। कोई आपको धोखा देने की कोशिश करेगा।

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

**भाग्यांक:** 8

**विशेष:** माथे पर पीले रंग का टीका लगाएं।

### मीन

आपका परिवार आपके लिए समर्थन का स्रोत रहेगा। वे आपकी हर तरह से मदद करने के लिए तैयार रहेंगे। राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी होगी। बच्चों की जिम्मेदारी से दूसरों से सहयोग लेने में सफलता मिलेगी। थोड़े से प्रयास से सांसारिक मामलों और वित्तीय समस्याओं का समाधान संभव है। पर्यटन किसी भी रमणीय स्थान पर आयोजित किया जा सकता है। कोर्ट-कचहरी से संबंधित कार्यों में विजय मिल सकती है।

(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

**भाग्यांक:** 6

**विशेष:** आने वाले 6 माह तक बुजुर्ग महिला के चरण स्पर्श करें।

### यूपी गेट पर किसानों ने मनाई आंबेडकर जयंती

**गाजियाबाद।** किसान आंदोलन को तेज करने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस गाजीपुर बॉर्डर पर संविधान बचाओ किसान बहुजन एकता दिवस के रूप में मनाते हुए बाबा साहब को याद किया गया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर भी गाजीपुर बॉर्डर पहुंचे थे।

# पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी, केकेआर मजबूत वापसी करेंगी: रसेल

एजेंसी। चेन्नई



**कोलकाता** नाइट राइडर्स (केकेआर) के आक्रामक आलराउंडर आंद्रे रसेल ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ करीबी मुकाबले में अपनी टीम की 10 रन की हार के लिए पिच को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उनकी टीम आगामी मैचों में मजबूत वापसी करेगी। इयोन मोर्गन की अगुआई वाली केकेआर की टीम ने लगभग पूरे मैच के दौरान दबदबा बनाए रखा, लेकिन 153 रन लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम ओवरों में टीम ने घुटने टेक दिए। केकेआर को अंतिम 27 गेंद में सिर्फ 30 रन की दरकार थी, लेकिन केकेआर के रसेल और दिनेश कार्तिक जैसे फिनिशर टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे और पांच बार की चैंपियन टीम मुंबई इंडियन्स जोरदार वापसी करते हुए सत्र की पहली जीत दर्ज करने में सफल रही।

15 गेंद में नौ रन बनाने के बाद पवेलियन लौटे रसेल ने मैच के बाद ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह बल्लेबाजी के लिए मुश्किल विकेट था, नए बल्लेबाज के लिए क्रीज पर उतरकर पहली गेंद से ही शॉट खेलना शुरू कर देना आसान नहीं था। यह काफी चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा, असमान उछाल था इसलिए पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी। आप कितने भी अच्छे क्यों नहीं हो आपको लय में आने के लिए कुछ गेंद खेलने की जरूरत होती है। रसेल ने कहा, दुर्भाग्य से मेरे और दिनेश कार्तिक जैसे अच्छे फिनिशर के बल्ले पर भी गेंद नहीं आ रही थी। मुझे लगता है कि अगर हम कुछ बाउंड्री जड़ देते तो जीत जाते। निश्चित तौर पर हम निराश हैं, लेकिन अभी सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। यह हमारा दूसरा ही मैच था। रसेल ने कहा कि वे गलतियों से सीखेंगे और अगले कुछ मैचों में वापसी करेंगे। उन्होंने कहा, हम फिर रणनीति तैयार करेंगे। हम निश्चित तौर पर टीम के रूप में अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। यह अब इस मैच को पीछे छोड़कर लगातार मजबूत होना है।

### चाहर ने रोहित की कप्तानी को दिया जीत का श्रेय

**चेन्नई।** लेग स्पिनर राहुल चाहर ने कहा कि उनका मानना था कि सिर्फ स्पिनर ही मैच का रुख बदल सकते हैं, लेकिन यह कप्तान रोहित शर्मा का भरोसा था, जिसके कारण वह मंगलवार को यहां फिरकी का जादू चलाते हुए मुंबई इंडियन्स को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 10 रन की जीत दिलाने में सफल रहे। मुंबई के 153 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने पहले विकेट के लिए 8.5 ओवर में 72 रन की साझेदारी की जिसके बाद टीम को अंतिम 10 ओवर में सिर्फ 72 रन की जरूरत थी लेकिन 21 साल के चाहर ने 27 रन पर चार विकेट चटकाकर मैच का रुख बदल दिया। चाहर ने मैच के बाद ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, उन्होंने मुझे कहा, आत्मविश्वास के साथ गेंदबाजी करो... तुम अच्छी गेंदबाजी कर रहे हो, कभी कभी मैं भी नहीं समझ पाता (नेट पर तुम्हारे वैरिएशन)। वे (नाइट राइडर्स के बल्लेबाज) भी ऐसा ही महसूस करेंगे। बस अपना ध्यान केंद्रित रखो, अच्छी लेंथ से गेंदबाजी करो और स्पिन करने का प्रयास करो।

## संक्षिप्त समाचार

### रोहित अब प्लास्टिक मुक्त समुद्र जागरुकता अभियान में जुटे

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा ने अपने जूतों का इस्तेमाल वन्यजीवों और पर्यावरण संबंधित मुद्दों को उजागर करने के लिए जारी रखा और वह बीती रात कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में समुद्रों को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए जागरुकता फैलाने के लिए नीले रंग के पानी में टर्टल (बड़ा कछुआ) की तस्वीर वाले जूते पहने थे। रोहित ने आईपीएल के उद्घाटन मैच में एक सींग वाले गैंडे की तस्वीर वाले जूते पहनकर विलुप्त गैंडों की प्रजाति को बचाने की अपील की थी। उन्होंने नौ अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ मैच के बाद अपने इंस्टाग्राम पर लिखा कि दुनिया को बेहतर बनाना सभी की जिम्मेदारी है और सभी को इसके लिए काम करने की जरूरत है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस बार रोहित के जूतों पर नीले रंग के पानी में एक टर्टल वाली तस्वीर थी जिसे पहनकर उन्होंने समुद्रों को प्लास्टिक के कचरे से बचाने पर जोर दिया। वह पहले भी समुद्र में प्लास्टिक प्रदूषण के मुद्दे को उठा चुके हैं। लगता है कि वह मिशन पर जुटे हुए हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि अगले मैच में वह किस तस्वीर वाले जूते पहनते हैं।

### सेरेना विलियम्स ने एमेजन स्टूडियोज से करार किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स ने एमेजन स्टूडियोज से एक करार किया है, जिसमें वह एक डाक्यूसीरीज सहित स्क्रिप्टिड और नॉन स्क्रिप्टिड कार्यक्रम बनाएंगी। इस टेनिस स्टार ने कहा कि इनमें उनकी कोर्ट और कोर्ट से बाहर की उपलब्धियां शामिल होंगी। सेरेना ने यह घोषणा अभिनेता माइकल बी जोर्डन के साथ बातचीत के दौरान की जिसे वैनिटी फेयर मैगजीन द्वारा आयोजित किया गया था। यह साक्षात्कार जरूरतमंदों की मदद के लिए धन जुटाने के लिए कराया गया था। सेरेना 23 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब अपनी झोली में डाल चुकी हैं और सर्वकालिक खिताब जीतने की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह फिल्म और लोगों के घरों के लिए सचमुच विशेष बातें दे पाएंगी। हाल के दिनों में चोटों और बेटी के जन्म के बाद सेरेना का टेनिस कार्यक्रम सीमित हो गया है और वह फरवरी में नाओमी ओसाका से आस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में हारने के बाद नहीं खेली हैं। ओसाका ने यह ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था।

### पोर्टो के खिलाफ हार के बावजूद चेल्सी सेमीफाइनल में

**सेविले।** चेल्सी ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में पोर्टो के खिलाफ 0-1 से हार के बावजूद कुल स्कोर के आधार पर 2-1 से जीत दर्ज करते हुए चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मेहदी तारेमी ने चैंपियन्स लीग के मौजूदा सत्र का संभवतः सबसे खूबसूरत गोल दागकर पुर्तगाल के चैंपियन पोर्टो को जीत दिलाई लेकिन यह टीम को अंतिम चार में जगह दिलाने के लिए काफी नहीं था। चेल्सी की टीम ने घरेलू मैदान पर 2-0 से जीत दर्ज की थी और कुल स्कोर के आधार पर 2-1 से जीत दर्ज करते हुए 2014 के बाद पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रही।

### चार बार के ओलंपिक पदक विजेता कोन फिंडले का निधन

**वाशिंगटन।** रोइंग और सेलिंग में चार बार के ओलंपिक पदक विजेता कोन फिंडले का निधन हो गया है। फिंडले 90 साल के थे। रोइंग कोच और फिंडले के लंबे समय से मित्र माइक सुलिवन ने बताया कि उनका निधन गुरुवार को सेन मेटियो के उत्तरी कैलीफोर्निया शहर में हुआ। फिंडले ने मेलबर्न 1956 और टोक्यो 1964 ओलंपिक में कॉक्स्ड पेयर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने इसी स्पर्धा में 1960 रोम खेलों में कांस्य पदक जीता। उन्होंने 1976 मांट्रियल खेलों में सेलिंग में कांस्य पदक भी जीता।

### टोक्यो ओलंपिक की 100 दिन की उल्टी गिनती शुरू

**टोक्यो।** टोक्यो को साढ़े सात साल पहले जब ओलंपिक खेलों की मेजबानी सौंपी गई थी तब उसने स्वयं को सुरक्षित स्थल के रूप में पेश किया था जबकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के तत्कालीन उपाध्यक्ष क्रेग रीडी ने ब्यूनस आयर्स में 2013 में वोटिंग के बाद कहा था कि निश्चितता अहम मुद्दा होगी। पिछले साल स्थगित किए गए टोक्यो ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए बुधवार को हालांकि जब 100 दिन की उल्टी गिनती शुरू हुई तो कुछ भी निश्चित नहीं है। कोविड-19 के बढ़ते मामलों, असंख्य घोटालों और जापान में खेलों के आयोजन को लेकर जनता के विरोध के बावजूद आयोजक और आईओसी खेलों के आयोजन पर जोर दे रहे हैं। टोक्यो में 1964 में हुए ओलंपिक खेलों के जरिए जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध में हार से तेजी से उबरने का जश्न मनाया था, लेकिन इस बार खेलों के आयोजन को लेकर कई अलग नियम और पाबंदियां होंगी।

# राजस्थान की नजरें कप्तान सैमसन पर

## आत्मविश्वास से भरे दिल्ली के खिलाफ

एजेंसी। मुंबई





**राजस्थान** रॉयल्स की टीम पहले मुकाबले में दिल तोड़ने वाली हार और चोट के कारण स्टार आलराउंडर बेन स्टोक्स के बाहर होने की निराशा के बीच गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में जब यहां आत्मविश्वास से भरे दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उतरेगी तो उसे नए कप्तान संजू सैमसन से एक और प्रेरणादाई पारी की उम्मीद होगी। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने नए कप्तान ऋषभ पंत के नेतृत्व में शानदार शुरुआत करते हुए अपने पहले मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स को सात विकेट से हराया, लेकिन रॉयल्स को सोमवार रात बड़े स्कोर वाले करीबी मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ चार रन से शिकस्त झेलनी पड़ी।

पंजाब के 222 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम कप्तान के रूप में सैमसन (63 गेंद में 119 रन) के पहले ही मैच में आईपीएल शतक की बदौलत अंत तक मैच में बनी हुई थी लेकिन टीम को अंतिम गेंद में जब जीत के लिए पांच रन की दरकार थी तो सैमसन बाउंड्री पर कैच दे बैठे। इस हार के बाद टीम को और करारा झटका लगा जब मंगलवार को स्टार आलराउंडर स्टोक्स अंगुली में फ्रेक्चर के कारण बाकी बचे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। स्टोक्स की गैरमौजूदगी में जोस बटलर, शिवम दुबे और रियान पराग जैसे खिलाड़ियों पर बेहतर प्रदर्शन और कप्तान को सहयोग देने का दबाव होगा। पहले मैच में मनन वोहरा (12), बटलर (25), दुबे (23) और पराग (25) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे।

### टीमें

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, मनन वोहरा, अनुज रावत, रियान पराग, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, महिपाल लोमरोर, श्रेयस गोपाल, मयंक मार्कंडेय, एंड्रयू टाई, जयदेव उनादकट, कार्तिक त्यागी, शिवम दुबे, क्रिस मौरिस, मुस्ताफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, केसी करियप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, कुलदीप यादव और आकाश सिंह।

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), शिखर धवन, पृथ्वी साव, अजिंक्य रहाणे, शिमरोन हेटमायर, मार्कस स्टोइनिस, क्रिस वोक्स, आर अश्विन, अमित मिश्रा, ललित यादव, प्रवीण दुबे, कागिसो रबादा, एनरिच नोर्ट्जे, इशांत शर्मा, आवेश खान, स्टीव स्मिथ, उमेश यादव, रिपल पटेल, विष्णु विनोद, लुकमान मेरीवाला, एम सिद्दार्थ, टॉम कुरेन और सैम बिलिंग्स।

**समय: मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।**

रॉयल्स की टीम के लिए सबसे बड़ी समस्या हालांकि गेंदबाजी है। पहले मैच में टीम के गेंदबाज बिलकुल भी लय में नजर नहीं आए। पदार्पण मुकाबले में 31 रन देकर तीन विकेट चटकाने वाले युवा तेज गेंदबाज चेतन सकारिया के अलावा रॉयल्स के अन्य गेंदबाजों के पास पंजाब के बल्लेबाजों का कोई जवाब नहीं था। मुस्ताफिजूर रहमान, क्रिस मौरिस, स्टोक्स, श्रेयस गोपाल और राहुल तेवतिया के खिलाफ रन बटोरने में पंजाब के बल्लेबाजों को कोई परेशानी नहीं हुई और इन सभी को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। दूसरी तरफ पिछली बार के उपविजेता दिल्ली ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए तीन बार के चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ आसान जीत दर्ज की।

सुपरकिंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 188 रन बनाए, लेकिन दिल्ली ने सलामी बल्लेबाजों शिखर धवन (54 गेंद में 85 रन) और पृथ्वी साव (38 गेंद में 72 रन) के बीच पहले विकेट की 138 रन की साझेदारी की बदौलत आसान जीत दर्ज की। गेंदबाजी की बात करें तो पहले मैच में क्रिस वोक्स (18 रन पर दो विकेट) और आवेश खान (23 रन पर दो विकेट) ने प्रभावित किया और आगामी मैचों में भी इस फॉर्म को दोहराने का प्रयास करेंगे। रविचंद्रन अश्विन, टॉम कुरेन, अमित मिश्रा और मार्कस स्टोइनिस ने हालांकि गेंदबाजी में निराश किया और गुरुवार को बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे।

# हैदराबाद को 150 रन का लक्ष्य, मैक्सवेल का अर्धशतक



एजेंसी। चेन्नई

**आईपीएल** 2021 सीजन का छठा मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच चेन्नई के चेपक स्टेडियम में खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 149 रन बनाए।

आरसीबी के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने सर्वाधिक 59 रन बनाए, जबकि कप्तान विराट कोहली ने 33 रन की पारी खेली। सनराइजर्स के लिए राशिद खान ने दो और जैसन होल्डर ने तीन विकेट लिए। भुवनेश्वर कुमार ने बेंगलुरु को पहला झटका दिया। उन्होंने पिछले सीजन में आरसीबी के टॉप स्कोरर रहे देवदत्त पडिक्कल को शहबाज नदीम के हाथों कैच कराया। वे 13 बॉल पर 11 रन बनाकर आउट हुए। पडिक्कल कोरोना से रिकवरी की वजह से मुंबई के खिलाफ इस सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाए थे। शाहबाद अहमद के रूप में आरसीबी टीम का दूसरा विकेट गिरा। वे 10 बॉल पर 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शहबाज नदीम ने राशिद खान के हाथों कैच कराया। विराट 33 रन ही बना सके। उन्हें जेसन होल्डर ने विजय शंकर के हाथों कैच कराया। विराट मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में भी 33 रन पर ही आउट हुए थे। विराट और मैक्सवेल के बीच तीसरे विकेट के लिए 38 बॉल पर 44 रन की पार्टनरशिप हुई। दोनों ने चेन्नई के स्पिनिंग ट्रैक पर स्पिनर को ही टारगेट किया। पारी के 11वें ओवर में शहबाज नदीम गेंदबाजी कर रहे थे। मैक्सवेल ने पहले 3 गेंद पर 2 छक्के और 1 चौका लगाया। इसके बाद विराट ने भी एक चौका लगाया। दोनों ने 2 सिंगल के साथ इस ओवर में कुल 22 रन बनाए।

# विफलता के डर ने मुझे अधिक एकाग्र होने के लिए प्रेरित किया: डिविलियर्स

एजेंसी। चेन्नई



**करिश्माई** बल्लेबाज एबी डिविलियर्स बल्लेबाजी के दौरान काफी जोखिम उठाते हैं, जिससे विफलता का डर रहता है और यही डर टी-20 प्रारूप की विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए उन्हें अधिक एकाग्र होने में मदद करता है। लगभग पांच महीने में अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेल रहे डिविलियर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2021 के पहले मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की जीत में अहम भूमिका निभाई।

यह पूछने पर कि साल दर साल वह ऐसा कर लेते हैं, डिविलियर्स ने कहा, यह हमेशा काफी लुत्फ उठाने वाला नहीं होता। मैं स्थिति के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करता हूं, यह सामान्य सी चीज लगती है, लेकिन तथ्य यह है कि जब आप मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हो तो हर बार स्थिति बदलती है। दक्षिण अफ्रीका के इस दिग्गज बल्लेबाज ने आरसीबी बोल्ड डायरीज से कहा, यह सामंजस्य बैठाने और इसका पूरा फायदा उठाने से जुड़ा है। यह अधिकतर काम करता है। लेकिन हालांकि इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि विफलता भी मिलती है। उन्होंने कहा, लेकिन आपको हमेशा पता होता है कि यह संभव है कि आप विफल हो जाओ। विफलता का डर मुझे हमेशा गेंद पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और बेसिक्स बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। अच्छी शुरुआत करने का प्रयास करता। पहली 20 गेंद में अच्छी शुरुआत करना अहम है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके 37 साल के डिविलियर्स ने स्वीकार किया कि जब आप लंबे समय के बाद शीर्ष स्तर का क्रिकेट खेलते हो तो लय में वापस आने में समय लगता है। डिविलियर्स को भरोसा है कि आरसीबी की टीम बुधवार को यहां आईपीएल मैच के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद की कमजोरियों का फायदा उठाने में सफल रहेगी।

# पिछले चार महीनों में पंत में काफी सुधार हुआ

एजेंसी। मुंबई

**अच्छा काम करेगा : लारा**



**वेस्टइंडीज** के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने पिछले कुछ महीनों में काफी सुधार किया है और वह मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की अगुआई करते हुए अच्छा काम करेंगे। 23 साल के पंत को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान नियुक्त किया गया क्योंकि नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पंत शानदार फार्म में हैं और वह आस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में भारत के लिए मैच विजेता रहे।

लारा के नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़े व्यक्तिगत स्कोर का रिकार्ड है, उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स के सलेक्ट डगआउट शो पर कहा, आस्ट्रेलिया और यहां इंग्लैंड के खिलाफ छह महीनों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पंत में काफी सुधार हुआ और अब वह चोट (अय्यर के चोटिल होने) के कारण कप्तानी की जिम्मेदारी भी संभाल रहा है। उन्होंने कहा, इसके साथ ही उसे (एनरिच) नोर्त्जे, (कागिसो) रबाडा व अक्षर पटेल की सेवाएं भी नहीं मिल रही है। इसलिए वे उससे काफी ज्यादा की उम्मीद कर रहे हैं।

# बाबर ने आईसीसी पुरुष वनडे रैंकिंग में कोहली को शीर्ष से हटाया

एजेंसी। दुबई



**भारतीय** कप्तान विराट कोहली ने बुधवार को आईसीसी बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम को गंवा दिया जिस पर वह काफी लंबे समय से काबिज थे। वहीं बाबर अपने देश से रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए। 26 साल के बाबर ने सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के अंतिम मैच में 82 गेंद में 94 रन की पारी खेली थी जिससे उन्हें 13 रेटिंग अंक हासिल करने में मदद मिली और वह 865 अंक पर पहुंच गए।

कोहली 1,258 दिन तक बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर कायम रहे जो तीन साल से ज्यादा समय रहा। बाबर ने हमवतन जहीर अब्बास (1983-84), जावेद मियांदाद (1988-89) और मोहम्मद यूसुफ (2003) की तरह नंबर एक वनडे बल्लेबाज की उपलब्धि हासिल की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक बयान में कहा कि बाबर अब कोहली (857 अंक) पर आठ अंक की बढ़त बनाए हैं। बाबर के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला से पहले 837 रेटिंग अंक थे, लेकिन पहले मैच में 103 रन की पारी से वह 858 अंक (कोहली से ज्यादा) पर पहुंच गए। दूसरे वनडे में 32 रन के स्कोर से वह पिछली साप्ताहिक रैंकिंग में 852 अंक पर खिसक गए। टेस्ट में बाबर सर्वश्रेष्ठ पांचवां स्थान हासिल कर चुके हैं और इस समय छठे स्थान पर काबिज हैं, जबकि टी-20 अंतरराष्ट्रीय में वह तीसरे स्थान पर हैं, लेकिन वह पहले नंबर एक भी रह चुके हैं। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज फखर जमां एक अन्य पाकिस्तानी बल्लेबाज हैं, जो वनडे बल्लेबाजी सूची में ऊपर बढ़े हैं, उन्होंने 101 रन की पारी से पांच पायदान की छलांग लगाई, जिससे वह कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए।

# भारत की अच्छी शुरुआत

## युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** भारत ने पोलैंड के किल्से में चल रही युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अच्छी शुरुआत की जब पूनम (57 किग्रा) और विंका (60 किग्रा) ने अपने पहले दौर के मुकाबलों में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

पूनम ने मंगलवार को कोलंबिया की वालेरिया मेंदोजा को 5-0 से हराया जबकि विंका ने रूस की दारिया पेंटेलीवा को 3-2 से शिकस्त देकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। पूनम को अगले दौर में हंगरी की बिएटा वार्गा से भिड़ना है जबकि विंका का सामना कजाखस्तान की जुलदिज शायाखमेतोवा से होगा। भारत इस टूर्नामेंट में 20 सदस्यीय टीम के साथ उतरा है जिसमें 10 पुरुष और इतनी ही महिला मुक्केबाज शामिल हैं। महिला टीम में 2019 एशियाई युवा खेलों की चैंपियन नाओरेम बेबीरोजिसाना चानू (51 किग्रा), सनामाचा चानू (75 किग्रा), अल्फिया पठान (81 किग्रा) और अरूणधति चौधरी (69 किग्रा) के अलावा गीतिका (48 किग्रा), अर्शी खानम (54 किग्रा), निशा (64 किग्रा) और खुशी (81 किग्रा) शामिल हैं। पुरुष वर्ग में भारत की चुनौती की अगुआई एशियाई युवा चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अंकित नरवाल (64 किग्रा) और एशियाई जूनियर चैंपियन चोंगथाम विश्वामित्र (49 किग्रा) करेंगे।

### पीएसजी चैंपियन्स लीग सेमीफाइनल में

**पेरिस।** नेमार ने कई मौके गंवाए जिसके कारण पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में घरेलू मैदान पर बायर्न म्यूनिख के खिलाफ 0-1 से हार झेलनी पड़ी, लेकिन इसके बावजूद टीम चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही। क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में जर्मनी में 2-3 की हार के बाद बायर्न को मंगलवार को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए कम से कम दो गोल करने थे, लेकिन टीम ऐसा करने में नाकाम रही और पीएसजी ने विरोधी के मैदान पर अधिक गोल की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई। छह बार की चैंपियन मैड्रिड की टीम हालांकि रॉबर्ट लेवानदोवस्की की गैरमौजूदगी में जूझती दिखी और सिर्फ एक गोल ही कर पाई जो एरिक मैक्सिम चोपो मोटिंग ने किया।

# भारतीय हॉकी टीमों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

## मनप्रीत और रानी को टोक्यो ओलंपिक में

एजेंसी। नई दिल्ली





**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह को लगता है कि अगर उनकी टीम अपनी शानदार मौजूदा फार्म को जारी रखती है तो उसमें इस साल टोक्यो में ओलंपिक पदक के चार दशक के सूखे को समाप्त करने की काबिलियत है। भारत ने अपने आठ ओलंपिक स्वर्ण पदकों का अंतिम पदक 1980 मॉस्को ओलंपिक में जीता था, जिसके बाद टीम का स्तर काफी तेजी से नीचे गिर गया, लेकिन पिछले दो वर्षों में भारत ने अच्छी प्रगति की है।

मनप्रीत ने 23 जुलाई से आरंभ होने वाले टोक्यो खेलों की 100 दिन की उलटी गिनती शुरू होने के मौके पर कहा, पहले तो, काफी लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी खेलना अच्छा था। मैं पिछले 18 महीनों में टीम की प्रगति से काफी खुश हूं। अगर हम इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखते हैं तो मुझे भरोसा है कि हम किसी भी टीम को हरा सकते हैं। भारतीय टीम ने हाल में एफआईएच प्रो लीग में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अर्जेंटीना को पराजित किया। उन्होंने कहा, इस समय टीम के जज्बे का स्तर काफी ऊंचा हैं और जैसा कि मैंने पहले कहा कि हमें टोक्यो ओलंपिक से पहले अपने खेल को सुधारने के लिए प्रत्येक मौके का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा, टीम में युवा काफी लंबे समय से खेल रहे हैं और मुझे पूरी उम्मीद है कि यह फार्म जारी रहेगी और हम रियो ओलंपिक से बेहतर प्रदर्शन दिखा सकेंगे। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 2016 रियो ओलंपिक में निराशाजनक आठवें स्थान पर रही थी। मनप्रीत की तरह ही भारतीय महिला टीम की कप्तान रानी रामपाल को भी टोक्यो में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। महिला टीम इस महासमर के इतिहास में पहली बार लगातार ओलंपिक खेलेगी।

### अपनी फिनिशिंग और तकनीक पर कर रहे हैं मेहनत

हॉकी इंडिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में रानी ने कहा, दुनिया की दूसरे नंबर की अर्जेंटीना और जर्मनी के खिलाफ इस साल के शुरू में अपनी टीम के जुझारू प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से हम निराश हैं कि हम जीत दर्ज नहीं कर पाए लेकिन हमने दिखाया कि हम अपने से ऊंची रैंकिंग की प्रतिद्वंद्वी को रोक सकते हैं। जर्मनी से लौटने के बाद हम अपनी फिनिशिंग और तकनीक पर काफी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि अगर हम इन अच्छे प्रदर्शन को नतीजों में तब्दील कर पाए तो हम भी ओलंपिक पदक की दौड़ में होंगे। हॉकी इंडिया ने एक विशेष पॉडकास्ट सीरीज हॉकी ते चर्चा लांच की है जिसके पहले एपिसोड में हरबिंदर सिंह से बातचीत शामिल होगी।

# मां दुर्गा की तीसरी शक्ति चंद्रघंटा की पावन कथा



मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्रि में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए।

उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इस देवी के दस हाथ हैं। वे खड्ग और अन्य अस्त्र-शस्त्र से विभूषित हैं। सिंह पर सवार इस देवी की मुद्रा युद्ध के लिए उद्धत रहने की है। इसके घंटे सी भयानक ध्वनि से अत्याचारी दानव-दैत्य और राक्षस कांपते रहते हैं। नवरात्रि में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा का महत्व है। इस देवी की कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है और कई तरह की ध्वनियां सुनाई देने लगती हैं। इन क्षणों में साधक को बहुत सावधान रहना चाहिए। इस देवी की आराधना से साधक में वीरता और निर्भयता के साथ ही सौम्यता और विनम्रता का विकास होता है। इसलिए हमें चाहिए कि मन, वचन और कर्म के साथ ही काया को विहित विधि-विधान के अनुसार परिशुद्ध-पवित्र करके चंद्रघंटा के शरणागत होकर उनकी उपासना-आराधना करना चाहिए। इससे सारे कष्टों से मुक्त होकर सहज ही परम पद के अधिकारी बन सकते हैं। यह देवी कल्याणकारी है।

## मां चंद्रघंटा की आरती

नवरात्रि के तीसरे दिन चंद्रघंटा का ध्यान।
मस्तक पर है अर्ध चंद्र, मंद मंद मुस्कान॥
दस हाथों में अस्त्र शस्त्र रखे खडग संग बांद।
घंटे के शब्द से हरती दुष्ट के प्राण॥
सिंह वाहिनी दुर्गा का चमके सवर्ण शरीर।
करती विपदा शांति हरे भक्त की पीर॥
मधुर वाणी को बोल कर सब को देती ग्यान।
जितने देवी देवता सभी करें सम्मान॥
अपने शांत सवभाव से सबका करती ध्यान।
भव सागर में फसा हूं मैं, करो मेरा कल्याण॥
नवरात्रों की मां, कृपा कर दो मां।
जय मां चंद्रघंटा, जय मां चंद्रघंटा॥

## नवरात्र के तीसरे दिन का महत्व

अपने चंद्रघंटा स्वरूप में मां परम शांतिदायक और कल्याणकारी हैं। उनके मस्तक में घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसलिए मां के इस रूप को चंद्रघंटा कहा जाता है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनका वाहन सिंह है। इनके दसों हाथों में अस्त्र-शस्त्र हैं और इनकी मुद्रा युद्ध की मुद्रा है। मां चंद्रघंटा तम्भ साधना में मणिपुर चक्र को नियंत्रित करती है और ज्योतिष में इनका संबंध मंगल ग्रह से होता है। इनकी पूजा करने से भय से मुक्ति मिलती है और अपार साहस प्राप्त होता है।

## कैसे करें पूजन



मां चंद्रघंटा को लाल फूल चढ़ाएं, लाल सेब और गुड़ चढाएं, घंटा बजाकर पूजा करें, ढोल और नगाड़े बजाकर पूजा और आरती करें, शुत्रुओं की हार होगी। इस दिन गाय के दूध का प्रसाद चढ़ाने का विशेष विधान है। इससे हर तरह के दुखों से मुक्ति मिलती है।

## मां चंद्रघंटा के इस मंत्र का करें जाप

पिण्डज प्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महयं चंद्रघण्टेति विश्रुता।।

**मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक नगरी उज्जैन, इसकी पहचान है यहां स्थित स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकाल ज्योतिर्लिंग की वजह से, लेकिन विक्रमादित्य की यह नगरी अपने आप में एक और इतिहास छुपाए हुए है। वह इतिहास है मां शक्ति का जो यहां गढकालिका के रूप में विराजमान है।**

# गढ़कालिका: महाकवि कालिदास की आराध्य देवी है उज्जैन में विराजमान



**हिंदू** धर्म के अनुसार यह मान्यता है कि जहां-जहां सती देवी के शरीर के अंग गिरे वहां-वहां शक्तिपीठों की स्थापना हुई। यह शक्तिपीठ पूरे भारतीय उपमहाद्वीप पर फैले हुए है। उन्हीं शक्तिपीठों में से एक है नगरी उज्जैन में स्थित गढ़कालिका धाम, जहां महाकवि और नाटककार कालिदास को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।

मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक नगरी उज्जैन, इसकी पहचान है यहां स्थित स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकाल ज्योतिर्लिंग की वजह से। लेकिन विक्रमादित्य की यह नगरी अपने आप में एक और इतिहास छुपाए हुए है। वह इतिहास है मां शक्ति का जो यहां गढ़कालिका के रूप में विराजमान है। कहा जाता है कि संस्कृत के महान कवि कालीदास को मां गढ़कालिका के आशीर्वाद से ही ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। ऐसी मान्यता है कि प्रारंभिक जीवन में कालीदास अनपढ़ और मूर्ख थे। कालीदास एक बार एक पेड़ की जिस डाली पर बैठे थे उसी को काट रहे थे इस घटना पर उनकी पत्नी विद्योत्तमा ने उन्हें ऐसी फटकार लगाई, जिसके फलस्वरूप तपस्या कर महामूर्खों की श्रेणी में आने वाले कालीदास ने गढ़कालिका देवी की उपासना कर महाकवि कालिदास बन गए। उज्जैन में स्थित गढ़कालिका देवी का मंदिर आज के उज्जैन नगर में प्राचीन अवंतिका नगरी क्षेत्र में है। कालयजी कवि कालिदास गढ़कालिका देवी के उपासक थे। इस प्राचीन मंदिर का सम्राट हर्षवर्धन द्वारा जीर्णोद्धार कराने का उल्लेख मिलता है। गढ़कालिका के मंदिर में मां कालिका के दर्शन के लिए रोज हजारों भक्तों की भीड़ जुटती है। तांत्रिकों की देवी कालिका के इस चमत्कारिक मंदिर की प्राचीनता के विषय में कोई नहीं जानता, फिर भी माना जाता है कि इसकी स्थापना महाभारतकाल में हुई थी, लेकिन मूर्ति सतयुग के काल की है। बाद में इस प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार सम्राट हर्षवर्धन द्वारा किए जाने का उल्लेख मिलता है। वही स्टेट काल में ग्वालियर के महाराजा ने इसका पुनर्निर्माण करावाया था।

पुराणों के अनुसार सती के पिता दक्ष प्रजापति ने कनखल (हरिद्वार) में 'बृहस्पति सर्व' नामक यज्ञ करवाया था, जिसमें सभी देवताओं को तो बुलाया पर जान बूझकर अपने जमाता भगवान शंकर को इसमें आमंत्रित नहीं किया। जिसका सती ने विरोध किया। जिसको लेकर सती के पिता दक्षप्रजापति ने शिव को अपशब्द कहे जिससे दुखी होकर सती ने यज्ञ में अपनी ही आहुति दे दी। जिसके बाद शिव इतने क्रोधित हुए कि उन्होंने अपना तीसरा नेत्र खोलकर तंडव करना शुरू कर दिया। जिसके बाद मृत सती के शरीर को लेकर वह पूरे ब्राह्ममांड में घूमने लगे। सती के मृत शरीर के अंग जहां-जहां गिरे वहां वहां शक्तिपीठों की स्थापनी की गई। उज्जैन में शिप्रा नदी के तट के पास स्थित भैरव पर्वत पर मां भगवती सती के ओष्ठ गिरे थे। जिस कारण यहां शक्तिपीठ की स्थापना हुई। तांत्रिकों की देवी कालिका के इस चमत्कारिक मंदिर की प्राचीनता के विषय में कोई नहीं जानता, पर पुराणों में उल्लेख जरूर मिलता है।

यहां पर नवरात्रि में लगने वाले मेले के अलावा भिन्न-भिन्न मौकों पर उत्सवों और यज्ञों का आयोजन होता रहता है। मां कालिका के दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते है। यहां नवरात्री पर्व पर भक्तों की भीड़ और देवी दर्शन के लिए उज्जैन में नवरात्री की धूम मची हुई है। कोई भक्त ने उपवास रख कर माता की आराधना की है, तो कोई चप्पल छोड़कर अपना प्रण पूरा करता दिख जाएगा। यहां दोनों ही नवरात्री में गढ़कालिका मंदिर में मां कालिका के दर्शन के लिए रोज हजारों भक्तों की भीड़ जुटती है। मां गढ़कालिका पर भक्तों की श्रद्धा देखते ही बनती है। महाकवि कालिदास द्वारा रचित 'श्यामला दंडक' महाकाली स्तोत्र एक सुंदर रचना है। ऐसा कहा जाता है कि महाकवि के मुख से सबसे पहले यही स्त्रोत प्रकट हुआ था। यही नहीं उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय रूप से आयोजित होने वाले कालिदास समारोह के आयोजन के पूर्व मां कालिका की आराधना की जाती है। मां के 51 शक्तिपीठों में से एक उज्जैन का गढ़कालिका शक्तिपीठ जहां सारे भारत उपमहाद्वीप में प्रसिद्ध है, तो वही तंत्र विद्या की प्राप्ति के लिए भी इसका बड़ा महत्व है जहां पर बहुत दूर-दूर से तांत्रित सिद्धि हासिल करने लोग आते है। वही इस मंदिर में आने वाले श्रद्धालु कवि कालिदास के अनुरूप ज्ञान प्राप्ति की मां गढ़कालिका से मनोकामना करते है और अपने आप को इस दरबार में पाकर खुश होते है। श्रद्धालुओं की मने तो यहां आने के बाद उनके सभी कष्ट दूर हो जाते है।

# देवास में विराजती है होलकर और पंवार राजवंश की कुलदेवी, मन से मांगी हर मुराद होती है पूरी



**मध्यप्रदेश** में यूं तो शक्ति उपासकों के लिए कई शक्तिपीठ अलग-अलग जगहों पर विराजमान है, लेकिन इन्हीं में एक शक्तिपीठ ऐसा है जहां माता शक्ति के दो रूप विराजते है। यह शक्तिपीठ है, देवास नगर में स्वमंभू विराजी माता तुलजा देवी और चामुंडा देवी, जो दो बहिनों के रूप में विख्यात है। बडी बहिन माता तुलजा देवी और छोटी बहिन माता चमुंड़ा देवी। टेकरी पर दक्षिण दिशा की ओर मां तुलजा भवानी यानी बड़ी माता का मंदिर स्थित है। इतिहासकारों के मुताबिक यह मंदिर भी चामुंडा माता मंदिर के समकालीन है। मंदिर में तुलजा माता की आधी प्रतिमा (ऊपरी हिस्सा) है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां तुलजा और मां चामुंडा दोनों बहनें हैं। प्राचीन समय में यह मंदिर छोटा था, लेकिन अब यहां प्रशासन द्वारा काफी निर्माण कार्य करवाकर इसे दर्शनार्थियों के लिए सुविधाजनक बनाया गया है। मां टेकरी पर उत्तर दिशा की ओर मां चामुंडा का मंदिर है। यह देवास रियासत के राजाओं की कुलदेवी के रूप में पूजी जाती हैं। इतिहास में उल्लेखित जानकारी के अनुसार मां चामुंडा की प्रतिमा चट्टान में उकेरकर बनाई गई है। पुराविदों ने इस प्रतिमा को परमारकालीन बताया है।

ऐसी मान्यता है कि मां के दरबार में सच्चे मन से कोई भी मुराद मांगी जाए वह पूरी होती है। देवास स्थित टेकरी पर विराजमान माता तुलजा देवी और चामुंडा देवी, अपने वैभव और मराठी शासक होलकर तथा पंवार राजवंश की कुलदेवी के रूप में विख्यात है। देवास टेकरी पर स्थित मां तुलजा भवानी और उनकी छोटी बहिन मां चामुंडा भवानी स्वमंभू विराजमान है। विद्वानों की मानें तो देवी के 52 शक्तिपीठों में से एक मां चामुड़ा देवी और मां तुलजा देवी के इस स्थान को शक्तिपीठ के रूप में मान्यता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार ऐसा बताया जाता है कि देश के अन्य शक्तिपीठों पर माता के शरीर के हिस्से गिरे थे, लेकिन यहां टेकरी पर माता का रुधिर यानि रक्त गिरा था। इस कारण मां चामुंडा का प्राकट्य यहां हुआ। मां चामुंडा को सात माताओं में माना जाता है। तुलजा भवानी की स्थापना मराठी राज परिवारों ने करवाई थी। मराठी राजाओं की यह कुलदेवी मानी जाती हैं। यह दोनों माताएं सगी बहनों के रूप में पूजी जाती हैं। इसके साथ ही देवास के संबंध में एक और लोक मान्यता यह है कि यह पहला ऐसा शहर है, जहां दो वंश राज करते थे, पहला होलकर राजवंश और दूसरा पंवार राजवंश। बड़ी मां तुलजा भवानी देवी होलकर वंश की कुलदेवी हैं और छोटी मां चामुंडा देवी पंवार वंश की कुलदेवी। टेकरी में दर्शन करने वाले श्रद्धालु बड़ी और छोटी मां के साथ-साथ भेरूबाबा के दर्शन अनिवार्य मानते हैं। नवरात्र के दिन यहां दिन-रात लोगों का तांता लगा रहता है। इन दिनों यहां माता की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है।

देवास नगर का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष प्राचीन है। कहा जाता है कि देवास का नाम ही दो देवियों का वास से प्रचलन में आया है। ऊंचे भवन पर विराजित करोड़ों लोगों की आस्था का यह सदन बरसों पहले ऋषि-मुनियों की तपोस्थली भी रहा है। अभी तक मिले प्रमाणों के अनुसार पहाड़ी पर स्थित मां चामुंडा देवी की मूर्ति लगभग 10वीं शताब्दी की बताई जाती है। टेकरी पर एक सुरंग भी है जिससे करीब दो हजार साल पूर्व के इतिहास की जानकारी मिलती है। बताया जाता है कि यह उज्जैन और देवास के बीच गुप्त रूप से आने-जाने के लिए तैयार की गई थी। इस 45 किमी लंबी सुरंग का दूसरा छोर उज्जैन की भर्तहरि गुफा के पास निकलता है। किंवदंती कथा तो यह भी है कि उस समय उज्जैन के राजा भर्तहरि मां चामुंडा की आराधना के लिए यहां आते थे और यहां तपस्या कर चुके हैं। भर्तहरि, महाराजा विक्रमादित्य के भाई माने जाते है। हालंकि देवास स्थित टेकरी पर स्थित मां तुलजा और मां चामुंडा मंदिर की प्राचीनता का कोई प्रमाण नहीं है, लेकिन मान्यता है कि मंदिर अनादिकाल से है। लोक मान्यता है कि देवी मां के दोनों स्वरूप जागृत अवस्था में हैं। बड़ी मां तुलजा भवानी और छोटी मां चामुंडा देवी बहनें हैं।

एक किंवदंती के अनुसार ऐसा माना जाता है कि एक बार दोनों माताओं में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्साई दोनों माता टेकरी छोड़कर जाने लगीं। बड़ी मां पाताल में और छोटी मां टेकरी ने नीचे उतरने लगीं। माताओं को जाता देख उन्हें मनाने के लिए बजरंगबली और भेरूबाबा उनके पीछे चल दिए। जब हनुमानजी उनके पास पहुंचे तो उनका रौद्र रूप देख एक पल के लिए वे भी सहम गए। विनती के बाद दोनों माताएं मान गईं, लेकिन जब तक बड़ी मां का गुस्सा शांत होता उनका आधा धड़ पाताल में समा चुका था। वहीं छोटी माता टेकरी से काफी नीचे उतर आईं थीं, इस कारण बड़ी मां और छोटी मां उसी रूप में टेकरी पर विराजमान हैं। यहां चैत्र और शारदीय नवरात्री में तो भक्तों की भीड़ रहती ही है वही अन्य सामान्य दिनों में भी माता रानी के भक्तों का तांता यहां दर्शनों के लिए लगा रहता है। प्रसिद्ध देवास टेकरी माता मंदिर पर प्रात:काल से ही मां तुलजा देवी और मां चामुंडा भवानी के दर्शनों के लिए भक्तों की कतार लग जाती है। ऐसी मान्यता है कि माताओं की दोनों मूर्तियां स्वयंभू हैं और जागृत स्वरूप में हैं। साल में चैत्र और शारदीय नवरात्रि में देशभर से लाखों श्रद्धालु माता टेकरी पर आकर मां के दरबार में शीश नवाते हैं। सच्चे मन से मांगी गई मुरादें मां के दरबार में प्राचीन समय से पूरी होती आई हैं।

देवास स्थित मां तुलजा और चामुंड़ा माता की टेकरी पर मां के दर्शन के लिए बाहर से आने वाले भक्तों के लिए यहां का निकटतम हवाई अड्डा मध्यप्रदेश की व्यावसायिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर शहर में स्थित है। यह शहर राष्ट्रीय राजमार्ग आगरा-मुंबई से जुड़ा हुआ है। यह मार्ग माता की टेकरी के नीचे से ही गुजरता है। इसके निकटतम बड़ा शहर इंदौर है, जो यहां से मात्र 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इंदौर से आप बस या टैक्सी लेकर देवास जा सकते हैं। साथ ही यहां से प्राचीन और पौराणिक नगर तथा बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन भी 50 किलोमीटर की परिधि में है।

# अपने मन को साधें



**समृद्ध सेठ का कहना है कि यह हमारे ऊपर है कि हम किस प्रकार अपनी सकारात्मक प्रक्रियाओं को बढ़ाएं और छलांग लगाकर उसके इर्द-गिर्द काम करना आरंभ करें......**

**जितना** अधिक हम अनुत्पादक होने से भयभीत होते हैं और उतनी ही तेजी से हम एक ही राह पर निरंतर चलते जाने से डरते हैं, हम अक्सर खुद को पसीने के पूल में पाते हैं, इस पर विचार करते हुए कि किसी संभावित ढंग से इसे मोड़ने हेतु असलियत में दूसरे किसी तरीके से काम करते हुए, हमारे नकारात्मक विचारों के क्या परिणाम हो सकते हैं। हालांकि इसके कुछ खास आंतरिक अनुकूलन पहलू हैं, मगर बाहरी वातावरण का भी इस ढंग से हमारे दिमाग की बनावट पर गहरा और लंबे समय तक प्रभाव रहता है। सबसे पहले, महामारी से प्रेरित अनिश्चितता ने कार्य-जीवन की संतुलन रेखाओं के धुंधला होने के साथ गंभीर निहितार्थ प्रकट किए हैं। अप्रत्याशित भविष्य, संभावित बेरोजगारी, वायरस के कारण संभावित बीमारी, आर्थिक संकट और व्यक्तिगत रूप से हम पर इसका प्रभाव, महामारी के बीच पकड़े जाने के दौरान कई अन्य विचार हमारे दिमाग पर छाए रहे।

हालांकि, बाहरी प्रभाव यानी महामारी ने हमारे दिमाग को रचनात्मक रूप से सोचने से रोक दिया है, मगर सहज रूप से, शिथिलता एक सदियों पुरानी नमी है जो समय पर अपने लक्ष्यों तक पहुंचने की हमारी क्षमता को बाधित करती है। जैसा कि विफलताओं के बाहरी और आंतरिक दोनों विचार अंकुरित होते रहते हैं, ऐसे में जब असफलताओं की संभावनाओं के साथ एक गहरी सोच की तुलना में अधिक लक्ष्योन्मुख रहने के लिए अपने दिमाग को साधित करने की बात आती है, हम निश्चित रूप से अपने हाथों में लगाम ले सकते हैं।

हम संभावित रूप से प्रतिक्रिया करते हैं और परिणाम का अनुमान करते हैं जिसके आधार पर हम एक संभावित परिणाम के रूप में कल्पना करते हैं और यहीं पर हम किसी भी भ्रामक विचार को सबसे पहले अपने दिमाग में पनपने से रोक सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विफलताओं को परे रखने के लिए, परिवार, कार्यस्थल, बाहरी समाज और सबसे महत्वपूर्ण स्वयं अपने साथ समर्पित महसूस करने के लिए व्यक्ति बुद्धिमान दृश्य परिकल्पना तकनीकों में लिप्त हो सकता है। लक्ष्य-उन्मुख बने रहने का मतलब किसी निश्चित समय सीमा में चीजों को प्राप्त करना नहीं है, बल्कि समय-सीमा के भीतर लक्ष्य को कुशलता से प्राप्त करने के अनेक तरीकों का पता लगाना है। यह हमें रचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रेरित करता है, विभिन्न मार्गों को देखते हुए कि कैसे उत्कृष्टता प्राप्त करें, चाहे वह घर पर एक दैनिक काम हो या कार्यस्थल का कार्य जिसमें आप आज तक परेशान का सामना कर रहे थे।

अपनी स्मृति संरचना को पुन: संगठित करने की कुंजी परिणाम के विचार को त्याग रही है। वर्तमान में रहें, आप जो गतिविधि कर रहे हैं उसके लिए सबसे अच्छा करें और कार्रवाई को परिणाम प्रस्तुत करने दें। यह शालीनता के लिए कोई जगह नहीं छोड़ता। यदि कोई इस बात की चिंता करता है कि जो चीजें वे कर रहे हैं, उसके साथ क्या होगा, तो वे कभी भी संभावित रूप से उस अधिकतम क्षमता तक नहीं पहुंच पाएंगे जो वे संभवत: पा सकते थे। दूसरा, एक कल्पना महल बनाने पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यह एक यादगार इमारत है। यह उनके घर या विषय से जुड़ी इमारत हो सकती है। इस स्थान पर प्रत्येक कमरे या क्षेत्र की कल्पना करें, जिस पर वे काम कर रहे हैं। अपने विचारों को एक विशेष तरीके से अलग अलग विभागों में करने से हमें स्पष्ट सोच के माध्यम से ठोस समाधान तक पहुंचने में मदद मिलती है, न कि अनावश्यक विचार जो हमारे दिमाग को अनावश्यक रूप से संशयग्रस्त बनाते हैं। यह धीरे-धीरे भीतर से किसी भी भावनात्मक और मानसिक थकान को कम कर देता है और हमें यह सोचने के बजाय हल्का और अधिक समस्या-समाधान करने का एहसास कराता है कि हमारा जीवन कितना गड़बड़ है।

अनिश्चितता हमारी पिछली असफलताओं से उपजी है। विफलताएं हर समय होती रहती हैं, लेकिन हमेशा विफलताओं के बीच सफलता की एक लकीर भी रहती है। वास्तविक अर्थों में, विफलताएं हमेशा छिपी हुई एक सीख हैं। यह केवल हम पर निर्भर है कि हम अपनी सकारात्मक विचार प्रक्रियाओं को कैसे निर्धारित करें और संभावित विफलताओं के बारे में विचार करने के बजाए खुद को डुबो कर उसी के आसपास काम करना शुरू करें। यही है जीने का तरीका!

**- लेखक पास्ट इ्वेलर्स नामक किताब के लेखक हैं**